मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 145

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

facebook YouTube twitter

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com

जयपुर, गुरुवार, 17 अप्रैल, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित


12

### मुख्यमंत्री ने पुलिस स्थापना दिवस पर पुलिसकर्मियों को दी सौगातें

# भत्ता-मानदेय बढ़ा, सेमी डीलक्स बसों में निशुल्क कर सकेंगे यात्रा

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिसकर्मियों को मैस और वर्दी भत्ते में बढ़ोत्तरी और सेमी डीलक्स बसों में निशुल्क यात्रा की सौगातें दी हैं। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों के प्रमोशन के लिए जरूरी कदम उठाने का भरोसा भी दिलाया है।

पुलिस स्थापना दिवस पर बुधवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में परेड का निरीक्षण के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान पुलिस के जवानों का साहस, सेवा भावना और बलिदान अतुलनीय है। पुलिस की वर्दी सिर्फ एक कपड़ा नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी, एक वचन और जीवन का एक अर्थ है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी सही मायनों में समाज के असली नायक हैं। वे हर दिन, हर मौसम, हर चुनौती के बावजूद निरंतर सेवा में जुटे रहते हैं। हर संकट में सबसे पहले खड़े होकर जान-माल की सुरक्षा करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज का दिन प्रदेश के बहादुर पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। पुलिसकर्मी अपने जीवन को समाज की सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए समर्पित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कर्तव्य पथ पर अडिग रहते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पुलिस मॉडर्नाइजेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड बनेगा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि पुलिस आधुनिकीकरण एवं संबंधित आधारभूत संरचना के लिए 200 करोड़ रुपए का पुलिस मॉडर्नाइजेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड गठित किया जाएगा। साथ ही प्रदेश में कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए 10 हजार पदों पर भर्ती को स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं 5,500 नवीन पदों का सृजन किया गया है तथा इस वर्ष 3,500 नवीन पद सृजन प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि पद्मिनी कालीबाई व अमृतादेवी महिला पुलिस बटालियनों की स्थापना के लिए पदों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति तथा 500 कालिका पेट्रोलिंग टीम के गठन के लिए प्रथम चरण में एक हजार कांस्टेबल के नवीन पदों के सृजन की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है। शर्मा ने कहा कि पुलिस मोबेलिटी के लिए लगभग 750 मोटरसाइकिल एवं 500 हल्के वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं तथा आधुनिक उपकरणों के लिए 27 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं। 350 करोड़ रुपए की लागत से पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत सरदार पटेल सेंटर फॉर साइबर कंट्रोल एंड वार रूम की स्थापना की जाएगी।

### 'पुलिस-नागरिकों के बीच हो नियमित संवाद'

**शर्मा** ने कहा कि पुलिस और समाज एक-दूसरे के पूरक हैं। पुलिस और नागरिकों के बीच नियमित संवाद से आमजन में विश्वास के साथ अपराध पर प्रभावी नियंत्रण होता है। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत गांवों-मोहल्लों में बैठकें आयोजित की जानी चाहिए, जिससे लोगों को पुलिस के कार्यों को समझने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि पुलिस को स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक केंद्रों में जाकर कानून और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने की घोषणाएं

**मुख्यमंत्री** ने इस अवसर पर कांस्टेबल से सहायक उपनिरीक्षक तक के वर्दी भत्ते को 7 हजार रुपए से बढ़ाकर 8 हजार रुपए करने तथा पुलिस निरीक्षक तक के अधिकारियों का मैस भत्ता 2,400 रुपए से बढ़ाकर 2,700 रुपए करने की घोषणा की। शर्मा ने कांस्टेबल से पुलिस निरीक्षक तक के पुलिसकर्मियों को एक्सप्रेस श्रेणी की बसों के अतिरिक्त सेमी डीलक्स बसों में भी निशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को समय पर पदोन्नति देने के लिए हमारी सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी। हमारी सरकार पुलिसकर्मियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए कार्य करेगी।

### उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किए पदक

**समारोह** में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारी एवं कार्मिकों को पुलिस पदक तथा मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए गए। पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से प्रदेश में अपराधों पर नियंत्रण के साथ ही आमजन को राहत मिल रही है। उन्होंने बेहतर कानून व्यवस्था को लेकर बजट में की गई घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा- क्या हिंदू धार्मिक ट्रस्टों में मुस्लिमों को जगह देंगे

# वक्फ कानून पर तत्काल रोक से इनकार

### आज दोपहर 2 बजे होगी सुनवाई

महानगर संवाददाता




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दो घंटे सुनवाई हुई। इस कानून के खिलाफ 100 से ज्यादा याचिकाएं लगाई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन पर केंद्र से जवाब मांगा है, लेकिन कोर्ट ने कानून लागू होने पर तत्काल रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में देशभर में हो रही हिंसा पर चिंता जताई। इस पर कोर्ट ने कहा कि ऐसा नहीं लगना चाहिए कि हिंसा का इस्तेमाल दबाव डालने के लिए किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि हम इस पर फैसला करेंगे। सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ कानून के तहत बोर्ड में अब हिंदुओं को भी शामिल किया जाएगा। यह अधिकारों का हनन है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार है। हिंदुओं के दान कानून के मुताबिक कोई भी बाहरी बोर्ड का हिस्सा नहीं हो सकता है। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने पैरवी की। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रखीं। सुप्रीम कोर्ट अब गुरुवार दोपहर 2 बजे सुनवाई करेगा। सुनवाई में अपीलकर्ताओं ने वक्फ बोर्ड बनाने, पुरानी वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन, बोर्ड मेंबर्स में गैर-मुस्लिम और विवादों के निपटारों को लेकर मुख्य दलीलें दीं।

### मुजफ्फरपुर में दलित बस्ती में लगी आग, चार बच्चे जिंदा जले

**मुजफ्फरपुर (म.सं.)।** बिहार के मुजफ्फरपुर में बुधवार को एक दलित बस्ती के 50 से अधिक घरों में आग लग गई। हादसे में 4 बच्चों हो गई है। मृतकों में छोटू पासवान की बेटी अंशिका कुमारी (5), राज पासवान की बेटी ब्यूटी कुमारी (8), सृष्टि कुमारी (6), विपुल कुमार (10) शामिल हैं। वहीं 15 से 20 बच्चे आग से बचने के लिए इधर-उधर भाग गए। बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से हाई टेंशन तार गोलक पासवान के घर पर गिरा, जिसकी वजह से आग लगी। फिर देखते ही देखते पूरे झुग्गी इलाके में फैल गई।

## रणथंभौर में टाइगर ने किया 7 साल के बच्चे का शिकार

- गर्दन पर पंजा रखकर जंगल में बैठा रहा
- त्रिनेत्र गणेश के दर्शन करने आया था परिवार



**सवाईमाधोपुर (म.सं.)।** रणथंभौर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर बुधवार को झाड़ियों में छिपी बैठी बाघिन सुल्ताना ने करीब 7 साल के बच्चे को अपना शिकार बना लिया। बताया जा रहा है कि बूंदी जिले के गोहटा थाना देई खेड़ा निवासी द्वारका माली का पुत्र सुमन (7) अपनी दादी के साथ त्रिनेत्र गणेश के दर्शन कर लौट रहा था। टाइगर लोगों की भीड़ के बीच से उसे मुंह में दबोचकर जंगल में ले गया और वहां काफी देर तक उसकी गर्दन पर पंजा रखकर बैठा रहा। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने मंदिर जाने वाले सभी रास्ते बंद कर दिए। कार्तिक के चाचा दीपक के अनुसार कार्तिक और उसकी दादी के साथ वह त्रिनेत्र गणेश के दर्शन करके लौट रहे थे। रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर ट्रस्ट के प्रधान सेवक ने परिजनों को 1.50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

### भारत के 52वें चीफ जस्टिस बनेंगे जस्टिस बीआर गवई

**नई दिल्ली (म.सं.)।** देश के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने



अपने उत्तराधिकारी के रूप में जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई के नाम की सिफारिश की है। उनका नाम मंजूरी के लिए केंद्रीय कानून मंत्रालय भेजा गया है। इसके साथ ही गवई का देश का 52वां मुख्य न्यायाधीश बनना तय हो गया है। परंपरा है कि कानून मंत्रालय के आग्रह पर मौजूदा सीजेआई उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश करते हैं। मौजूदा सीजेआई खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो रहा है।





भारत की नंबर 1 स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल, पल्सर ने 2 करोड़ मोटरसाइकिल की बिक्री का कारनामा कर दिखाया है और अब हम इसका जश्न मना रहे हैं! अपने ग्राहकों का आभार व्यक्त करने के लिए हम पेश कर रहे हैं ऐसे स्पेशल दाम जो पहले कभी न देखे गए. **तो आइए और पल्सरमेनियाक्स की गैंग में शामिल हो जाइए.**

डाउन-पेमेंट शुरू ₹5 139/-*

| | 125 NEON | 125 CARBON FIBRE | N160 TWIN DISC | N160 USD |
|---|---|---|---|---|
| बचत | ₹1 184/- | ₹2 000/- | | ₹5 530/- |
| स्पेशल क़ीमत (बचत के बाद) | ₹84 493/-* | ₹91 565/-* | ₹1 23 720/-* | ₹1 37 952/-* |

*एक्स-शोरूम क़ीमत

pulsar
DEFINITELY DARING

72198 21111 | BAJAJ SECURE -AMC- ROAD SIDE ASSISTANCE

*नियम और शर्तें लागू. *एक्स-शोरूम क़ीमत दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स के लिए है. क़ीमत संशोधन बनाम दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स की एक्स-शोरूम क़ीमत 31 मार्च 2025 के अनुसार. *पल्सर 125 नियॉन के लिए डाउन-पेमेंट मार्जिन मनी है। मार्जिन मनी में DCC शुल्क, प्रोसेसिंग फीस, अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं और यह क्रेडिट मापदंडों की पूर्ति पर आधारित है. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd. Jaipur:** • **Ajmer Road, Purani Chungi** PL BAJAJ 7374003036/35 • **Govind Marg Tiraha, Rajapark** JM Bajaj 8233900581 • **Tonk Phatak, Tonk Road** JM Bajaj 8233700581 • **Sikar Road, Dher ke Balaji** ML BAJAJ 9057097777• **Sanganer,** JM Bajaj : 9950872222 • **Jhotwara,** ML Bajaj 9928047234 • **MI Road,** JM Bajaj 9119370581 • **Pratap Nagar,** JM Bajaj 7737107779 • **Mansarovar,** JM Bajaj 8740997308 • **Kotputli:** SANU BAJAJ 9982391391 • **Chomu** LAXMI BAJAJ 9829210417 **Sikar:** J.M. BAJAJ **9829219003** • **Jhunjhunu** J.M. BAJAJ **9785538377** • **Churu Pankha Road** SAMRAT MOTORS 9461236566 • **Bikaner:** GANPATI BAJAJ 8000360655, 0151-2945514 • **Nagaur** RATHI BAJAJ 9414118589 • **CHARBHUJA BAJAJ 9649820087** • **Kishangarh:** PAWANSUT BAJAJ 01463-252627 • **Beawar** SHREE GANPATI BAJAJ **7976122011** • **Nagaur** RATHI BAJAJ 9414118589 • **Makrana** SHEIKH BAJAJ 9680996407. **Bhilwara:** SANDEEP BAJAJ 9413314425 • **Chittorgarh** SURENDRA BAJAJ 9413315832 • **Pratapgarh:** SHREE KRISHNA BAJAJ 9251248002 • **Pali** VEERPRABHU BAJAJ 7230046501. **Authorised Service Centre: Jagatpura** 9928488510 • **Jorawar Singh Gate** 9828111129 • **Hathoj** 9928119199 • **Kalwar** 9829523816 • **Goliyawas** 9772472000 • **Vatika** 9929113475 • **Kanota** 9610451480 • **Sarna-Doongar** 8209301092 • **Daulatpura** 9928370983 • **Achrol** 9414335864 • **Manoharpur** 9462604900 • **Jamwaramgarh** 9929018108 • **Andhi** 9602665562 • **Chaksu** 9314935690 • **Tunga** 9828860106 • **Phagi** 9667871667 • **Govindgarh** 9829517764 • **Khejroli** 9414782766 • **Kaladera** 8741015036 • **Kishangarh renwal** 9928882764 • **Bagru** 9413341967 • **Dudu** 9982198893 • **Malpura** 9929583595 • **Kakod** 9783084398 • **Nagarfort** 9001400588 • **Niwai** 9929179673 • **Sikandra** 9414035814 • **Nangal** 9462511511 • **Lalsot** 9414035651 • **Mahwa** 9413381450 • **Bandikui** 9460331449 • **Gangapur City** 9530160777 • **Nadoti** 9414860708 • **Hindaun City** 9079084992 • **Karauli** 9414033941 • **Toda Bheem** 9461109501 • **Danta** 9887627046 • **Mandrella** 9829227852 • **Sujangarh** 9414402288 • **Fatehpur** 98292859350 • **Sardarshahar** 7737710123 • **Shri Madhopur** 9530165273 • **Reengus** 9928237709 • **Losal** 9509725500 • **Khatu Shyam Ji** 9460167226 • **Chirawa** 9829227115 • **Pilani** 9829199976 • **Navalgarh** 9414836368 • **Surajgarh** 9413366025 • **Gudha** 9982910180 • **Taranagar** 9414894100 • **Rajgarh** 9413366025 • **Sultana** 9828950340 • **Singhana** 8561893461 • **Sewadbari** 9783508264. • **Mandawa** 9672941155 • **Palsana 9413672378** • **Nokha** 9252401717 • **Lunkaransar** 9529806776 • **Khajuwala** 9887340329 • **.Merta City** 9414118016 • **Kuchaman** 9414433165 • **Didwana** 9414548402. • **Ladnu** 9828659690.**Bijaynagar** 9414556622 • **Pushkar** 8094742929 • **Pisagan** 9982237791 • **Arain** 9929599508 • **Kekri** 9214035008 • **Masuda** 9928109800 • **Khinwsar** 9413169119 • **Degana** 9511573034 • **Thanwala** 9460316055 • **Gotan** 9414118554 • **Kuchera** 9887656574 • **Merta City** 9414118016 • **Kuchaman** 9414433165 • **Didwana** 9414548402 • **Ladnun** 9828659690 • **Bandhanwara 7976586550** Kotri 9829300595 • **Mandal** 9828360242 • **Raipur** 9772987230 • **Mandalgarh** 9414686446 • **Gangapur** 9783859809 • **Bijoliya** 9460966887 • **Asind** 9413357319 • **Raila** 9414112240 • **Gulabpura** 9214599362 • **Bagor** 9461222099 • **Shahpura** 9214583170 • **Mangalwar** 8696070768 • **Kanera** 9468660753 • **Begun** 9414730813 • **Chhoti Sadri** 9928071505 • **Nimbahera** 7737544598 • **Dungla** 9460363215 • **Kapasan** 9414645003 • **Badi Sadri** 9571762113.

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# नया कानून गरीब मुसलमानों के अधिकारों की रक्षा करने वाला : शर्मा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी की वक्फ सुधार जन जागरण अभियान की प्रदेश कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नया वक्फ कानून गरीब मुसलमानों, महिलाओं और अन्य वर्गों के अधिकारों की रक्षा करने वाला है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों की आदत हो गई है कि वे हर अच्छे कार्य का विरोध करते हैं और समाज में अफवाह फैलाते हैं। उन्होंने समाज में सीएए को लेकर भी



मुसलमानों की नागरिकता समाप्त हो जाएगी, जैसी बेबुनियाद अफवाह फैलाई थी, आज वे लोग कहा हैं। ऐसी ही अफवाह वक्फ कानून के खिलाफ फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जो देश और समाज के लिए घातक है।

उन्होंने कहा कि पहले किसी भी संपत्ति पर वक्फ का दावा कर दिया जाता था, गरीब अपने अधिकार के लिए लड़ भी नहीं सकता था। अब उसे 90 दिन के लिए नोटिस दिया जाएगा और वह अपने अधिकारों की रक्षा करने में समृद्ध होगा। इससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा, अवैध दावें रुकेंगे और संपत्तियों के प्रमाणीकरण से उनका उपयोग नियमानुसार सुनिश्चित कराया जाएगा। इससे होने वाली आय को मुस्लिम समुदाय पर खर्च किया जाएगा, जिसका लाभ गरीब मुसलमानों को मिलेगा।

## मोदी के शासनकाल में मुसलमानों की हुई तरक्की : मदन राठौड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि नया कानून मुस्लिमों के कल्याण के लिए है। इससे गरीब मुसलमानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि कांग्रेस सहित विपक्षी नेताओं के भ्रामक प्रचार का सकारात्मक पक्ष रखते हुए माकूल जवाब दें। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेसी दुष्प्रचार करते थे कि भाजपा आएगी तो मुसलमानों को खा जाएगी, आज 11 साल के शासन में मुसलमानों की तरक्की हुई है और उन्हें प्रत्येक योजनाओं का लाभ मिला। कांग्रेस एवं अन्य दलों के लिए मुसलमान वोट का औजार है, जबकि भाजपा के लिए मुसलमान देश के सम्मानित नागरिक हैं। इसलिए मोदी कहते हैं कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है, तो समाज का कोई भी वर्ग विकास में अपनी भागीदारी से पिछड़ना नहीं चाहिए।

## कांग्रेस नेताओं ने मुसलमानों को केवल वोट बैंक माना : अग्रवाल

भारतीय जनता पार्टी की वक्फ सुधार जन जागरण अभियान की प्रदेश कार्यशाला को संबोधित करते हुए अभियान के राष्ट्रीय संयोजक एवं भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने 65 साल तक मुसलमानों को केवल वोट बैंक माना और उनकी बेहतरी के लिए कोई कार्य नहीं किया। कांग्रेस के राज में मुस्लिम सिर्फ मोची, पेंटर, दर्जी, बैंड बाजा बजाने वाला और पंचर निकालने वाला बनकर रह गया। वहीं भाजपा के महज 11 साल के कार्यकाल में केंद्रीय नौकरियों में 5 प्रतिशत के मुकाबले 9.5 प्रतिशत भागीदारी मुस्लिम वर्ग से है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक मानती है, वहीं भाजपा गर्व और स्वाभिमान के साथ अपने आप को भारतीय कहने वाले नागरिक के रूप में उनको खड़ा करना चाहती है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता हर मुस्लिम व्यक्ति से संपर्क करेंगे और उन्हें बताएंगे कि 1 लाख करोड़ रुपए से प्रतिवर्ष वक्फ की कमाई होने लगेगी, तो उनके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसे नए विकास के द्वार खुलेंगे।

### कार्यशाला में ये नेता रहे मौजूद

कार्यशाला में भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, कानून मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, राजेंद्र गहलोत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। इससे पूर्व अभियान के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। मंच संचालन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने किया। धन्यवाद ज्ञापित हमीद खान मेवाती ने किया।

## सहकारी बैंकों में बढ़ाए जा सकते हैं भर्ती के पद



- शासन सचिव मंजू राजपाल ने मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना के प्रचार के लिए कहा
- ब्याज अनुदान योजना में 95 प्रतिशत से कम वसूली वाले प्राथमिक भूमि विकास बैंकों को नोटिस

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सहकारी बैंकों में प्रभारी अधिकारियों की भर्ती की गई है, लेकिन परिणाम जारी होने से पहले पदों में 50 प्रतिशत तक का इजाफा और हो सकता है, ऐसे में प्रक्रियाधीन भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। इसके साथ ही काम को सुचारू संभालने के लिए इंटर्न्स की भर्ती की जा सकती है।

सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने जब बुधवार को सहकारिता विभाग के सभी बैंकों की मीटिंग ली तो यह जानकारी भी सामने आई। दूसरी ओर मंजू राजपाल ने कहा कि सहकारी भूमि विकास बैंकों के ऋणों के लिए लाई जा रही मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 का लाभ सभी लोगों तक पहुंचे, इसके लिए योजना का प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके साथ ही योजना के शत प्रतिशत वसूली का लक्ष्य हासिल किया जाए। राजपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 का वित्त विभाग की ओर से अनुमोदन कर दिया गया है। शुरुआत से ही प्रचार-प्रसार कर योजना की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए, ताकि वे योजना से लाभान्वित हो सके। बैठक में भूमि विकास बैंक के अधिकारियों ने बताया कि योजना का पोर्टल तैयार किया जा चुका है। कॉल सेंटर की स्थापना कर सभी व्यक्तियों को कॉल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी 36 प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों में प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। प्रमुख शासन सचिव ने भूमि विकास बैंकों के कम्प्यूटराइजेशन के कार्य में गति लाने के लिए कहा। वहीं, भूमि विकास बैंकों में भर्ती के बिन्दु पर समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि नियमानुसार भर्ती का परिणाम जारी होने से पूर्व पदों में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की जा सकती है। ऐसे में प्रक्रियाधीन भर्ती से ही पदों को भरने पर विचार किया जाए।

राजपाल ने ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत 95 प्रतिशत से कम वसूली करने वाले प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक के अधिकारियों को नोटिस जारी करने के लिए कहा। दूसरी ओर राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के प्रबंध निदेशक जितेन्द्र प्रसाद ने बताया कि ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत नियमित खातों में लक्ष्य का 91.04 प्रतिशत वसूला जा चुका है।

### राजधानी के जेके लोन व सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय में गर्मी से बचाव के लिए तैयारी नहीं पूरी

# बच्चों और प्रसूताओं के अस्पतालों में गर्मी से हाल बेहाल

- लू-तापघात एवं मौसमी बीमारियों को लेकर चिकित्सा विभाग का ये कैसा अलर्ट?
- अस्पतालों में एसी/कूलर व पंखों के मेंटिनेंस का काम ही पूरा नहीं
- चिकित्सा मंत्री के आदेशों पर गंभीर नहीं अस्पताल प्रबंधन





किड्स जोन व परिसर के अंदर गर्मी से बेहाल मरीज के परिजन)

हरीश भामणिया

महानगर ग्राउंड रिपोर्ट

**जयपुर।** प्रदेश में गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले सप्ताह अधिकतम तापमान 41 डिग्री पार पहुंच गया। आने वाले दिनों में गर्मी के तेवर ज्यादा बढ़ेंगे। इसी बीच राजधानी में बच्चों और प्रसूताओं के अस्पतालों में गर्मी से बचाव के लिए माकूल व्यवस्थाओं को लेकर लापरवाही देखने को मिली है। महानगर संवाददाता ने मंगलवार को राजधानी में बच्चों के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल जेके लोन व सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में गर्मी से बचाव के लिए मौजूद व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इन अस्पतालों के कई वार्डों में अव्यवस्थाएं देखने को मिली। कुछ अस्पतालों में तो अभी गर्मी से बचाव के संसाधनों का मेंटिनेंस का काम ही पूरा नही हुआ है। हालांकि वार्डों में पंखे व एसी की स्थिति सामान्य मिली। सबसे बुरा हाल इन अस्पतालों में मरीज के परिजनों के ठहरने के स्थानों पर देखने को मिली। यहां ठहरने वाले परिजनों के लिए कोई माकूल व्यवस्थाएं नहीं है। **प्रस्तुत है एक रिपोर्ट..।**

### जेके लॉन अस्पताल : किड्स जोन में ना पंखे-ना कूलर, वेटिंग हॉल में गर्मी से बेहाल लोग

जेके लोन अस्पताल में भर्ती बच्चों के परिजनों के ठहरने व उनके साथ आने वाले बच्चों के ठहरने के लिए बनाए गए किड्स जोन में समस्याओं का अंबार है। यहां कुछ परिजन अपने बच्चों के साथ ठहरे हुए दिखे, लेकिन गर्मी से बचाव के लिए किड्स जोन में किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं है। फर्श पर कई प्रसुताएं गर्मी से बेहाल सोती मिलीं। यहां ठहरे मरीजों के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है और जल्द से जल्द सुविधाएं सुधारने की मांग की है।

### सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय : अव्यवस्थाओं की फोटो लेनी चाही तो गार्ड ने टोका



महिला चिकित्सालय के परिसर के अंदर गंदगी, गार्ड की मौजूदगी में खुले में खाना वितरण व वेटिंग हाल के पंखे खराब।





संवाददाता ने सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में गर्मी से बचाव के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हालांकि प्रसूताओं के वार्डों में फिलहाल पंखों की व्यवस्था सुचारू है, लेकिन कूलर इत्यादि को चालू नहीं किया गया है। अस्पताल परिसर में बन रही नई बिल्डिंग के पास वाले गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने संवाददाता को गंदगी व अव्यवस्थाओं की फोटो लेने से रोक दिया। यहां गेट पर ही मरीज के परिजनों को खुले में खाना वितरित किया जा रहा था। पास ही गंदगी पड़ी मिली। पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया गया। अस्पताल परिसर में मरीजों के ठहरने वाले लॉज में पंखे काफी ऊंचाई पर लगे हैं। यहां ठहरे लोगों के गर्मी से बुरा हाल देखा गया। समय पर कचरा संग्रहण ना होने से गंदगी के ढेर लगे हैं।

### सरकारी डिस्पेंसरियों में दवा काउंटरों पर पंखे बंद

वैशाली नगर, परिवहन नगर, हसनपुरा व झोटवाड़ा की सरकारी डिस्पेंसरियों में दवा काउंटरों पर दवा लेने आए मरीजों का गर्मी से बुरा हाल है। दवा काउंटरों के बाहर लंबी लाइन में मरीज धूप में खड़े नजर आए। यहीं नही यहां पेयजल की माकूल व्यवस्थाएं नहीं की गई है।

### चिकित्सा मंत्री के आदेश भी दरकिनार

पिछले दिनों चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सरकारी अस्पतालों में गर्मी से बचाव के लिए अधिकारियों को माकूल इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। मंत्री ने मरीज के परिजनों के ठहरने वाले स्थानों पर गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए थे, लेकिन मंत्री के इन आदेशों को अब तक अमल में नहीं लाया गया है।

### गायत्री राठौड़ ने भी दिए थे सुधार के निर्देश

चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने पिछले दिनों दो अलग-अलग बैठकें लेकर चिकित्सा संस्थानों में जांच, उपचार एवं छाया-पानी के माकूल इंतजाम के निर्देश दिए थे। प्रमुख शासन सचिव ने अस्पतालों में उपलब्ध वाटर कूलर, पंखें, कूलर, एसी आदि की आवश्यकतानुसार खरीद की जाए तथा जरूरत अनुसार मेंटीनेंस कराए जाने के निर्देश भी दिए थे। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को समय-समय पर पानी एवं खाद्य पदार्थों के नमूने लेने एवं आमजन को जागरूक करने के भी निर्देश दिए थे।

## आरयूएचएस हॉस्पिटल के कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. महेन्द्र कुमार बैनाड़ा निलंबित

### जयपुरिया हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. महेश मंगल को अतिरिक्त चार्ज सौंपा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (आरयूएचएच) हॉस्पिटल के कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. महेन्द्र कुमार बैनाड़ा को सरकार ने पद से हटा दिया है। उनकी जगह जयपुरिया हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. महेश मंगल को अतिरिक्त चार्ज सौंपा है।

जानकारी के अनुसार काम में लापरवाही और विभागीय कार्यवाही के चलते ये कार्रवाई की गई है। इसके अलावा माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट के सहायक प्रोफेसर डॉ. जितेन्द्र पंडा को भी पद से निलंबित किया है। मामला वीआरवी एसी के मेंटिनेंस के काम में लापरवाही से जुड़ा है। शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंचने के बाद चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार से मामले को दिखवाने के निर्देश दिए गए, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई। प्राथमिक जांच में पता चला कि मेंटिनेंस करने वाले कॉन्ट्रेक्टर को 9 माह से भुगतान नहीं किया जा रहा था, जिसके चलते एसी के मेंटिनेंस का काम बंद पड़ा था। इस कारण वार्डों और ऑपरेशन थिएटर में एसी बंद थे और इससे मरीज और स्टाफ को परेशानी हो रही थी। इस जांच के बाद प्रशासन ने वर्कशॉप इंचार्ज डॉ. जितेन्द्र पंडा को पद से निलंबित कर दिया। वहीं इस पूरे मामले में विभागीय जांच शुरू करते हुए अधीक्षक को भी पद से हटा दिया।

## जेकेके में रंगारंग म्यूजिकल प्रोग्राम का आयोजन

**जयपुर(मसं.)।** चित्रांश आर्ट एंड कल्चरल एकेडेमी फाउंडेशन के तत्वावधान में जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में एक रंगारंग म्यूजिकल प्रोग्राम 'मेरी आवाज ही पहचान है' सीजन-5 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जयपुर की नामचीन कलाकार स्मिता नवलखा ने अपने सह गायक राकेश श्रीवास्तव के साथ मिलकर अपने युगल गीत तेरे हाथों में पहना के चूड़ियां से श्रोताओं का मन मोह लिया।

## विकलांग नहीं अब दिव्यांग या विशेष योग्यजन कहना होगा

**जयपुर (मसं)।** सरकारी कामकाज में अब विकलांगों के लिए नई शब्दावली लागू कर दी गई है। सरकारी कामकाज, फाइलों, आदेशों आदि में अब इसी शब्दावली का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग ने इसके आदेश भी जारी कर दिए हैं।

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने बताया कि विकलांगों के लिए सरकारी कामकाज, फाइलों, पत्रों, आदेशों आदि में अब दिव्यांग या विशेष योग्यजन शब्द का इस्तेमाल होगा। इसी तरह विकलांगता के स्थान पर अब दिव्यांगता शब्द का इस्तेमाल करना होगा। इसी तरह निशक्त शब्द के स्थान पर दिव्यांगजन या विशेष योग्यजन, मानसिक विमंदित के स्थान पर बौद्धिक दिव्यांगता और गूंगा बहरा के स्थान पर श्रवणबाधित शब्दों का प्रयोग करना होगा। अंग्रेजी में यह शब्द इंटलेक्चुअल डिसअबेलिटी और हियरिंग इम्पेयर्ड होंगे। यह नई शब्दावली सभी आयोगों, बोर्ड आदि पर भी लागू होगी।

## अब माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में शुरू होगी रिचेकिंग

### दसवीं कक्षा के गणित के पेपर से शुरुआत करके अन्य विषयों पर पहुंचेंगे

**जयपुर (मसं)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर ने इस वर्ष से बोर्ड की परीक्षा में गणित विषय में रिटोटलिंग के साथ-साथ रिचेकिंग की व्यवस्था का भी प्रावधान प्रारंभ कर दिया है।

पहले इस बारे में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मीटिंग के दौरान यह बात कही थी। इसी संदर्भ में राजस्थान बोर्ड की ओर से आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार गणित विषय संख्या 9 में बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर रिटोटलिंग के साथ रिचेकिंग की जाएगी। यदि व्यवस्था गणित विषय में सफल रही तो आगामी वर्षों से सभी विषय में रिटोटलिंग के साथ रिचेकिंग का प्रावधान भी प्रारंभ कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कुछ समय पहले जब अजमेर में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का दौरा किया था, तो यह विचार किया गया था। इसी क्रम में कॉपी जांचने के इस प्रकार के नवाचार को अपनाया गया है।

**इनका कहना है**

यह अभी प्रायोगिक स्थिति में है, इसके नियम बनेंगे। बोर्ड की ओर से दसवीं की गणित में रिचेकिंग का प्रावधान किया जा रहा है। इसकी सफलता और ऑब्जेक्शन आने पर आगे बढ़ेंगे। इसके बाद अन्य सबजेक्ट पर यह अपनाया जाएगा।

- **कैलाश शर्मा,** सचिव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर

### खास खबर : पहली बार अब आरटीओ तय करेगा दर

# कैब कंपनियों के मनमाने किराए पर लगेगी लगाम

- आमजन को मिलेगी कृत्रिम महंगाई से राहत
- कैब चालक की कर सकेंगे शिकायत, सिस्टम किया जाएगा डवलप

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कई बार आपने देखा होगा कि कैब कंपनी के एप पर कुछ देर पहले जो किराया कुछ दिखा रहा था और कुछ मिनट बाद ही जब कैब बुक करने की प्रक्रिया शुरू की तो किराया बढ़ गया। अब जल्द ही इस मनमाना किराया तय करने की प्रक्रिया पर लगाम लगने वाली है। इसके लिए परिवहन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

दरअसल, परिवहन विभाग को आए दिन शिकायत मिल रही थी कि कैब कंपनियां और ऑटो चालक लोगों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। ऐसे में अब विभाग के निर्देश पर प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर प्रथम ने ऑटो और कैब का किराया निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में बुधवार को आरटीओ प्रथम कार्यालय में जयपुर शहर में संचालित हो रहे मंजीली वाहन, संविदा वाहन, बस, मिनी बस, ऑटो रिक्शा, टैक्सी, मैक्सी, एयरपोर्ट टैक्सी के लिए निर्धारित किराया सूची को रिवाइज्ड करने और यूनियन पदाधिकारियों से बात करने के लिए बैठक आयोजित की गई। इसमें सामने आया कि कैब कंपनियां मनमाना किराया लेकर आमजन पर मनचाही महंगाई का भार डाल रही हैं और इसके संबंध में शिकायत करने की प्रक्रिया भी कंपनियों के एप पर ही है। ऐसे में कैब यूजर्स की पर्याप्त सुनवाई नहीं हो पाती और कंपनियां इसका फायदा उठाकर




पीक ऑवर्स (सुबह और शाम 6 से 10 बजे तक) में मनचाहा किराया वसूल करती हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए अब कैब कंपनियों को भी निर्धारित किराये का पालन करना होगा। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो कंपनियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत के संबंध में सिस्टम बनेगा

डीटीओ प्रवर्तन नरेश पूनिया ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को कैब चालक या ऑटो चालक से कोई शिकायत है, तो इसके लिए शिकायत करने का सिस्टम डवलप किया जाएगा। इस पर भी विचार किया जा रहा है। ऐसा देखने में आया है कि अभी तक लोग इन टैक्सियों के एप पर ही शिकायत करते हैं, जो विभाग तक नहीं पहुंच पाती है।

### यूनियन पदाधिकारियों ने दिए प्रस्ताव

बैठक में विभिन्न टैक्सी यूनियन, स्टेज कैरिज व कॉन्ट्रैक्ट कैरिज यूनियन सहित टैम्पों संगठनों से जुड़े पदाधिकारी शामिल हुए, जिन्होंने किराया निर्धारित करने के लिए अपने-अपने प्रस्ताव विभाग को दिए हैं। ऑल राजस्थान टूरिस्ट कार एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दिलीप सिंह महरौली ने बताया कि किराया रिवाइज्ड हुए करीब 12 साल हो गए हैं, जबकि इस दौरान वाहनों पर लगने वाला टैक्स और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में काफी उछाल आया है। ऐसे में किराया बढ़ोतरी होना जरूरी है। प्राइवेट बस ऑपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा ने का कहना है कि डेढ़ रुपए प्रति सीट प्रति किलोमीटर की दर से किराया बढ़ाने का प्रस्ताव विभाग को दिया है।

आम जनता को मनमाने किराए से राहत देने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कैब कंपनियों में चल रही गाड़ियों के परमिट, कंडीशन, रजिस्ट्रेशन संबंधी जांच की जाएगी और यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो कार्रवाई होगी। रिवाइज्ड किराया सूची बनाकर मुख्यालय भेजी जाएगी।

- **राजेन्द्र सिंह शेखावत,** आरटीओ जयपुर प्रथम

### ऑटो यूनियन ने नहीं लिया हिस्सा

किराया निर्धारण को लेकर ऑटो रिक्शा यूनियन ने बैठक का विरोध किया। ऑटो रिक्शा से जुड़ी सभी सात यूनियन के पदाधिकारी बैठक में शामिल नहीं हुए। पिंकसिटी ऑटो चालक यूनियन के अध्यक्ष अमर सिंह चौहान का कहना है कि आरटीओ ने बैठक के बारे में सूचना नहीं दी। यदि बुलावा आएगा तो किराया सूची रिवाइज्ड करने संबंधी प्रस्ताव देने के लिए जाएंगे।

### नवाचार : पहली बार आरटीओ में शुरू होगी जनसुनवाई

आम जनता के लिए बड़ी राहत वाली खबर यह भी है कि आरटीओ प्रथम में अब आम जनसुनवाई शुरू होने वाली है। जनसुनवाई को नाम दिया गया है 'समस्या से समाधान'। अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक सोमवार 11 बजे से 12 बजे तक इस जनसुनवाई में सभी डीटीओ भी शामिल रहेंगे। जनता से प्राप्त सभी प्रकरणों को संपर्क पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज भी किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार दलाल सिस्टम होने के चलते आज तक परिवहन कार्यालयों में इस तरह की जनसुनवाई की व्यवस्था लागू नहीं हो पाई थी। आरटीओ प्रथम कार्यालय में पहली बार यह नवाचार शुरू होने जा रहा है। इसका फायदा ये होगा कि आमजन की समस्या का मौके पर ही निस्तारण होने में मदद मिलेगी।

### पूर्व मंत्री शांति धारीवाल और अन्य अफसरों से जुड़ा एकल पट्टा प्रकरण

# राज्य सरकार की रिवीजन याचिका वापस लेने वाली अर्जी पर बहस पूरी

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में बुधवार को पूर्व मंत्री शांति धारीवाल और अन्य अफसरों से जुड़े एकल पट्टा प्रकरण में राज्य सरकार की ओर से पूर्व में पेश रिवीजन याचिका को वापस लेने के प्रार्थना पत्र पर पक्षकारों की बहस पूरी हो गई है। सीजे एमएम श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र पर अपना फैसला बाद में देना तय किया है।

राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने बताया कि पूर्व में राज्य सरकार ने एसीबी कोर्ट में प्रार्थना पत्र पेश कर पूर्व आईएएस जीएस संधू सहित अन्य के खिलाफ लंबित मुकदमे को वापस लेने की गुहार की थी, जिसे एसीबी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। एसीबी कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में रिवीजन याचिका दायर की गई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने दलील दी कि अभियोजन वापस लेने का पूर्व का निर्णय औचित्यहीन है और मौजूदा राज्य सरकार आरोपियों के खिलाफ उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर केस को आगे बढ़ाना चाहती है। वहीं राज्य सरकार को यह अधिकार है कि यदि जांच में कोई कमी, गलती या जांच दोषपूर्ण है तो वह न्याय के लिए उस संबंध में पूर्व में लिए गए निर्णय पर भी पुनर्विचार कर सकती है। इसलिए उन्हें रिवीजन याचिका वापस लेने की मंजूरी दी जाए। इस दौरान आरोपी पक्ष की ओर से मामले की जांच के लिए हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस आरएस राठौड़ की कमेटी गठन पर भी सवाल उठाया गया।

गौरतलब है कि इस मामले में अदालत ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर करने वाले अशोक पाठक को हाईकोर्ट में पक्षकार बनाए जाने के मुद्दे पर भी फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल राज्य सरकार ने इस मामले में प्रार्थना पत्र पेश कर कहा है कि एसीबी कोर्ट के समक्ष दायर क्लोजर रिपोर्ट अधूरी व दोषपूर्ण साक्ष्यों पर की गई जांच के आधार पर पेश हुई थी।

इसके चलते ही पूर्व मंत्री शांति धारीवाल को राहत मिली थी। मामले में जांच के लिए गठित हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस आरएस राठौड़ की कमेटी ने भी मामले की समीक्षा में प्रारंभिक रिपोर्ट में कई गंभीर खामियां बताई हैं। इसलिए उन्हें रिवीजन याचिका को वापस लेने की मंजूरी दी जाए।

## डेजर्ट मेटियोरोलोजी एवं अनुसंधान विषय पर वर्कशॉप का आयोजन

- रेगिस्तान का स्वरूप बदला तो नहीं बनेंगे पश्चिमी विक्षोभ
- क्लाइमेंट चेंज को लेकर विशेषज्ञों ने किया मंथन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के रेगिस्तानी इलाकों में नहर के कारण सिंचित क्षेत्र बढ़ रहा है और यहां के स्वरूप में बदलाव हो रहा है। यह क्रम इसी तरह जारी रहा तो पश्चिमी विक्षोभ बनना बंद हो जाएंगे और बनेंगे तो कहर बरपाएंगे।

यह आकलन है भारत मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक एलएस राठौड़ का। जयपुर में बुधवार को मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर और भारत मौसम विज्ञान विभाग व बिरला वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में डेजर्ट मेटियोरोलोजी विषय पर आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा कि रेगिस्तानी इलाकों में पहले की तरह बरसात कम नहीं हो रही बल्कि बढ़ गई है। कहीं-कहीं पर तो रिकॉर्ड ही कायम कर दिया है। लेकिन अब जो रेगिस्तान का स्वरूप बदल रहा हैं, इससे अब या तो पश्चिमी विक्षोभ बनेंगे ही नहीं, क्योंकि गर्म हवा यहा मिलेगी नहीं और नमी के कारण दबाव तंत्र नहीं बन पाएगा और अगर बन गया तो वो कहर ही बरपाएगा। राठौड़ ने कहा कि थार का मरुस्थल विश्व का सबसे सघन आबादी के हिसाब से मरुस्थल हैं। इस आबादी से रेगिस्तान पर भी असर पड़ा है। आबादी के हिसाब से खेती भी बढ़ी है और खरीफ और रबी की फसल के उत्पादन में अंतर काफी कम हो गया है।

गौरतलब है कि रबी की फसल सिंचाई के बिना नहीं होती और खरीफ की फसल में सिंचाई की जरुरत नहीं होती। वो बरसात और उसके बाद होने वाली उमस से ही हो जाती है। रबी की फसल के लिए जो उपकरण काम में लिए जा रहे हैं चाहे जुताई के लिए हो या फिर सिंचाई के लिए वो इस बदलते हुए मौसम के लिए जिम्मेदारी का एक कारण माना जा सकता हैं। इनसे होने वाले प्रदूषण के कारण ही पिछले पांच साल में इस इलाके का तापमान औसतन 1.5 डिग्री बढ़ गया। यह चिंता का कारण है।

उन्होंने कहा कि यहां के निवासियों के लिए हमें इस तरह के संचार तंत्र डवलप करने होंगे कि वो सारी जानकारी यहां के निवासियों को दे सके। जैसे टिड्डियों को लेकर सेटेलाइट से यह पता चल जाता है कि अभी कहां पर बैठी हैं, कहां पर उनके अंडे हैं और एक दिन में किस दिशा में कितनी दूरी तय कर लेगी। इस हिसाब में हम ग्रामीणों को संदेश देते हुए टिड्डियों को खत्म कर सकते हैं। इसके लिए रडियों सेंटर भी बनाए जा सकते हैं।

# राजस्थान सरकार दो वर्षों में पूरी करेगी संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी परियोजना

### पिलानी में यमुना जल समझौते की डीपीआर को लेकर 20 अप्रेल को होगी बैठक

### भूमि अवाप्ति के कार्यों में समन्वय के लिए विशेषाधिकारियों की होगी नियुक्ति

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी (रामजल सेतु लिंक) परियोजना प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसके माध्यम से प्रदेश के 17 जिलों में पेयजल एवं सिंचाई के साथ ही इन जिलों में स्थापित होने वाले उद्योगों को भी आवश्यकता के अनुरूप पानी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि आगामी दो वर्षों में इस परियोजना को पूरा करने के लक्ष्य के साथ मिशन मोड पर कार्य किया जाए। राज्य सरकार इसके लिए संबंधित विभाग को मानव संसाधन, नियमों में सरलीकरण सहित अन्य सभी सहायता उपलब्ध कराएगी।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित जल संसाधन विभाग, इंदिरा गांधी नहर विभाग, सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि इस परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रत्येक 15 दिन में मुख्यमंत्री कार्यालय को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए एवं भूमि अवाप्ति के कार्यों में समन्वय के लिए विशेष रूप से अधिकारियों को नियुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने संशोधित पीकेसी ईआरसीपी परियोजना के पैकेज 1, 2 एवं 3 के अंतर्गत विवरण एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि परियोजना को त्वरित गति प्रदान करने के लिए प्रथम चरण में 9,600 करोड़ रुपए के कार्यों के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन पैकेजेज में भूमि अवाप्ति के अवॉर्ड, वन क्लीयरेंस एवं अन्य क्लीयरेंस के कार्य में गति लाई जाए। उन्होंने इस परियोजना में अब तक हो चुकी अधिगृहीत भूमि पर कार्य प्रारंभ करने का सुझाव दिया। साथ ही भूमि अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले लोगों के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था के निर्देश भी दिए।

#### 20 अप्रेल को होगी बैठक

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना जल समझौते के प्रथम चरण में ताजेवाला हैड से प्रदेश में जल लाने की प्रवाह प्रणाली के लिए संयुक्त डीपीआर बनाने पर सहमति बनी है। इसी क्रम में डीपीआर के लिए गठित संयुक्त टास्क फोर्स की पहली बैठक 7 अप्रेल को यमुनानगर में हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते की डीपीआर को लेकर संयुक्त टास्क फोर्स की दूसरी बैठक 20 अप्रेल को पिलानी में होगी। उन्होंने अधिकारियों को नक्शे एवं अलाइनमेंट की डिजाइन की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### 'ईसरदा पेयजल परियोजना जून तक हो पूरी'

सीएम शर्मा ने परवन वृहद् बहु-उद्देशीय सिंचाई परियोजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि परियोजना में बांध निर्माण कार्य एवं पाइपलाइन वितरण प्रणाली से लेकर डिग्गी एवं पंप हाउस कार्यों में गति लाई जाए। साथ ही उन्होंने धौलपुर लिफ्ट सिंचाई परियोजना एवं ईसरदा पेयजल परियोजना को जून में पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कालीतीर लिफ्ट परियोजना के डिग्गी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर इन्हें जल्द ही शुरू किया जाए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले लोगों को सहानुभूति के साथ पुनर्वास एवं उचित मुआवजा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। साथ ही अपर हाई लेवल कैनाल परियोजना, पीपलखूंट हाई लेवल कैनाल परियोजना, साबरमती बेसिन के अपवर्तन जल एवं देवास तृतीय एवं चतुर्थ परियोजना की समीक्षा की। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### गर्मी में सितम : बकाया भुगतान को लेकर पेयजल टैंकर चालकों ने नहीं किया काम, दोपहर बाद बनी बात

## पूरे शहर में आधा दिन टैंकर से होने वाली पेयजल सप्लाई ठप



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में गर्मी का सितम जोरों पर है। जयपुर शहर का अधिकतम तापमान जहां 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं दूसरी ओर तेज गर्मी में पानी की टैंकर सप्लाई ठप होने से आम जनता को पेयजल संकट से जूझना पड़ा। शहर में बुधवार को करीब 250 टैंकर खड़े रहे।

जानकारी के अनुसार, पिछले करीब 7 महीनों से जलदाय विभाग में पेयजल सप्लाई के लिए लगे टैंकर चालकों को समय पर भुगतान नहीं होने से करीब 250 टैंकर चालक हड़ताल पर चले गए। इसका खमियाजा जयपुर शहर की आम जनता को उठाना पड़ा। ज्यादा दिक्कत उन इलाकों में सामने आई, जहां पेयजल सप्लाई के लिए लाइन नहीं है या फिर जहां पेयजल की सप्लाई टैंकरों के जरिए ही की जाती है। ऐसे में लोगों को निजी टैंकर चालकों से महंगे दामों पर पानी के टैंकर डलवाने पड़े।

मामले में दोपहर बाद जलदाय विभाग के अधिकारियों से जब टैंकर चालकों की बातचीत हुई और उन्हें सकारात्मक आश्वासन मिला तब जाकर फिर से टैंकरों से पेयजल सप्लाई शुरू हुई। हालांकि, तब तक अधिकांश टैंकर चालक अपने घरों को जा चुके थे। उधर, टैंकर चालकों का कहना है कि हर बार केवल आश्वासन देकर ही उन्हें टालमटोल रवैया अपनाया जा रहा है। ऐसे में उन्हें अपनी बात उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए हड़ताल का सहारा लेना पड़ा।

> पिछले साल सितम्बर से लेकर मार्च तक पेमेंट बकाया चल रहा है। बार-बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उच्च अधिकारियों ने इसी महीने के अंत तक पेमेंट भुगतान करने की बात कही है।
>
> **- कन्हैयालाल शर्मा,** टैंकर संचालक

> पिछले कई महीनों से पेमेंट नहीं मिल रहा है। हर त्योहार पर इंतजार करते रहते हैं कि इस बार तो भुगतान मिल जाएगा, लेकिन निराशा ही हाथ लगती है। पेमेंट का भुगतान समय पर होना चाहिए, ताकि परिवार चलाने में दिक्कत ना हो।
>
> **- रमेश पोसवाल,** टैंकर चालक

> टैंकर संचालकों से बातचीत हो गई है, अब कोई दिक्कत नहीं है। आधे दिन बाद ही शहर में टैंकरों से होने वाली पेयजल सप्लाई शुरू कर दी गई थी।
>
> **- शुभांशु दीक्षित,** अतिरिक्त मुख्य अभियंता, जलदाय विभाग

## एसएमएस हॉस्पिटल में भेंट की देहदान वाहिनी



**जयपुर (म.सं.)।** रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन की ओर से बुधवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल को देहदान वाहिनी (एक मारुति वैन) भेंट की गई। क्लब अध्यक्ष दिनेश जैन और प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रमोद जैन ने बताया कि यह वैन स्वैच्छिक देहदान करने वाली पुण्य आत्माओं के पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान अथवा अन्य अस्पतालों से एस.एम.एस. हॉस्पिटल तक पहुंचाने में सहायक होगी। सचिव नरेंद्र मित्तल ने बताया कि देहदान वाहिनी को एसएमएस मेडिकल कॉलेज में क्लब के साथियों के द्वारा प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. दीपक माहेश्वरी, अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. राकेश जैन, राजस्थान मेडिकल कौंसिल अध्यक्ष डॉ. जगदीश मोदी, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. गिरधर गोयल, शरीर रचना विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश अरोड़ा की उपस्थिति में कॉलेज को भेंट की गई। कोषाध्यक्ष नीरज काला ने इस नेक कार्य के लिए वरिष्ठ रोटेरियन रो. नीरज नेहा गंगवाल का आभार जताया। इस दौरान रोटरीयन अशोक कोटलर, संजय अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, सुनील बिल्टीवाला, राजेश गंगवाल, नीरज कटारा, डॉ लक्ष्मीगोयल उपस्थित रहे।

# सफाई निरीक्षक पर पार्षद ने लगाए मारपीट व अभद्र व्यवहार के आरोप

- सफाई नहीं होने की शिकायत की थी
- घटना के बाद कई पार्षद व स्थानीय लोग पालिका कार्यालय के बाहर बैठ धरने पर

महानगर संवाददाता



**चाकसू।** चाकसू पालिका के वार्ड 13 से भाजपा पार्षद आशीष गुप्ता ने सफाई निरीक्षक सहित कुछ कर्मचारियो पर घर जाकर पत्नी के साथ अभ्रद व्यवहार करने सहित खुद के साथ मारपीट के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद कई पार्षद सहित स्थानीय लोग पालिका कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। पार्षद आशीष गुप्ता का आरोप है कि अपने घर के आस-पास साफ-सफाई नही होने की शिकायत बुधवार को पालिका ईओ बनवारीलाल मीणा से की थी, जिसके कुछ देर बाद ही सफाई निरीक्षक सहित दो अन्य कर्मचारी उनके घर पहुंचे और घर पर मौजूद पत्नी से मकान बनाने की निर्माण स्वीकृति के कागज मांगे और अभ्रद व्यवहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्नी के फोन पर सूचना देने पर वे घर पहुंचे, तो वहां मौजूद सफाई निरीक्षक ने उनसे पैसे की मांग की। जब स्वयं को पार्षद बताया तो मारपीट की गई। मामले में पार्षद आशीष गुप्ता द्वारा सफाई निरीक्षक के खिलाफ चाकसू थाने मे रिपोर्ट दी गई है। इस दौरान थाने के बाहर बड़ी संख्या में लोग इकठ्ठे हो गए। घटना के बाद पार्षद दिनेश शर्मा, ममता मीणा, विनोद सावरिया, विक्की सावरिया, भवानी लोधा, राधा देवी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष केदार शर्मा, पूर्व पार्षद केबी शर्मा, कामधेनू गौशाला अध्यक्ष रामवतार सैनी, कांग्रेस के हनुमान सैनी, रमन खण्डेलवाल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता व बड़ी संख्या मे वार्ड वासी पालिका कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और सफाई निरीक्षक के निलंबन की मांग पर अड़े रहे। उधर सफाई निरीक्षक की ओर से भी थाने में रिपोर्ट दी गई है।

**देर शाम भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिला पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल** त्न मामले को लेकर भाजपा पार्षदों के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठोड़ से मिलकर ईओ बनवारी लाल मीणा व सफाई निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है।

## गर्मियों में पर्यटकों को राहत, कल से सुबह 7 बजे खुलेगा आमेर महल

### सुविधाः आगामी वर्षों में भी 1 अप्रेल से 31 जुलाई तक लागू रहेगी यह व्यवस्था



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में बढ़ती गर्मी को देखते हुए पुरातत्व विभाग ने आमेर महल आने वाले पर्यटकों को बड़ी राहत प्रदान की है। यह राहत आमेर महल भ्रमण का समय परिवर्तन करके दी गई है। इसका फायदा यहां आने वाले पर्यटकों को मिल सकेगा। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धरेंद्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार 18 अप्रेल से 31 जुलाई तक आमेर महल सुबह 7 बजे से खोला जाएगा। ताकि पर्यटक भीषण गर्मी से बचते हुए ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन कर सकें। यह बदलाव सिर्फ इस साल के लिए नहीं, बल्कि आगामी वर्षों में भी 1 अप्रेल से 31 जुलाई तक लागू रहेगा। विभाग का उद्देश्य है कि पर्यटक गर्मी के कारण पर्यटन स्थलों से वंचित न रहें और उन्हें सुविधाजनक समय में ऐतिहासिक स्थलों को देखने और उनसे जुड़ने का अवसर मिल सके। आमेर महल अधीक्षक डॉ. राकेश छोलक ने बताया कि 18 अप्रेल से यहां पर्यटकों को सुबह 7 बजे से प्रवेश मिलेगा, जो कि पहले 8 बजे से मिलता था।

### खाद्य सुरक्षा योजना: 44 लाख से ज्यादा लाभार्थियों के हटाए गए नाम, नए जुड़े 19.70 लाख

# 17.52 लाख अपात्रों ने खुद छोड़ी, 27 लाख सरकार ने हटाए

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना के करीब चार करोड़ लाभार्थियों में 44 लाख से ज्यादा लाभार्थी कम हो गए हैं, हालांकि 19.70 लाख नए नाम भी जुड़े हैं। इससे सरकार को खाद्य सुरक्षा योजना और गैस सब्सिडी के पेटे लगभग 324 करोड़ रुपए की बचत हो रही है, वहीं अपात्र लोगों के हटने से नए पात्र लोगों को जुड़ने का मौका मिल रहा है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बुधवार को सचिवालय में जयपुर जिले में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक के बाद बताया कि सक्षम लोगों को खाद्य सब्सिडी छोड़ने के बारे में प्रेरित करने के लिए गत वर्ष शुरू किए गए गिव अप अभियान के तहत अब तक 17.52 लाख अपात्र लोगों ने स्वतः खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटवाया है। इस अभियान के माध्यम से अपात्रों द्वारा एनएफएसए से नाम हटाने के कारण प्रदेश सरकार को 324 करोड़ रुपए के राजस्व की बचत प्रतिवर्ष होगी। साथ ही संपन्न व्यक्तियों द्वारा खाद्य सब्सिडी छोड़ने से बचे हुए अन्न का वंचित पात्रों को खाद्य सुरक्षा देने में इस्तेमाल किया जा सकेगा। गोदारा ने कहा कि एनएफएसए से नाम हटवाने वाले संपन्न व्यक्ति मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना का लाभ भी नहीं ले सकेंगे। इससे राज्य सरकार को होने वाली बचत का भी उपयोग वास्तविक हकदारों के कल्याण के लिए किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हालांकि अभी भी बहुत लोग ऐसे हैं, जो सक्षम होने के बावजूद नाम नहीं हटवा रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खाद्य सब्सिडी के लिए लाभार्थियों की ईकेवाईसी की प्रक्रिया संपन्न करवा ली गई है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा 10 वर्ष की आयु तक के एवं 70 वर्ष की अधिक आयु के लाभार्थियों को ईकेवाईसी की बाध्यता से मुक्त रखने का संवेदनशील निर्णय लिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना करते हुए जिन लाभार्थियों ने 31 मार्च तक ईकेवाईसी सम्पन्न नहीं करवाई, उनका नाम भी एनएफएसए से हटाया गया है। ईकेवाईसी नहीं करवाने की वजह से 27 लाख से अधिक लाभार्थियों का नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटाया गया है। इससे बचने वाले अन्न का उपयोग नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा सूची से जोड़कर लाभान्वित करने में किया जाएगा।

#### वंचित लोगों को मिले लाभ

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर खाद्य सुरक्षा पोर्टल को पुनः प्रारंभ किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य खाद्य सुरक्षा से वंचित सभी पात्र लाभार्थियों को एनएफएसए से जोड़ना था। इसके तहत अब तक 19.70 लाख नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया है। इसी प्रकार गत वर्ष 12.95 लाख नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया था। वर्तमान सरकार द्वारा अपने कार्यकाल में अब तक लगभग 33 लाख नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा जा चुका है। साथ ही इन लाभार्थियों को मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत 450 रुपए में सिलेंडर तथा मां योजना के तहत निशुल्क उपचार से लाभान्वित किया जा रहा है।

## जिला कलेक्टर ने की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की समीक्षा

# 'अधिकारी आमजन की समस्याओं के निस्तारण में नहीं बरतें कोताही'



महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने कहा कि अधिकारी आमजन की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरते, यह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समस्याओं का उचित समयबद्ध त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी विभागीय योजनाओं में आवंटित लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि राज्य सरकार की मंशानुसार इन जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंच सके।

बैठक में जिला कलक्टर ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही फलैगशिप योजनाओं जैसे नवीन परिवारों को एनएफएसए से लाभान्वित करना, कुसुम योजना, संशोधित वितरण क्षेत्र योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत अवसंरचना मिशन, कर्म भूमि से मातृ भूमि अभियान, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0, अटल ज्ञान केन्द्र, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, अटल प्रगति पथ, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, मिशन हरियालो राजस्थान, जल जीवन मिशन, अमृत योजना, पंच गौरव योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना, नमो ड्रोन दीदी, सोलर दीदी, लखपति दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी एवं पशु सखी सहित अन्य योजनाओं की जिले में प्रगति की जानकारी लेते हुए प्रत्येक बिन्दु पर बेहतर प्रगति के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### पेयजल, विद्युत एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं पर की चर्चा

जिला कलेक्टर ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने हैंडपम्प मरम्मत करने एवं अवैध कनेक्शन पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने एवं जहां पानी की कमी हो वहां पर टैंकरों द्वारा पानी सप्लाई करने के निर्देश दिए। वहीं डिस्कॉम अधिकारियों से भीषण गर्मी के मद्देनजर विद्युत सप्लाई स्थिति एवं सप्लाई में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्राप्त विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग से जिले में गर्मी एवं मौसमी बीमारियों की स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त ओआरएस घोल, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# वार्ड परिसीमन में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

## जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दर्जनों कार्यकर्ता ने जताया विरोध



महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** नगर परिषद क्षेत्र में प्रस्तावित वार्ड परिसीमन को लेकर कांग्रेस पार्टी ने आपत्तियां जताई हैं। कांग्रेस के झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर वार्ड परिसीमन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया और इसे जनविरोधी व नियम विरुद्ध बताया।

अजमत अली ने कहा कि प्रस्तावित वार्ड परिसीमन में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की अनदेखी की गई है। नक्शों में न तो मुख्य और पुरानी सड़कों को सही तरीके से दर्शाया गया है और न ही जनगणना के तय ब्लॉक सीमाओं का पालन किया गया है। वार्डों को जिस प्रकार काल्पनिक रेखाओं के जरिए दर्शाया गया है, वह न केवल निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह जनता को गुमराह करने वाला कदम भी है।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित नक्शे में रोड नंबर 1, 2, 3, चूरू रोड, मंडावा रोड, सीकर रोड, बाकरा रोड, गुढ़ा रोड, इण्डाली रोड, भडूण्दा रोड, समसपुर व बगड़ रोड, मण्ड्रेला और मलसीसर रोड जैसे शहर की पुरानी आबादी वाले क्षेत्रों को सही तरह से नहीं जोड़ा गया है। वार्ड संख्या 22, 27, 28, 29, 54, 59 को सड़कनुमा बनाया गया है, जबकि वार्ड संख्या 30 से 47 तक को पॉकेटनुमा बनाकर दिशा-निर्देश संख्या 6 का उल्लंघन किया गया है।

विरोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि वार्डों का गठन 2001 की जनगणना ब्लॉकों के आधार पर किया गया है, जबकि 2011 की जनगणना के अनुसार वार्डों का पुनर्गठन किया जाना चाहिए था। इससे स्पष्ट है कि राज्य सरकार के मौजूदा आदेशों की अनदेखी की गई है।

वार्ड संख्या 36 को लेकर विशेष आपत्ति जताई गई, जहां ब्लॉक संख्या 106 को दो भागों में विभाजित कर अन्य वार्ड संख्या 35 के आंशिक भाग को इसमें जोड़ दिया गया है। इससे क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति बिगड़ गई है। साथ ही वार्ड संख्या 40 व 17 में भी ब्लॉक को पूर्ण रूप से नहीं जोड़ा गया, जिससे जनसंख्या असंतुलन और भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। अजमत अली ने बताया कि प्रस्तावित परिसीमन में न तो पुलिस थानों की सीमाओं का ध्यान रखा गया है और न ही सड़कों व इलाकों की भौगोलिक सच्चाई को। इससे वार्डों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

विरोध प्रदर्शन में पूर्व चेयरमैन तैयब अली, पूर्व प्रतिपक्ष नेता जुल्फिकार खोखर, राकेश झाझरिया, पार्षद प्रदीप कुमार सैनी, उमर कुरैशी, जुबेर सय्यद, अब्दुला अगवान, आजम भाटी, मनोज सैनी, राजकुमार डीगवाल, ताराचंद सैनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 'मंत्री आपके द्वार' के तहत कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने शेरपुर, उलियाना एवं चकेरी गांवों में की जनसुनवाई

# कई स्थानों पर हैंडपंप लगाने व सड़कों की मरम्मत की घोषणा

## टाइगर हमले में मृतक की पत्नी को दी 5 लाख की आर्थिक सहायता

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** कृषि, उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने बुधवार को 'मंत्री आपके द्वार' जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत शेरपुर, उलियाना एवं चकेरी गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान करवाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की कृषि, उद्यानिकी, विद्युत, शिक्षा सहित अन्य विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए आमजन को अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

जनसुनवाई के दौरान कृषि मंत्री ने गर्मी के मौसम में किसी भी गांव को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए विधायक कोष से विभिन्न स्थानों पर बोरिंग, हैंडपंप लगवाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने चकेरी गांव में 10 लाख रुपए की लागत से हथाई छतरी का निर्माण करवाने, 10 लाख रुपए की लागत से सड़कों की मरम्मत कराने की घोषणा भी की।

इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन करवाने, ग्राम पंचायत खिलचीपुर में लाइब्रेरी खुलवाने, आम रास्तों से अतिक्रमण हटवाने, ट्रांसफार्मर लगवाने, विद्युत कनेक्शन करवाने, झरेटी नाले पर छोटी लाइन को बड़ी करवाने, मकान की छत से गुजर रही विद्युत लाइन को शिफ्ट करवाने, मुख्य सड़कों एवं खेत के बीच से विद्युत पोल हटवाने, बिजली बिलों की त्रुटियों का समाधान कराने, बैरवा बस्ती में पानी समस्या का समाधान करवाने, गौशाला के लिए भूमि आवंटन करवाने सहित अनेक प्रकरण प्राप्त हुए। उन्होंने सभी प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान कृषि मंत्री के विशेष प्रयासों से जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 400 केवी जीएसएस एवं 132 केवी जीएसएस स्वीकृत करवाने के संबंध में ग्रामीणों ने मंत्री का अभिनंदन किया।



### उलियाना में स्वास्थ्य केन्द्र एवं विद्यालय का किया लोकार्पण

मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने ग्राम उलियाना में 1 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उलियाना का लोकार्पण किया। उन्होंने रा.उ.मा. विद्यालय उलियाना का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। इस दौरान मंत्री ने ग्राम पंचायत उलियाना में टाइगर हमले में मृतक भरतलाल मीणा की आश्रित पत्नी प्रसादी देवी एवं पुत्र विजय मीणा को राहत स्वरूप 5 लाख रुपए की नगद सहायता राशि प्रदान की। इस दौरान कृषि मंत्री ने ग्राम पंचायत उलियाना में आयोजित पद दंगल कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बल्कि ढोल बजाकर और पदों की कथा सुनते हुए स्वयं भी नृत्य कर जनमानस के साथ अपने सरोकार को प्रदर्शित किया।

### आज यहां होगी जनसुनवाई

उन्होंने बताया कि 17 अप्रेल को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक सूरवाल, दोपहर 12:15 से अपरान्ह 3 बजे तक अजनोटी, सायं 4 से 6 बजे तक लोरवाड़ा माताजी का स्थान, सायं 6:30 बजे सीनोली में मंत्री आपके द्वार जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# राजस्थान पुलिस दिवस धूमधाम से मनाया

## रक्तदान शिविर सहित कई कार्यक्रम आयोजित





महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के तहत पुलिस लाइन जैसलमेर में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस के जवानों, स्थानीय कलाकारों एवं पुलिस परिवार के छात्र/छात्रओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जवानों के परिवारों ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जैसलमेर, महानिरीक्षक बीएसएफ, जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जैसलमेर ने पुलिस जवानों के होनहार बच्चों को उनके शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय अंक एवं उच्च स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। अन्त में जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी ने समस्त जवानों एवं उनके पुलिस परिवारों को सम्बोधित किया। उनकी हौसला अफजाई की तथा समस्त जवानों को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस की बधाई देते हुए हर वक्त अपने कर्तव्य का पालन करने के लिए तत्पर रहने की बात कही।

### क्विज के विजेताओं को किया सम्मानित

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के तहत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 30 विद्यालयों के 143 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को नगद रिवॉर्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### पुलिस लाइन में हुआ सेरेमोनियल परेड का आयोजन

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के तहत जिला पुलिस द्वारा पुलिस लाइन जैसलमेर के परेड ग्राउण्ड में सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी ने परेड की सलामी ली। परेड का नेतृत्व सुरजाराम निपु थानाधिकारी पुलिस थाना सम द्वारा किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर ने पुलिस विभाग में बेदाग सर्विस पूर्ण करने वाले 95 पुलिस कर्मचारियों को उत्तम सेवा चिन्ह से नवाजा तथा सम्मानित होने पर सभी को बधाई दी। जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर द्वारा पुलिस लाइन, परिसर जैसलमेर में पौधरोपण कर वृक्षों की महता एवं पर्यावरण को हरा भरा बनाए रखने में भूमिका के बारे में जानकारी दी तथा पुलिस लाइन परिसर स्थित डिस्पेन्सरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

# जिला कलेक्टर ने बामनवास में मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने बुधवार को पंचायत समिति बामनवास की ग्राम पंचायत डाबर एवं बाढ़ मोहनपुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत संचालित विभिन्न कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने कार्य स्थलों पर श्रमिकों की उपस्थिति, उनके लिए छाया एवं पेयजल, मेडिकल जैसी मूलभूत सुविधाओं, कार्य की गुणवत्ता, निर्धारित समय सीमा के अनुसार प्रगति तथा संपूर्ण कार्य प्रणाली की जांच की। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला कलेक्टर ने विकास अधिकारी बामनवास को निर्देश दिए कि मनरेगा के अंतर्गत संचालित सभी कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता, उत्तरदायित्व तथा श्रमिकों के समय पर भुगतान की सुनिश्चितता हो। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत डाबर में मेट को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को प्रदान किए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सुनील कुमार मीना, विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार मीना, तहसीलदार बामनवास, एमआईएस मैनेजर थानवेंद्र अग्रवाल, जीटीए लोकेश शर्मा, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी ने परिंडे बांधकर की अभियान की शुरुआत

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था के तहत बुधवार को उड़ान समूह ने परिण्डा अभियान प्रारंभ किया।

अभियान की शुरुआत कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने उपनिदेशक उद्यान, फूल उत्कृष्टता केन्द्र कार्यालय में पांच परिण्डे बांधकर की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कार्यालय के कर्मचारियों से परिण्डों में नियमित रूप से पानी भरने की सलाह दी।



पार्षद एवं समाजसेवी नीरज मीना ने बताया कि उड़ान समूह द्वारा गर्मी के मौसम मे परिण्डा अभियान गत आठ वर्षों से लगातार संचालित किया जा रहा है।

# सीएम भजनलाल शर्मा के झुंझुनूं दौरे को लेकर हुई बैठक

महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 20 और 21 अप्रेल को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में जिला कलेक्टर मीणा ने सुरक्षा व्यवस्था एवं सभी पहलुओं पर चर्चा की। गौरतलब है कि 20 अप्रेल को सीएम भजनलाल शर्मा का मंडावा, मुकुंदगढ़, झुंझुनूं व पिलानी में दौरा प्रस्तावित है।



वहीं 20 अप्रेल को रात्रि विश्राम पिलानी में करने के बाद 21 अप्रेल को मलसीसर दौरा प्रस्तावित है।

## फागी कस्बे में कई समस्याओं को लेकर लोग परेशान, जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी तक नहीं करते सुनवाई

# विकास का नहीं नाम, आए दिन लगता है जाम

महानगर संवाददाता

**फागी।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का क्षेत्र होने के बावजूद फागी कस्बे के निवासी जाम और टूटी सड़कों सहित अन्य समस्याओं से परेशान हैं। यह समस्या आज की नहीं है, वर्षों से लोग यहां विकास की राजनीति का शिकार हो रहे हैं। किसी भी पार्टी की सरकार आए, जनप्रतिनिधियों द्वारा हर बार विकास के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर कार्य शून्य। कस्बे की मुख्य समस्या जाम की है, जहां मुख्य बाजार से गुजर रहे भारी वाहनों के चलते आमलोगों के साथ-साथ यहां खरादारी करने आने वाले लोग भी परेशान हैं, जिनको अपने वाहन खड़े करने को तक जगह तलाशनी पड़ती है।

व्यापार महासंघ फागी के प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने बताया कि इस विषय में जनप्रतिनिधियों के साथ ही स्थानीय अधिकारियों, पुलिस तथा उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती है। आमजन की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। यही नहीं कस्बे में कानून व्यवस्था चौपट है। मुख्य बाजार में जाम लगने से बाहर के एवं स्थानीय राहगीरों को गंतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए काफी समय लग जाता है। जाम में कई बार एंबुलेंस, पुलिस सहित प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियां भी फंसी हुई देखी जा सकती है, इसके बावजूद आज तक किसी ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं किए।





गोधा ने बताया कि उच्च अधिकारियों से कई बार बाजार में यातायातकर्मी लगाने के लिए गुहार कर चुके हैं, लेकिन इस पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई है। स्वयं राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा इसी क्षेत्र के निवासी हैं, बावजूद फागी कस्बा आज भी विकास के मामले मे उपखंड मुख्यालय कम, किसी गांव सा नजर आता है। लोगों का कहना है कि बाजार में मुख्य रोड पर अतिक्रमण के चलते भी हाल बेहाल हैं।

कानून व्यवस्था की अनदेखी के चलते बाजार में जगह-जगह ट्रक, ठेले, बस, टेंपो खड़े रहते हैं, जिससे आवागमन पूरा अवरुद्ध रहता है। लोगों ने उप मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक उच्चाधिकारियों से फागी कस्बे की यातायात, सड़क, अतिक्रमण सहित अन्य समस्याओं के शीघ्र निराकरण की ओर ध्यान आकृष्ट किए जाने की मांग की है।

# विवेकानंदपुरम को मिली सौगात

**सवाई माधोपुर (मसं)।** कृषि, उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने बुधवार को सवाई माधोपुर के रणथम्भौर रोड स्थित विवेकानंदपुरम में 32.05 लाख रुपए की लागत से सड़क मरम्मत एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।




कृषि मंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य से ग्राम हिम्मतपुरा, नयापुरा एवं समीपस्थ विद्यालयों के विद्यार्थियों और ग्रामीणों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी। निर्माण के पूर्ण होने के पश्चात इन क्षेत्रों के नागरिकों को मुख्य मार्ग से सुगम और सुरक्षित संपर्क मिलेगा, जिससे विशेष रूप से विद्यार्थियों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि सड़क और नाली निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग रही है, जिसे आज पूरा करते हुए मुझे अत्यंत संतोष हो रहा है।

इस अवसर पर तहसीलदार विनोद शर्मा, यूआईटी एक्सईएन अमित गोयल, पूर्व सभापति राजेश गोयल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सत्संग आत्मसात होने से मिटती है जीवन की व्यथा : प्रभाकांत तिवारी

## पंचमुखी महादेव मंदिर में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में संगीतमय प्रवचन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** विश्व शांति और राष्ट्र जागरण के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आगरा रोड स्थित ग्रीन पार्क पंचमुखी महादेव मंदिर में गुरुवार से होने वाले 24 कुंडीय शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ की पूर्व संध्या पर बुधवार को संगीतमय प्रवचन हुए। शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रभाकांत तिवारी ने सत्संग की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि सत्संग की महिमा अपरम्पार है। सत्संग का लाभ तुरंत मिलता है। दूसरों का मारकर परिवार का पेट भरने वाले डाकू अंगुलीमाल ने नारद का सत्संग किया तो ब्रह्मर्षि वाल्मीकि बन गए। रामबोला ने पत्नी का सत्संग सुना तो गोस्वामी तुलसीदास बन गए। उन्होंने कहा कि जब भी सत्संग का अवसर मिले तो सत्संग अवश्य सुने, सुनकर समझे और समझकर आत्मसात करें। तब सत्संग व्यथा मिटाने का कार्य करेगा। इस दौरान उद्गाता बंधुओं ने प्रज्ञागीतों की सरस प्रस्तुतियां देकर माहौल का सरस बना दिया। प्रारंभ में देवमाता गायत्री, पं. श्रीराम शर्मा आचार्य, भगवती देवी शर्मा का पूजन किया गया। इसके बाद महाआरती हुई। कार्यक्रम का संचालन मणिशंकर पाटीदार ने किया।



### आज देंगे यज्ञ देवता को आहुतियां

कार्यक्रम संयोजक अनिल खंडेलवाल ने बताया कि गुरुवार, 17 अप्रेल को सुबह आठ बजे से देव पूजन और गायत्री महायज्ञ होगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां प्रदान करेंगे। इसी दिन दोपहर दो से शाम पांच बजे तक कार्यकर्ता गोष्ठी और संगीतमय प्रवचन होंगे। 18 अप्रेल को सुबह आठ बजे से गायत्री महायज्ञ और विभिन्न संस्कार कराए जाएंगे। दोपहर दो से शाम पांच बजे तक संगीतमय प्रवचन होंगे। शाम सात से रात्रि नौ बजे तक राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ होगा। 19 अप्रेल को सुबह आठ बजे से गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होंगे। गुरु दीक्षा संस्कार विशेष रूप से कराया जाएगा। नशा मुक्ति संकल्प के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। दोपहर एक बजे शांतिकुंज से आई टोली की विदाई होगी।

# महाराजा भवानी सिंह की पुण्यतिथि पर लगाए परिंडे



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्राचीन सांस्कृतिक केन्द्र श्री गैटेश्वर कला संस्थान की ओर से महाराजा सवाई भवानी सिंह की पुण्यतिथी पर बुधवार को ऐतिहासिक गैटोर की छतरियां स्थित उनके स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। संस्था के मंत्री ओ पी चांडक ने बताया कि बेजुबान पक्षियों के लिए गैटोर की छतरियों मे परिंडे बांध कर आस पास के क्षेत्र मे इस अभियान की शुरुआत की गई। सदस्यों ने परिंडों में रोज पानी डालने और इनके रख रखाव का संकल्प लिया। इस मौके पर भक्ति संगीत का भी आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में ज्योतिषाचार्य सत्यवीर भारद्वाज, राधेश्याम गौतम, आशीष भट्ट, हनी व्यास, अशोक चांवरिया, धीरज चौईथानी, किशन महाराज, राम चरण शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जयपुर मैटल्स एंड इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड पीड़ित संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर मैटल्स एण्ड इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड पीड़ित संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति के संयोजक दिलीप व्यास ने राजस्थान की पूर्ववती सरकारों पर आरोप लगाया कि विगत 25 वर्षों से पीड़ित और बेरोजगार हुए हजारों मजदूरों और कार्मिकों की पीड़ा और वेदना को किसी भी सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया। इन पूर्व मंत्री, कई सरकारी अधिकारी, जयपुर मैटल्स के भ्रष्ट नेता भी जयपुर मेटल्स एण्ड इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, जयपुर के मजदूरों एवं श्रमिकों को दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर किया।

जयपुर मैटल्स एण्ड इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, जयपुर पीड़ित संघर्ष समिति ने पूर्व में इस बाबत एसीबी और सहकारिता विभाग में इनके विरूद्ध शिकायत कर रखी है। उस पर भी आज दिनांक तक कोई निस्तारण नहीं किया जा रहा है। राजस्थान उच्च न्यायालय से सीबीआई जांच के आदेश के बावजूद आज तक भी जयपुर मेटल्स के गबन-घोटालों तथा फर्जीवाड़ों का सार्वजनिक खुलासा तथा इसके जिम्मेदार लोग बेनकाब नहीं हुए।

**मानवाधिकारों से जुड़ा है मामला:** बैठक में राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद, भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र ताम्बी ने कहा कि यह प्रकरण सबसे अधिक मजदूरों के संवैधानिक अधिकारों और मानवाधिकारों से सीधे तौर पर जुड़ा है। सरकारी प्रबंधन में संचालित उपक्रम मे गबन, घोटाले एवं घाटे के जिम्मेदारों पर आज तक कोई जाचं और कार्यवाही न होना तथा अनैतिकताकतों का बचाव हो रहा है। निर्दोष और बेबस मजदूर और कार्मिक परिवार दशको से पीड़ित हो रहे है तथा न्याय की हत्या हो रही है। इससे सिविल सोसायटी भी व्यथित है।

**बैठक में ये रहे उपस्थित :** बैठक में बिजेन्द्र सिंह, जीवनराम चौधरी, गुरूदयाल चौधरी, श्रवण कुमावत, सुरेश चन्द सैनी, के.बी.शर्मा, सुरेश राजपूत, थॉमस, उमेश नारायण सक्सेना, मोहनलाल, भंवर, घनश्याम चौधरी, जगदंबा प्रसाद, परवेज खान, युसुफ, पी.एल. मेहरा, अनिल कुमार, मोहनलाल शर्मा, राधामोहन यादव, गिरधारी सिंह, संजय छाबड, संदीप सक्सेना, पूरण मेहरा सहित अन्य कार्मिक एवं श्रमिक उपस्थित रहे।

# मलमास खत्मः फिर गूंजी शहनाई लौटी बाजारों की खोई हुई रौनक

## छह जुलाई तक चलेगा मांगलिक आयोजनों का पहला चरण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सूर्य की राशि बदलने के बाद शादियों सहित मांगलिक आयोजनों का दौर एक बार फिर शुरू हो गया है। बुधवार को विवाह की शहनाई सुनाई दी। नवसंवत्सर के बाद शुरू होने वाले विवाह आयोजन में 22 सावे ऐसे है जो मुहूर्त के हिसाब से है और 5 अबूझ सावे ऐसे है जिनमें विवाह आयोजन हो सकेंगे। 14 अप्रेल से 6 जुलाई तक 82 दिनों में 28 विवाह मुहुर्त रहेंगे। इसके अलावा 10 मुहूर्त ऐसे है जिसमें गृह प्रवेश, गृहारंभ, यज्ञोपवीत सहित अन्य मांगलिक कार्य भी भी रहेंगे। ये सभी मुहूर्त 6 जुलाई तक रहेंगे। इसके बाद 1 नवंबर को देव शयन को चले जाएंगे।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 14 अप्रेल को ग्रहों के राजा सूर्यदेव ने राशि परिवर्तन कर लिया है। सूर्यदेव ने मीन राशि को छोड़कर अपनी न उच्च राशि मेष में प्रवेश कर किया है। जिसके साथ ही मलमास समाप्त हो गया है। जिससे वैवाहिक एवं मांगलिक आयोजन का पहला चरण शुरू हो गया है। जो 6 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश, गृहारंभ, यज्ञोपवीत जैसे मांगलिक कार्य शुरू हो गए है। इस बार दोष रहित 10 रेखा के 2 सावे रहेंगे। 9 रेखा के 2 सावे, 8 रेखा के 6 सावे और 7 रेखा के 8 सावों पर वैवाहिक आयोजन हो सकेंगे। नवसंवत्सर के बाद अप्रेल माह से 6 जुलाई तक 22 सावे अलग अलग रेखीय रहेंगे और 6 सावे अबूझ रहेंगे। जिसमें अक्षय तृतीया और पीपल पूर्णिमा का सावा महत्वपूर्ण है।



### 14 जून को होंगे गुरु अस्त, इस बीच अबूझ मुहूर्त

डॉ. मिश्रा ने बताया कि 14 जून को गुरु अस्त अर्थात तारा लगने से एक बार फिर मांगलिक कार्य पर रोक लग जाएगी। गुरु अस्त 7 जुलाई तक रहेगा। लेकिन इस बीच 5 स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त रहेंगे जिससे मांगलिक कार्य हो सकेंगे। 30 अप्रेल को आखातीज यानी अक्षय तृतीया का अबूझ सावा होगा। दूसरा 5 मई को जानकी नवमी पर रहेगा। 12 मई को वैशाखी पूर्णिमा यानी पीपल पूर्णिमा का अबूझ सावा रहेगा। इसके बाद 5 जून को गंगादशमी, 4 जुलाई को भड़ल्या नवमी और इसके बाद 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी का अबूझ मुहूर्त होगा।

छह जुलाई को देवशयनी एकादशी के बाद देवता शयन को चले जाएंगे। विवाह और मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाएगी जो एक नवंबर को देव प्रबोधिनी यानी देवउठनी एकादशी से शुरू होगा।

### ये बन रहे हैं विवाह के शुभ मुहूर्त:

अप्रेलः 16, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 29, 30
मईः 1, 5, 6, 7, 8, 13, 15, 17, 18, 19, 24, 28 जूनः 1, 2, 4, 7, 8, 9

### नवरात्र के बाद बाजारों में रौनक

नवरात्र के बाद बाजार एक बार फिर चमक उठा है। क्योंकि खरमास खत्म होने के साथ अब मांगलिक कार्यक्रमों विवाह, सगाई, मुंडन संस्कार सहित अन्य आयोजन होने के कारण बाजारों में खरीदारी भी दिखाई देने लगी है। रेडिमेड कपड़ों के साथ ज्वेलरी एवं किराना बाजार में बिक्री दिनों दिन बढ़ेगी। इसके लिए कारोबारियों ने भी अपने स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। कारोबारियों का कहना है कि नवरात्र के बाद अब अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है।

### विवाह के लिए मुहूर्त सबसे जरूरी

ज्योतिषाचार्य पं. सुरेन्द्र गौड़ ने बताया कि हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार खरमास के दौरान कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य करना वर्जित माना जाता है। अप्रेल में 9, मई में 12 और जून में 6 दिन सावे हैं। इसके बाद चातुर्मास लग जाएगा। शादी-विवाह के लिए शुभ मुहूर्त का होना बड़ा महत्वपूर्ण होता है। वैवाहिक बंधन को सबसे पवित्र रिश्ता माना गया है। इसलिए इसमें शुभ मुहूर्त का होना जरूरी है। शादी के शुभ योग के लिए नौ ग्रहों में बृहस्पति, शुक्र और सूर्य का शुभ होना जरूरी है। रवि-गुरु का संयोग सिद्धि दायक और शुभ फलदायी होते हैं। इन तिथियों पर शादी-विवाह को बेहद शुभ माना गया है। जब भी ग्रहों का गोचर या चाल बदलती है तो इसका शुभ-अशुभ प्रभाव सभी राशि के लोगों पर रहता है।

# जानकी नवमी पर 5 मई को होगा सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन

## अब तक 47 जोड़ों ने कराया पंजीयन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सेवा भारती समिति जयपुर की ओर से 14वां श्रीराम जानकी सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन जानकी नवमी पांच मई को अंबावाड़ी स्थित उच्च माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित किया जाएगा। इसमें 51 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 47 जोड़े तय हो गए हैं। विवाह योग्य लड़के-लड़की का पंजीयन सेवा सदन, विरासत होटल के सामने वाली गली, सहकार मार्ग जयपुर में करा सकते हैं। गत वर्ष भी 47 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ था।

वैशाख कृष्ण दशमी 23 अप्रेल बुधवार को गणपति निमंत्रण होगा। शेष सभी कार्यक्रम विवाह के दिन संपन्न होंगे। श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के संयोजक नवल बगड़िया, अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश भारती, गिरधारी लाल शर्मा, मंत्री हनुमान सिंह भाटी, कोषाध्यक्ष हरिकृष्ण गोयल सहित अन्य पदाधिकारी विवाह की तैयारियों में जोर-शोर से जुटे हुए हैं। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि विवाहित जोड़ों को मौके पर ही विवाह प्रमाण पत्र बनाकर दिया जाएगा।

### मिलेंगे उपहार-सरकारी प्रोत्साहन राशि

प्रति जोड़े को राज्य सरकार की ओर से 21 हजार रूपए की एफडीआर दी जाएगी। अनुसूचित जाति-जनजाति से अंतरजातीय विवाह करने वाले जोड़े को दस लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। प्रत्येक जोड़े को सोने की लौंग, चांदी की पायल, बिछिया, बर्तन सैट, बख्शा, पंखा, कूकर, प्रेस, सिलाई मशीन, डबल बैड, गद्दे, तकिया, कंगन सैट सहित अनेक उपहार प्रदान किए जाएंगे।

# महापौर सौम्या गुर्जर ने किया वैष्णो देवी की पदयात्रा का पोस्टर विमोचन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जय मां वैष्णो देवी सेवा समिति सांगानेर के तत्वावधान में वैष्णो देवी की 29वीं विशाल पदयात्रा 20 अप्रेल को रवाना होगी। ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर व फैशन डिजायनर हंसा राठौड़ ने नगर निगम कार्यालय में यात्रा के पोस्टर का विमोचन किया। समिति के संस्थापक नारायण लाल राजोरिया ने बताया कि पदयात्रा 20 अप्रेल को सुबह 9.15 बजे सांगानेर से रवाना होकर दोपहर 2.15 बजे मोती डूंगरी गणेश मंदिर से कटरा जम्मू के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर नारायण लाल राजोरिया,गोपाल माली, पत्रकार व्रिकम सिंह तंवर, दीपक सैनी, विजय राठौड़,कमल डोरवाल, दुर्गालाल नाराणियां राधाकिशन गुर्जर पूरण सिंह पटेल आदि उपस्थित रहे।

# गोविंददेवजी मंदिर में संस्कारोत्सव 20 को, भारतीय संस्कृति के अनुसार जन्मदिन संस्कार मनाएंगे

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पाश्चात्य संस्कृति के अनुसार केक काटकर और मोमबत्ती बुझाने के बजाय भरतीय संस्कृति के अनुसार जन्मदिन संस्कार मनाने की परम्परा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में रविवार, 20 अप्रेल को सुबह आठ से दस बजे तक संस्कारोत्सव-2025 का आयोजन किया जाएगा। इसमें जन्मदिन संस्कार को भारतीय तरीके से मनाने पर जोर दिया जाएगा। प्रायोगिक रुप से कई लोगों का जन्मदिन संस्कार मनाया भी जाएगा। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में होने वाले संस्कारोत्सव को गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली संपन्न कराएंगी। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इस मौके पर नौ कुंडीय निशुल्क गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। जो लोग मंदिर में अपना जन्मदिन संस्कार कराना चाहते हैं वे मोबाइल नंबर 9828019916 पर निशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। यह संस्कार पूरी तरह निशुल्क होगा। किसी भी तरह के सामान लाने की आवश्यक्ता नहीं है। गायत्री परिवार राजस्थान के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि गायत्री परिवार की ओर से सभी संस्कार शक्तिपीठों पर यज्ञ के साथ कराए जाते हैं। गोविंद देवजी मंदिर में भी हर रविवार को जन्मदिन और विवाह दिवस संस्कार मनाने का क्रम शुरू किया है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए।




### ऐसे मनाएंगे जन्म दिन संस्कार

सर्व प्रथम मानव देह प्राप्त होने का महत्व बताया जाएगा। इसके बाद पंच तत्व पृथ्वी, जल, आकाश, अग्नि और वायु का पूजन करवाया जाएगा। नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विशेष आहुतियां प्रदान करवाई जाएंगी। उपस्थित लोग पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। गायत्री परिवार की ओर से निशुल्क उपहार प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर भविष्य में केक काटकर, मोमबत्ती बुझाकर जन्मदिन नहीं मनाने का संकल्प कराया जाएगा।

हजरत बाबा शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती का पांच दिवसीय उर्स मेला

# बुलंद दरवाजे पर झंडे की रस्म के साथ ताला उर्स मेला आज से

**जमवारामगढ़ (मसं)।** सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल ताला गांव में पहाड़ी पर स्थित हजरत बाबा शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर 17 अप्रेल से शुरू होने वाले 5 दिवसीय सालाना उर्स का आगाज गुरुवार को दरगाह के बुलंद दरवाजे पर झंडा रस्म के साथ होगा। दरगाह कमेटी सदस्य उर्स की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।



दरगाह कमेटी ने बताया कि 17 अप्रेल को पहाड़गंज जयपुर व भीलवाड़ा से आने वाले जायरीन का जत्था बाण गंगा नदी पुलिया पर नमाज अदा कर जुलूस के रूप में दरगाह पहुंचेगा। इसके बाद वहां बुलंद दरवाजे पर झंडे की रस्म के साथ उर्स मेला शुरू होगा। उर्स की व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी सतर्क हैं। ताला सरपंच अमीर खान शेख व दरगाह खादिमान ने बताया कि मेले की व्यवस्थाओं को लेकर दरगाह कमेटी जुटी हुई है। दरगाह खादिमान ने बताया कि शुक्रवार को जुम्मे की नमाज बाद शाम को मिलाद शरीफ, तकरीर व कव्वाली कार्यक्रम आयोजित होगा। 19 अप्रेल को ईशा की नमाज के बाद मिलाद-ए-पाक एवं महफिले शमा कार्यक्रम होगा। देश-प्रदेश के मशहूर कव्वाल बाबा की शान में कलाम पेश करेंगे। 20 अप्रेल सुबह 10 से 11 बजे तक कुल की रस्म अदा की जाएगी। 21 व 22 अप्रेल को गुदड़ी (ग्रामीण क्षेत्र के लोगों) के मेले के साथ 5 दिवसीय उर्स का समापन होगा।

# 'असहमति और लोकतंत्र' विषय पर व्याख्यानमाला आज

## बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान होंगे मुख्य वक्ता

महानगर संवाददाता

जयपुर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर की 98वीं जयंती के अवसर पर राजस्थान विधानसभा के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में प्रोग्रेसिव राइटर्स क्लब एसोसिएशन की ओर से 'असहमति और लोकतंत्र' विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा। व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, पूर्व सांसद और समाजसेवी नेता पंडित रामकिशन बतौर समारोह अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। इस दौरान पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, राजस्थान विधानसभा मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में साहित्यकारों, पत्रकारों और प्रबुद्धजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेगी।

# 18 व 19 अप्रेल को जयपुर नाट्य समारोह का आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की ओर से 18 व 19 अप्रेल को जयपुर नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से दो नाटकों का मंचन होगा। 18 अप्रेल को नाटक 'चंडालिका' का मंचन होगा जिसकी कहानी रवींद्रनाथ टैगोर ने लिखी है और नाट्य रूपांतरण व निर्देशन ओम प्रकाश सैनी का है। वहीं 19 अप्रेल को नाटक 'पर्दा उठने से पहले' खेला जाएगा जिसे राजेंद्र कुमार शर्मा ने लिखा है और नाट्य रूपांतरण व निर्देशन हिमांशु झांकल का है। यह दोनों नाटक रंगायन सभागार में सायं 7 बजे मंचित होंगे व प्रवेश निशुल्क रहेगा।

# नर्चरिंग द इनर टीचर पर कार्यशाला

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय (एमएसएमएस द्वितीय) म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल 2025 के तहत मेंटल हेल्थ एंड वैलबींग विषय पर शहरभर में कार्यशालाओं का शुभारंभ हुआ। इसके तहत एमएसएमएस द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा अशोक क्लब में नर्चरिंग द इनर टीचर - हाउ एम्ब्रेसिंग योर इनर चाइल्ड कैन ट्रांसफॉर्म योर स्कूल विषय पर पहला सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का संचालन आईसी3 मूवमेंट और अहा मूवमेंट के संस्थापक डॉ. गणेश कोहली ने किया। डॉ. कोहली ने व्यक्तिगत विकास और बेहतर नेतृत्व के मार्ग के रूप में अपने इनर चाइल्ड के साथ फिर से जुड़ने के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। इस सत्र में बच्चों के प्रमुख गुणों क्रिएटिविटी, लव, वंडर, ऑप्टिमिज्म और लेटिंग गो पर प्रकाश डाला गया, जो भावनात्मक रूप से सुरक्षित और फ्लेक्सिबल स्कूली वातावरण के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में जयपुर से 26 स्कूलों के प्रिंसिपल सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आत्म-जागरूकता और सचेतनता के लिए व्यावहारिक उपकरण प्रस्तुत किए गए। एमएसएमएस द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट के डायरेक्टर एज्युकेशन संदीप सेठी ने सभी का आभार जताया। साथ ही ऑफलाइन कार्यशाला की श्रृंखला जारी रखने के लिए आर्ट थैरेपी और एवरी टीचर बिकम्स ए काउंसलर पर आगामी कार्यशालाओं की घोषणा की।



अधिवक्ता परिषद का प्रस्ताव

# अन्य राज्यों से हों एक तिहाई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने नियुक्तियों में सख्त न्यायिक जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग की। मुख्य प्रस्तावों में न्यायाधीशों की संपत्ति का खुलासा, स्थानांतरण नियम और एक स्थायी निरीक्षण समिति शामिल हैं। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति में अध्यक्ष श्रीनिवास मूर्ति, महासचिव डी. भारत कुमार सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रान्त कार्यलय मंत्री अभिषेक सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति ने उच्च न्यायपालिका की जवाबदेही में सुधार लाने और इसकी स्वतंत्रता की रक्षा करने के बारे में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया। परिषद ने न्यायपालिका से जुड़ी हाल की घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई और न्यायाधीशों के आचरण की निगरानी के लिए पारदर्शी और उचित प्रणाली की मांग की। प्रस्ताव में कहा गया कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करते समय, किसी को जवाबदेही की अनदेखी नहीं करनी चाहिए जवाबदेही प्रत्येक व्यक्ति की अंतरात्मा के प्रति नहीं, बल्कि एक स्थायी तंत्र के माध्यम से समाज के प्रति होनी चाहिए जो पारदर्शी और सत्यापन योग्य हो। इसे सुनिश्चित करने के लिए, परिषद ने एक नया कानून बनाने की मांग की जो न्यायिक नियुक्तियों और आचरण में पारदर्शिता लाएगा। एक प्रमुख सुझाव एक स्थायी समिति बनाने का था जिसमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई), पूर्व उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अन्य सम्मानित लोग शामिल हों। यह समिति कार्यरत न्यायाधीशों के प्रदर्शन और जवाबदेही की जांच करने के लिए जिम्मेदार होगी। परिषद ने न्यायिक जवाबदेही पर बेंगलुरु घोषणापत्र को लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### हर साल हो संपत्ति की घोषणा

परिषद ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को तबादले के लिए नोटिस दिया जा सकता है यदि उनके परिवार के सदस्य, करीबी रिश्तेदार संबंधित उच्च न्यायालय या उस राज्य के अधीनस्थ न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र में वकालत करते हैं। न्यायाधीशों और उनके करीबी परिवार के सदस्यों को हर साल अपनी संपत्ति की घोषणा करनी चाहिए , और इन संपत्तियों के विवरण को सार्वजनिक देखने के लिए आधिकारिक अदालत की वेबसाइटों पर अपलोड किया जाना चाहिए।परिषद ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के लिए तीन साल की कूलिंग-ऑफ अवधि की सिफारिश की है , जिसके बाद वे सरकार द्वारा नियुक्त कोई भी पद या मध्यस्थता की भूमिका स्वीकार कर सकते हैं। यह कदम तटस्थता बनाए रखने और हितों के टकराव से बचने के लिए है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए एक समान सेवानिवृत्ति आयु की भी मांग की, ताकि सेवा अवधि के संदर्भ में निष्पक्षता बनी रहे।

### न्यायिक नियुक्तियों में विविधता लाने पर जोर

अंत में परिषद ने न्यायिक नियुक्तियों में विविधता लाने पर जोर दिया। हर उच्च न्यायालय में कम से कम एक तिहाई न्यायाधीश दूसरे राज्यों से होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई पक्षपात या पक्षपात न हो। हर उच्च न्यायालय में एक तिहाई न्यायाधीश दूसरे उच्च न्यायालयों से होने चाहिए। यह याद किया जा सकता है कि न्यायमूर्ति एमएन वेंकटचलैया के कार्यकाल के दौरान इसे कुछ हद तक लागू किया गया था।

# मेहुल की गिरफ्तारी कूटनीतिक कामयाबी

## भगोड़ों पर नकेल कसना भारत सरकार के लिए बड़ी चुनौती

**पंजाब** नेशनल बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी भारत की बड़ी कूटनीतिक कामयाबी कही जा सकती है। चोकसी पर करीब साढ़े तेरह हजार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। उसने पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों से सांठगांठ कर यह पैसा विदेशी बैंकों में भेज दिया था। फिर इस मामले का पर्दाफाश होने से पहले ही, करीब सात साल पहले, देश छोड़ कर फरार हो गया। उसने पहले ही एंटीगुआ में निवेश का तर्क देकर वहां की सदस्यता ले ली थी। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय तबसे उस पर नजरें टिकाए हुए थे, मगर चोकसी उन्हें लगातार चकमा दे रहा था। अब जब वह इलाज के लिए बेल्जियम पहुंचा तो प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई ने वहां की पुलिस को सारे संबंधित दस्तावेज सौंपते हुए गिरफ्तार करने की अपील कर दी। उसी आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। अब भारतीय एजेंसियां उसके प्रत्यर्पण की तैयारी में हैं। चूंकि बेल्जियम के साथ भारत की प्रत्यर्पण संधि है, इसलिए दावा किया जा रहा है कि चोकसी को भी उसी तरह भारत लाया जा सकेगा, जैसे मुंबई हमलों में आरोपी तहव्वुर राणा को कुछ दिनों पहले अमेरिका से भारत लाया गया। यह देखने की बात है कि भारतीय एजेंसियों को इसमें कितनी जल्दी कामयाबी मिल पाती है। आर्थिक अपराध कर दूसरे देशों में जा बसे भगोड़ों पर नकेल कसना भारत सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। सरकार पर मेहुल चोकसी, विजय माल्या, नीरव मोदी जैसे आर्थिक अपराधियों को वापस लाकर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने का दबाव लंबे समय से बना हुआ है। ऐसे में, मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी से स्वाभाविक ही सरकार पर दबाव कुछ कम होगा। मगर तकनीकी रूप से उसका प्रत्यर्पण इतना आसान नहीं माना जा सकता, जितना दावा किया जा रहा है। चोकसी के वकील तर्क दे रहे हैं कि उसे अवैध तरीके से गिरफ्तार किया गया है। यह ठीक है कि बेल्जियम के साथ भारत की प्रत्यर्पण संधि है, पर चोकसी अपनी नागरिकता का हवाला देकर मामले को लटकाने का प्रयास कर सकता है। फिर, जैसा कि उसका सहअभियुक्त और भतीजा नीरव मोदी लंबे समय से ब्रिटेन में रहते हुए अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ दलीलें पेश कर रहा है, वैसा ही मेहुल चोकसी भी कर सकता है। इसलिए, सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय को उसके प्रत्यर्पण के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ सकता है। निस्संदेह चोकसी की गिरफ्तारी से उन सभी लोगों और बैंकों ने खुशी अनुभव की होगी, जिनके साथ उसने धोखाधड़ी की है। पर, उसके प्रत्यर्पण भर से यह भरोसा नहीं दिलाया जा सकता कि उसने जो पैसे यहां से विदेशों में भेजे, वे वापस लाकर उन लोगों को दिलाए जा सकते हैं। असल सवाल यही है कि आखिर उस पैसे की वापसी कैसे हो! पंजाब नेशनल बैंक की वह धोखाधड़ी अब तक की सबसे बड़ी आर्थिक धोखाधड़ी मानी जाती है। मेहुल ने उन पैसों से किन देशों में कितनी संपत्ति अर्जित की और किन-किन बैंकों में उसे छिपाया, उसकी वसूली आसान काम नहीं है। पर जिस तत्परता और संजीदगी से प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई इस मामले में लगे हुए थे, उससे यह उम्मीद बनती है कि रकम वापसी के रास्ते भी वे जल्दी तलाश लेंगे। फिर, चोकसी की गिरफ्तारी से यह संदेश भी गया है कि आर्थिक धोखाधड़ी करने वाले बहुत देर तक खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर सकते। सात साल पहले भारत से फरार हुए मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी के बाद अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या चोकसी को भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा! सवाल इसलिए भी जायज है, क्योंकि भारत और बेल्जियम के बीच प्रत्यर्पण संधि है, जिसके मुताबिक दोनों देश एक-दूसरे को ऐसे लोगों को सौंपने के लिए सहमत हैं, जिन पर किसी अपराध को लेकर आरोप है। हालांकि, प्रत्यर्पण तभी हो सकता है, जब अपराध दोनों देशों के कानूनों में दंडनीय हो। हालांकि, अगर अपराध राजनीतिक, सैन्य अपराध से जुड़े हैं तो प्रत्यर्पण से इनकार भी किया जा सकता है। भेदभावपूर्ण अनुरोध होने पर भी प्रत्यर्पण की कोई बाध्यता नहीं है। भारत और बेल्जियम के बीच जो प्रत्यर्पण संधि है, उसके मुताबिक अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध में शामिल है, तो उसे अपील करने वाले देश के हवाले किया जा सकता है। 2020 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और बेल्जियम के बीच प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दी थी। यह संधि 1901 में ब्रिटेन और बेल्जियम के बीच हुई एक संधि की जगह लेगी, जिसे भारत में 1958 तक जारी रखा गया था। यह भारत और बेल्जियम के बीच अपराधियों को सौंपने के लिए एक नया समझौता है। हालांकि, संधि से अलग बात की जाए तो नागरिकों का प्रत्यर्पण विवेक के ऊपर निर्भर करता है। इसमें एक नियम यह भी है कि अपराध करते समय आरोपी की राष्ट्रीयता का निर्धारण किया जाएगा। यह जाना जाएगा कि वह किसी दूसरे देश का नागरिक तो नहीं है। अगर ऐसा है तो उसे प्रत्यर्पित करना या न करना उस देश की सरकार पर निर्भर करेगा। दरअसल, चोकसी पर भारत में साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप हैं। इस बीच चोकसी के वकील ने कहा है कि बेल्जियम में हुई इस गिरफ्तारी के खिलाफ अपील की जाएगी और भारत में प्रत्यर्पण का वह विरोध करेंगे। उनका कहना है कि प्रत्यर्पण से चोकसी के मानवाधिकार प्रभावित होंगे। चोकसी के वकील विजय अग्रवाल ने तर्क दिया है कि वह कोर्ट में यह दलील देंगे कि चोकसी पर राजनीतिक कारणों से आरोप लगाए गए हैं और उसे भारत में ठीक से चिकित्सा देखभाल नहीं मिलेगी। वकील का दावा है कि चोकसी भगोड़ा नहीं है, वह बहुत बीमार है और उसका कैंसर का इलाज चल रहा है। बता दें कि भारत सरकार धोखाधड़ी के मामले में चोकसी को वापस लाकर देश में मुकदमा चलाना चाहती है। प्रत्यर्पण को लेकर यूरोपीय देशों का रवैया बेहद सख्त है। मेहुल चोकसी के मामले में बेल्जियम को भरोसा दिलाना होगा कि उसका किया घोटाला बेहद गंभीर है, और उसे भारतीय कानूनों के अनुसार सजा जरूर मिलनी चाहिए। भारत को बेल्जियम के साथ अपने रिश्ते के प्रभाव का इस्तेमाल करने से भी नहीं चूकना चाहिए।



**सीबीआई और ईडी मेहुल पर नजरें टिकाए हुए थे, मगर चोकसी उन्हें लगातार चकमा दे रहा था। अब जब वह इलाज के लिए बेल्जियम पहुंचा तो प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई ने वहां की पुलिस को सारे संबंधित दस्तावेज सौंपे उसी आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। चूंकि बेल्जियम के साथ भारत की प्रत्यर्पण संधि है, इसलिए दावा किया जा रहा है कि चोकसी को भी उसी तरह भारत लाया जा सकेगा, जैसे मुंबई हमलों में आरोपी तहव्वुर राणा को कुछ दिनों पहले अमेरिका से भारत लाया गया। यह देखने की बात है कि भारतीय एजेंसियों को इसमें कितनी जल्दी कामयाबी मिल पाती है।**

# वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ भड़काई गई सुनियोजित हिंसा से यदि नहीं चेते तो अंजाम और भी बुरे होंगे!

कमलेश पांडे

**हैरत** की बात है कि कभी ये लोग दलित-मुस्लिम समीकरण तैयार करवाते हैं तो कभी मुस्लिम-ओबीसी समीकरण को फंडिंग करवाते हैं। वहीं इसी की आड़ में अभिजात्य मुसलमान विदेशों से हवाला के जरिए फंडिंग लेकर देश में पाकिस्तान-बांग्लादेश के ही नहीं बल्कि अरब देशों के हमदर्द पैदा करते हैं। वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल में भड़काई गई सुनियोजित हिंसा से यदि हमारा प्रशासन समय रहते ही नहीं चेता तो आने वाले दिनों में अंजाम और भी बुरे होंगे, इतिहास इसी बात की चुगली कर रहा है! यह नसीहत क्रूर वक्त हमें बार-बार दे रहा है, लेकिन हमलोग ऐसे घिसे पिटे आदर्शवादी हैं कि उसे समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं। इसलिए आज मैं इतिहास की अंगड़ाई में सुलगते हुए वर्तमान के कुछ कटु सत्य को उद्घाटित कर रहा हूं ताकि हमारे राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की कुंभकर्णी निंद्रा टूटे और वो विधि-व्यवस्था के लिहाज से अपने मौलिक कर्तव्य न भूलें।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत एक शांतिप्रिय देश रहा है, लेकिन पहले मुस्लिम आक्रांताओं ने और फिर ब्रिटिश नौकरशाहों ने अपने-अपने प्रशासनिक स्वार्थ की प्रतिपूर्ति के लिए ऐसी-ऐसी अव्यावहारिक नीतियों को कानूनी अमलीजामा पहनाया, जिससे हिंदू समाज जाति और क्षेत्र के नाम पर बिखर गया और कभी मुस्लिम अधिकारी तो कभी ईसाई अधिकारी और उनके पिट्ठू लोग हिंदुओं पर हावी होते चले गए। इसी कड़ी में सांप्रदायिक, जातीय और क्षेत्रीय हिंसा को अघोषित प्रशासनिक एजेंडे के तौर पर बढ़ावा दिया गया। इसके अलावा, कभी प्रशासनिक उदासीनता तो कभी पक्षपाती दृष्टिकोण अपनाते हुए संगठित अपराध को बढ़ावा दिया गया, जिससे विधि व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती चली गई।

इसी स्थिति से निजात पाने के लिए देश में आजादी की लड़ाई तेज हुई और सांप्रदायिक विभाजन तक की नौबत आई। इस दौरान हिंदू-मुस्लिम दंगे भी खूब हुए। लेकिन भारत के गांधी-नेहरु जैसे अव्यावहारिक आदर्शवादी राजनेताओं ने आजाद भारत में हालत बदलने के उलट उन्हीं घिसे-पिटे कानूनों को भारतीयों पर थोप दिया, जो आज अशांति का सबब बन चुकी हैं। पहले कांग्रेसियों, फिर समाजवादियों और अब राष्ट्रवादियों ने ढोंगी धर्मनिरपेक्षता की तो खूब बातें कीं, लेकिन अपने कुत्सित जातीय, क्षेत्रीय और सांप्रदायिक एजेंडे से आगे की कभी नहीं सोच पाए।

मसलन, बहुमत की आड़ में शांतिप्रिय सत्ता परिवर्तन भी सुनिश्चित हुआ, लेकिन विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, खबरपालिका और समाजपालिका से जुड़े लोग मुगलिया और ब्रितानी प्रशासनिक लापरवाहियों से कोई सबक नहीं सीख पाए। सभी ने उस 'निर्जीव भारतीय संविधान' का महिमामंडन किया और कर रहे हैं जिसने पदासीन लोगों को वेतन-भत्ते-पेंशन और देशवासियों से लूट-खसोट की तो गारंटी दी, लेकिन आमलोगों के सुख-शांति में खलल डालने वालों के खिलाफ कभी सख्ती नहीं दिखाई। इस नजरिए से संसद और विधान मंडलों ने प्रभावकारी कानून नहीं बनाए और न ही न्यायपालिका ने इस प्रशासनिक प्रवृति पर कभी सवाल उठाए।

हद तो यह कि न्याय के नाम पर मामलों को वर्षों तक लटकाने वाली न्यायपालिका, नेताओं के इशारों पर उलटे-सीधे कार्य करने की अभ्यस्त हो चली कार्यपालिका और नेताओं-कारोबारियों की अघोषित सांठगांठ से जहां सत्ताधारी जमात मौज में रहती आई है, वहीं आम आदमी सुपोषण योग्य भोजन, अच्छी शिक्षा और चिकित्सा सुविधा, जन-सुरक्षा के लिए मोहताज है। एक ओर देश के अमनपसंद आमलोग जहां रोटी, कपड़ा और मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सम्मान की प्राप्ति के लिए आरक्षण को अचूक हथियार समझ बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर 1947 में पाकिस्तान और 1972 में बंगलादेश लेने वालों के वंशज ब्रेक के बाद भारतीय भूभाग पर सांप्रदायिक तांडव मचा रहे हैं और नेताओं की नीतिगत लापरवाहियों से हमारा सिविल और पुलिस प्रशासन असहाय बना रहता है।

हैरत की बात है कि कभी ये लोग दलित-मुस्लिम समीकरण तैयार करवाते हैं तो कभी मुस्लिम-ओबीसी समीकरण को फंडिंग करवाते हैं। वहीं इसी की आड़ में अभिजात्य मुसलमान विदेशों से हवाला के जरिए फंडिंग लेकर देश में पाकिस्तान-बांग्लादेश के ही नहीं बल्कि अरब देशों के हमदर्द पैदा करते हैं। इनकी नापाक मंशा जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल और केरल जैसे हालत पूरे देश में पैदा करने की है, जिसकी झलक गाहे-बगाहे दिखाते रहते हैं। यदि गुलाम भारत से लेकर आजाद भारत तक के ब्रेक के बाद होने वाले सांप्रदायिक दंगों की बात छोड़ भी दी जाए तो अयोध्या रामजन्म भूमि आंदोलन, फिर सीएए और अब वक्फ कानून की आड़ में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर या फिर चीन-अमेरिका-इंग्लैंड से शह प्राप्त अन्य मुस्लिम देशों के इशारे पर भारत में जो अशांति फैलाते हैं, इसका ताजातरीन उदाहरण पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद इलाका है, जो इन दिनों इस्लामिक उत्पात से जल रहा है। दरअसल वक्फ कानून में संशोधन के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जो हिंसा भड़क उठी है, उससे केंद्र सरकार ने अन्य राज्यों में भी ऐसी घटनाओं की आशंका जताई है। इसके दृष्टिगत वह लगातार सतर्कता बरत रही है। यह बात दीगर है कि अभी तक अन्य राज्यों से किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। केंद्र सरकार के मुताबिक, वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की अधिसूचना के मद्देनजर अभी तक अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों से किसी भी सांप्रदायिक स्थिति की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्रालय कोई जोखिम नहीं उठा रहा है। केंद्र बंगाल के साथ-साथ अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है, जहां वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शनों की खबरें आई हैं। इसका उद्देश्य सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देने वाले किसी भी कारक की पहचान करना और संबंधित राज्य सरकारों से संपर्क करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें शुरू में ही समाप्त कर दिया जाए।

बताया जाता है कि यदि राज्यों से मांग की जाती है, तो उन्हें बिना किसी देरी के केंद्रीय बल मुहैया कराए जाएंगे, ताकि ऐसी सांप्रदायिक हिंसा को रोका जा सके। इसी उद्देश्य से मुर्शिदाबाद में भी, पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार ने हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और अदालत के निर्देश पर पर्याप्त केंद्रीय बलों की तैनाती की गई, जिससे सांप्रदायिक झड़पों पर लगाम लगी। अधिकारी ने कहा कि वहां अब कोई नई हिंसा नहीं हुई है। गत शनिवार को मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक झड़पों के मद्देनजर केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर स्थिति का आकलन किया। इसके साथ ही स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की रूपरेखा तैयार की।

दरअसल डीजीपी ने केन्द्रीय गृह सचिव को जानकारी देते हुए कहा कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है और स्थानीय स्तर पर तैनात बीएसएफ कर्मियों की मदद ली जा रही है। वहीं सांप्रदायिक हिंसा में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में शनिवार को 150 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुर्शिदाबाद में स्थानीय स्तर पर मौजूद करीब 300 बीएसएफ कर्मियों के अलावा राज्य सरकार के अनुरोध पर पांच अतिरिक्त कंपनियां वहां भेजी गई हैं। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध में हुई हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हुए। जांच एजेंसियों के मुताबिक, इस हिंसा की साजिश तीन महीने पहले रची गई थी और पाकिस्तान के दोस्त तुर्कीए से फंडिंग की गई थी। हमलावरों को लूटपाट के लिए 500 रुपए दिए गए थे और साजिशकर्ताओं ने लक्ष्य दिया था कि पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश जैसा बनाना है। यही वजह है कि वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल में भारी हिंसा देखने को मिली। जहां मुर्शिदाबाद में हिंसा में 3 लोगों की मौत हुई, वहीं सैकड़ों लोग घायल हुए। आलम यह है कि कई लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरी जगह ठिकाना लेना पड़ा है। यहां हिंसा को देखते हुए केंद्रीय सुरक्षा बल को तैनात करना पड़ा। इसके साथ ही हिंसा वाले इलाके में कड़ा पहरा है। इस बीच मुर्शिदाबाद दंगा मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। भारतीय जांच एजेंसियों के सूत्रों की मानें तो इस हिंसा की प्लानिंग लंबे समय से की जा रही थी।



लगभग पिछले 3 महीनों से इलाके के लोग इस घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, क्योंकि इसके लिए विदेशों से फंडिंग की गई थी। पूरे मामले की जांच के दौरान पाया गया है कि यह आतंकवाद फैलाने का नया तरीका है। दरअसल दो महीने पहले एटीबी के दो जाने-माने सदस्य मुर्शिदाबाद आए और कहा कि एक बड़ी दावत होगी। वे ट्रिगर पॉइंट का इंतजार कर रहे थे। प्रारंभ में रामनवमी की तारीख तय थी, लेकिन उस दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण चीजें बदल गईं। लेकिन वक्फ बिल ने ट्रिगर पॉइंट दे दिया। इन्हें ट्रेनों को बाधित करना, सरकारी संपत्ति को खत्म करना, हिंदुओं की हत्या करना, घरों को लूटना आदि पहला टारगेट दिया गया था। तब हमलावरों से कहा गया था कि जितनी ज्यादा चीजों को खराब करेंगे, उन्हें उतना ही ज्यादा पैसा दिया जाएगा। शुरू में एक सूची बनाई गई थी कि यदि वे अपने किए का ब्यौरा देंगे तो उन्हें कितना धन दिया जाएगा। यही वजह है कि भूखे नंगे लोगों ने दिनदहाड़े उपद्रव मचा दिया।

बता दें कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध में 10 अप्रेल से हिंसा जारी है जो अब थम चुकी है। बता दें कि केंद्र सरकार के वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर भड़की हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहनों को आग लगा दी, सड़कें जाम कर दीं और रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। चूंकि बंगाल में चुनावों के लिए अभी 1 साल से ज्यादा का समय बाकी है, ऐसे में ये दंगों की खबरों से सियासी लोग भी खासे परेशान हैं।

बता दें कि वक्फ संशोधन कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में हिंसक विरोध प्रदर्शन का केंद्र बना हुआ है। मुर्शिदाबाद में हिंसा का तांडव अभी शांत ही हुआ था कि प्रदेश के एक और जिले में हिंसा की आग फैल चुकी है। दक्षिण 24 परगना जनपद के भांगर इलाके में वक्फ संशोधन कानून को लेकर शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। क्योंकि पुलिसवालों पर ही उन्मादी भीड़ ने हमला कर दिया। पुलिस वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया गया। इस बीच वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा को लेकर इंटेलिजेंस एजेंसियों को चौंकाने वाले इनपुट मिले हैं। वह यह कि वक्फ संशोधन कानून के विरोध में फैली हिंसा का पैटर्न साल 2019 में सीएए के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शनों की तरह है। मुर्शिदाबाद में हिंसा फैलाने के लिए उसी टूलकिट का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसका प्रयोग सीएए के खिलाफ हुए विरोध-प्रदर्शनों में किया गया था।

खुफिया सूत्रों की मानें तो वक्फ विरोध प्रदर्शनों में एक समान टूलकिट है। टेलीग्राम, सिग्नल और व्हाट्सएप जैसे मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल विरोध प्रदर्शन आयोजित करने, जिम्मेदारी बांटने और रियल टाइम निर्देश शेयर करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्लेटफॉर्म पर एन्क्रिप्टेड समूहों का इस्तेमाल पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में पुलिस स्टेशनों पर कोऑर्डिनेटेड अटैक्स को अंजाम देने के लिए किया गया था। नाकाबंदी, रेलवे के बुनियादी ढांचे पर हमले और सांप्रदायिक नारे सीएए जैसे विरोधी प्रदर्शनों की पहचान थे। जबकि अब वक्फ संशोधन कानून के विरोध के दौरान भी यही स्थिति है। प्रदर्शनकारी पत्थर, पेट्रोल बम, टायर और बांस के डंडे आदि का इस्तेमाल कर रहे हैं। याद दिला दें कि सीएए विरोध प्रदर्शन के दौरान हावड़ा में रेलवे पटरियों के पास पत्थरों का जखीरा छिपाया गया था। वक्फ का विरोध करने के दौरान अब एक बार फिर से वैसी ही तस्वीर दिख रही है। प्रदर्शनकारी हिंदुओं की दुकानों, पुलिस स्टेशनों और रेलवे के बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे हैं। ये सब सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाने और मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जा रहा है। पुलिस की बर्बरता के पुराने क्लिप के साथ छेड़छाड़ किए गए वीडियो को मौजूदा अत्याचार के रूप में फिर से पेश किया जा रहा है, ताकि गुस्सा भड़काया जा सके। 2024 के एक वीडियो क्लिप का गलत तरीके से इस्तेमाल कर दावा किया जा रहा है कि पुलिस ने नमाज में शामिल लोगों पर गोलियां चलाईं। यह क्लिप वायरल हो गया, जिससे मालदा में दंगे भड़क गए। खुफिया सूत्रों ने इस मामले में भी विदेशी हस्तक्षेप से इनकार नहीं किया है। उसने कहा है कि जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) जैसे समूह बांग्लादेश बॉर्डर से लगते इलाकों और सुंदरबन डेल्टा में हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं। ये आतंकी संगठन ट्रेनिंग देने के साथ ही प्रोपेगेंडा भी फैला रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठन अशांति को बढ़ाने के लिए वैश्विक मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। वे दहशत फैलाने के लिए अफवाह फैलाने में मदद कर रहे हैं। यह उसी तरह है जैसे सीएए विरोध प्रदर्शनों के दौरान एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता छीनने के रूप में प्रचारित किया गया था। विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए या गिरफ्तार किए गए लोगों को भी नायक के रूप में महिमामंडित किया जा रहा है। यही वजह है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दंगाइयों को दो टूक चेतावनी दी है और साफ कहा है कि चाहे कोई भी हों, कानून अपने हाथ में न लें। इससे राज्य के लोगों को राहत मिली है। चूंकि पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। इसलिए अब प्रतीत होता है कि सीएम ममता बनर्जी का सब्र भी जवाब दे रहा है। तभी तो उन्होंने दंगाइयों को चेतावनी दी है कि आप ए, बी, सी, डी, ई, एफ कोई भी, लेकिन कानून को अपने हाथ में न लें। मैं आप सभी से कहूंगी कि सभी को शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन करने का अधिकार है, लेकिन कानून की रक्षा के लिए हमलोग उसके रक्षक हैं, इसलिए हमें कानून के भक्षक नहीं चाहिए।' उन्होंने कहा, 'शांति से रहो। बंगाल की धरती शांति की धरती है। इसकी मिट्टी सोने की तरह शुद्ध है।' उन्होंने लोगों से शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की और कहा कि हम उपेक्षितों और पीड़ितों के साथ खड़े हैं। बता दें कि दक्षिण कोलकाता के कालीघाट स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर के निकट स्काईवॉक का उद्घाटन करते हुए एक कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने कहा कि 'धर्म के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। धर्म का मतलब है भक्ति, स्नेह, मानवता, शांति, सौहार्द, संस्कृति, सद्भाव और एकता है। इंसानों से प्यार करना किसी भी धर्म की सर्वोच्च अभिव्यक्तियों में से एक है। हम अकेले पैदा होते हैं और अकेले मरते हैं, तो लड़ाई क्यों? दंगे, युद्ध या अशांति क्यों? याद रखें, अगर हम लोगों से प्यार करते हैं तो हम सब कुछ जीत सकते हैं। लेकिन अगर हम खुद को अलग-थलग कर लेंगे, तो हम किसी को भी नहीं जीत पाएंगे। अगर किसी पर हमला होता है, चाहे वह उपेक्षित हो, उत्पीड़ित हो, वंचित हो, हाशिए पर हो या किसी भी धर्म से हो- हम सभी के साथ खड़े हैं।' उल्लेखनीय है कि गत सोमवार को भी दक्षिण 24 परगना जिले में इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के समर्थक पुलिस से भिड़ गए। इस दौरान जमकर बवाल हुआ। हिंसा में कई लोग घायल हुए और कई पुलिस वाहनों को आग लगा दी गई। यह झड़प तब हुई, जब पुलिस ने आईएसएफ समर्थकों को पार्टी के नेता और भांगर विधायक नौशाद सिद्दीकी की कोलकाता में हुई रैली में जाने से रोकने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि इस रैली के लिए पुलिस की अनुमति नहीं थी।

## राशिफल

**आज दिनांक 17 अप्रेल, 2025, गुरुवार, विक्रम संवत् 2082, वैशाख माह, कृष्ण पक्ष चतुर्थी, ज्येष्ठा नक्षत्र, बालव करण, वरीयान योग, राहुकाल: दोपहर 2:00 से 3:35 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:08 बजे, सूर्यास्त सायं 6:45 बजे, चंद्रोदय रात 10.47 बजे, चंद्रास्त सुबह 9:22 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:01 बजे से 12:51 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:32 से 5:20 बजे तक, चंद्रमा वृश्चिक राशि में संचार करेगा।**




आपका प्रबल आत्मविश्वास और आज के दिन का आसान कामकाज मिलकर आपको आराम के लिए काफी वक्त देंगे। बीते दिनों में जितना धन आपने आज को बेहतर बनाने के लिए इनवेस्ट किया था उसका फायदा आज आपको फायदा मिल सकता है। आज कार्यक्षेत्र में अचानक आपके काम की छानबीन हो सकती है।




आज का दिन घर में दोस्तों और मेहमानों का आने-जाने रहेगा। पिता के समर्थन से आपके कार्यों में सफलता मिलेगी और निजी रिश्ते गहरे होंगे। परिवार के लोगों से अपनी परेशानियां साझा करके आप हल्का महसूस करते हैं, लेकिन अपने अहम को आगे रखना गलत होगा।




आज इस राशि के जातक आज का दिन आपकी सेहत में सुधार दिखाई देगा। धैर्य और संतुलित रवैये से आप नौकरी या व्यवसाय में फायदेमंद परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। आज सेहत सामान्य बनी रहेगी, लेकिन गाड़ी संभलकर चलाएं। अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है।




आज का दिन आपके सपनों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। चाहे वह किसी रचनात्मक परियोजना का प्रारंभ हो या व्यक्तिगत लक्ष्य की प्राप्ति, आपकी ऊर्जा सकारात्मक बदलाव ला सकती है। किसी बड़ी कंपनी से नौकरी के ऑफर मिलेंगे।




आज अगर आप पॉलिसी में निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आज का दिन उपयुक्त है निर्णय लेने का। आपके द्वारा चुना गया निवेश मार्ग दीर्घकालीन लाभ और सुरक्षा प्रदान कर सकता है। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ होगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ेगा।




आज घरेलू मामलों में आपके निर्णय और प्रबंधन से समस्याओं का समाधान हो जाएगा। परिवार के सदस्यों के साथ समझदारी और संतुलित बातचीत से कई मतभेद दूर हो सकते हैं। धन-संपत्ति व्यावसायिक काम में निराशा हाथ लगेगा। जिसकी वजह से आपका अच्छा खास धन खर्च हो सकता है।




मस्तिष्क जीवन का द्वार है, क्योंकि अच्छा-बुरा सब-कुछ इसी के माध्यम से आता है। यही जिंदगी की समस्याएं दूर करने में सहायक सिद्ध होता है और सही सोच से इंसान को आलोकित करता है। दूसरों की दखलअंदाजी गतिरोध पैदा कर सकती है।




चाहे वह खर्चों का प्रबंधन हो या परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वाह, सब कुछ सही दिशा में जाएगा। दोस्तों की मदद से आर्थिक परेशानी दूर होगी और अच्छी नौकरी मिलेगी। नया आर्थिक करार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ आएगा।




आपके आज के निर्णय आपको सकारात्मक उपलब्धियां दिलाने में सहायक होंगे। चाहे पेशेवर जीवन से जुड़ा कोई मुद्दा हो या निजी मामलों का समाधान, आपके निर्णय परिणामस्वरूप लाभदायक सिद्ध होंगे। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी।




आज आपके पास खुद के लिए पर्याप्त समय होगा, तो मौके का फायदा उठाएं और अच्छी सेहत के लिए पैदल सैर पर जाएं। आज किसी करीबी से आपका झगड़ा हो सकता है और बात कोर्ट कचहरी तक जा सकती है।




आज आपको कई दिक्कतों और मतभेदों का सामना करना पड़ सकता है, जिस वजह से आप झुंझलाहट और बेचैनी महसूस करेंगे। आर्थिक जीवन की स्थिति आज अच्छी नहीं कही जा सकती आज आपको आपको बचत करने में मुश्किलें आ सकती हैं।




उम्मीद, सहानुभूति, आशावादिता और निष्ठा जैसी सकारात्मक भावनाओं को अपनाने के लिए खुद को प्रोत्साहित करें। एक बार ये गुण आपके अंदर रच-बस जाएं, तो हर हालात में वे खुद ही सकारात्मक तरीके से उभर आएंगे। आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से धन लाभ होने की संभावना है।

## जीवन का मूल्य

प्रेरक प्रसंग

**महात्मा** बुद्ध के समय की घटना है। महात्मा बुद्ध जब भी भिक्षाटन के लिए जाते, तो आमलोग उनको भिक्षा में तो देते ही थे। कभी-कभी उनको घेरकर अपने मन के सवालों का समाधान भी उनसे पूछते। एक दिन एक व्यक्ति ने बुद्ध से पूछा- प्रभु, जीवन का मूल्य क्या है? महात्मा बुद्ध ने उस व्यक्ति को एक चमकता हुआ पत्थर दिया और कहा- जाओ, इस पत्थर का मूल्य पता करके आओ, पर ध्यान रहे तुम्हें इस पत्थर को बेचना नहीं है, केवल इसका मूल्य पता करना है। उसने कपड़ा बिछाया और उस बेशकीमती रूबी की एक परिक्रमा लगाई, माथा टेका। फिर जौहरी ने उस व्यक्ति से पूछा- कहां से लाए भाई ये बेशकीमती रूबी ? सारी कायनात क्या, सारी दुनिया बेचकर भी इस अनमोल पत्थर की कीमत नहीं लगाई जा सकती है। वह व्यक्ति हक्का-बक्का रह गया। फिर वह सीधे महात्मा बुद्ध के पास गया और पैरों के पास दोनों हाथ को जोड़कर बैठ गया। उसने पूरी कहानी महात्मा बुद्ध को सुनाई और बोला- प्रभु, अब आप ही बताओ, मानवीय जीवन का मूल्य क्या है? वह व्यक्ति पत्थर लेकर गांव के बाजार में सबसे पहले एक फल वाले के पास गया, जो संतरे बेच रहा था। उस फल वाले को उसने पत्थर दिखाते हुए उसकी कीमत पूछी, उसने उस पत्थर की कीमत कुल 12 संतरे लगाई। उसके बाद वह व्यक्ति एक सब्जी बेचने वाले के पास गया, सब्जी वाले ने उसकी कीमत एक बोरी आलू के बराबर लगाई। वह व्यक्ति फिर अनाज व्यापारी के पास गया, उसने उस पत्थर की कीमत एक बोरी अनाज के बराबर लगाई। इसके बाद वह व्यक्ति स्वर्णकार के पास गया और उसे पत्थर दिखाया, फिर उससे उसका मूल्य पूछा तो स्वर्णकार ने उस पत्थर को देखते हुआ कहा- 50 लाख रुपए मुझे इस पत्थर को बेच दो। उस व्यक्ति ने स्वर्णकार को मना कर दिया, तो स्वर्णकार ने फिर कहा- भाई, 2 करोड़ रुपए में दे दो या तुम ही बता दो इसकी क्या कीमत तुम लोगे। उस आदमी ने स्वर्णकार से कहा - मेरे गुरु ने इस पत्थर को बेचने से मना किया है। इसके बाद वह व्यक्ति हीरे के एक जौहरी के पास गया। जौहरी ने उस पत्थर को देखा, उसने उसे रूबी के रूप में पहचाना, उसने उस पत्थर के सामने एक लाल कपड़ा बिछाया। महात्मा बुद्ध मुस्कुराते हुए बोले- फल वाला, जो संतरे का व्यापारी था उसने पत्थर की कीमत 12 संतरे लगाई, सब्जी वाले ने एक बोरी आलू, अनाज व्यापारी ने एक बोरी अनाज, स्वर्णकार से दो करोड़ और जौहरी ने इसे बेशकीमती माना। ठीक यही स्थिति तुम्हारे जीवन की भी है। तुम बेशक हीरा हो, लेकिन ध्यान रखना कि सामने वाले तुम्हारी कीमत अपनी क्षमता, अपनी जानकारी व अपनी समझ से ही लगाएगा। महात्मा बुद्ध की बात सुनते ही उस व्यक्ति को मानवीय जीवन का मूल्य समझ में आ गया था।

## सुडोकु 2082

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | | 8 | 4 | |
| | 2 | 6 | | | | | | 1 |
| | | | | 6 | 1 | | | |
| 5 | | 1 | | | | 3 | | |
| | | 7 | 3 | 4 | | | 8 | |
| | | | | | 8 | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| | | | 1 | | | 7 | | |
| | 4 | | 7 | | | 9 | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2081 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 6 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 7 | 6 |
| 8 | 6 | 3 | 4 | 7 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 |

# दिल्ली ने राजस्थान को सुपर ओवर में हराया

## राहुल-स्टब्स ने संदीप शर्मा के खिलाफ 12 रन बनाए

### स्टार्क ने कराया था मैच टाई, अंतिम ओवर में डिफेंड किए थे 9 रन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के 18वें सीजन के पहले सुपर ओवर में हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 11 रन बनाए। दिल्ली से केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स ने संदीप शर्मा के खिलाफ 4 गेंद पर टारगेट हासिल कर लिया। अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को राजस्थान ने बॉलिंग चुनी। दिल्ली ने 5 विकेट खोकर 188 रन बनाए। राजस्थान भी 4 विकेट के नुकसान पर 188 रन ही बना सका। मिचेल स्टार्क ने 20वें ओवर में शिमरोन हेटमायर और ध्रुव जुरेल के खिलाफ 9 रन डिफेंड करते हुए मैच टाई कराया था। राजस्थान से नीतीश राणा और यशस्वी जायसवाल दोनों ने फिफ्टी लगाई। कप्तान संजू सैमसन 31 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट लिए। दिल्ली से अभिषेक पोरेल ने 49 रन बनाए। कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और मिचेल स्टार्क ने 1-1 विकेट लिया।



### 4 गेंद में जीत गई दिल्ली

दिल्ली से सुपर ओवर में केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स बैटिंग करने आए। राजस्थान से संदीप शर्मा बॉलिंग करने आए। राहुल ने पहली गेंद पर 2 रन लिए। उन्होंने दूसरी गेंद पर चौका लगा दिया। तीसरी गेंद पर सिंगल आया। स्टब्स ने चौथी गेंद पर छक्का लगाया और टीम को जीत दिला दी।

### मिचेल स्टार्क ने 11 ही रन दिए

इससे पहले सुपर ओवर में राजस्थान ने पहले बैटिंग की। टीम ने 5 गेंद पर 11 रन बनाए और दोनों विकेट गंवा दिए। दिल्ली से मिचेल स्टार्क ने पहला ओवर फेंका। रियान पराग और यशस्वी जायसवाल रन आउट हुए। शिमरोन हेटमायर ने 6 रन बनाए।

## राजस्थान अंडर 14 टीम घोषित

### शुभवर्धन सिंह कप्तान, कौस्तुभ धनकड़ उपकप्तान

**जयपुर (मसं.)।** आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी के अनुसार मध्य क्षेत्र राज सिंह डूंगरपुर अंडर 14 ट्रॉफी के लिए राजस्थान 14 टीम का चयन जूनियर चयन कमेटी ने किया। आगामी 20 अप्रैल से देहरादून में आयोजित होने वाली ट्रॉफी में मेजबान उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ व विदर्भ राज्यों की टीम भाग लेंगी।

**टीमः** शुभवर्धन सिंह चौहान (कप्तान), कौस्तुभ धनकड़ (उपकप्तान), वशिष्ट शर्मा (विकेट कीपर), अभिमन्यु चौधरी, अनमोल, गौरव डागर, हिमांशु जगावा, कृष्णा चौधरी, लक्ष्यम राठौर, माधव गोपाल गौतम, निधीश राज, रिहान खान, रेयान सेबेस्टियन, सचिन मीणा, विवेक बगड़ी, यतीश जोहरर। **सुरक्षितः** **खिलाड़ीः** अर्थव माल्, शौर्य प्रताप सिंह, यशवंत सिंह, दक्ष सेठिया।

## वानखेड़े में मुंबई को हैदराबाद से मिलेगी कड़ी टक्कर



### आईपीएल 2025 का 33वां मुकाबला आज

महानगर संवाददाता

**मुम्बई।** आईपीएल 2025 का 33वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच गुरुवार को खेला जाएगा। दोनों टीमें मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे एक-दूसरे के आमने-सामने होंगी। मुंबई इंडियंस टीम की कमान हार्दिक पंड्या के हाथों में होगी, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद टीम का नेतृत्व पैट कमिंस करेंगे।

वैसे मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के अब तक की भिड़ंत पर गौर करें, तो दोनों टीमों के बीच कुल 23 मुकाबले खेले गए हैं। इन मुकाबलों में मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी रहा है। मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 13 मैच में शिकस्त दी है, जबकि उसे 10 मैच में शिकस्त का सामना करना पड़ा है।

वहीं अगर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच हुए मुकाबलों पर नजर डालें तो मुंबई इंडियंस अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद से भारी पड़ी है। मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद से वानखेड़े स्टेडियम में कुल 8 मैच खेले हैं। इन मुकाबलों में मुंबई इंडियंस ने 6 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को मात दी है, जबकि उसे 2 मुकाबलों में हार मिली है।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

**सनराइजर्स हैदराबाद-** ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन (विकेट-कीपर), इशान किशन, नीतीश कुमार रेड्डी, अनिकेत वर्मा, पैट कमिंस (कप्तान), हर्षल पटेल, मोहम्मद शमी, जीशान अंसारी, एशन मनोहर।
**मुंबई इंडियंस-** रोहित शर्मा, रयान रिकेल्टन (विकेट-कीपर), सूर्य कुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, विल जैक्स, मिचेल सैंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह।

## सुरुचि ने स्वर्ण, मनु भाकर ने रजत और सौरभ ने जीता कांस्य पदक

विशेष संवाददाता

**लीमा।** भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह और मनु भाकर ने पेरू में आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में जहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते, वहीं सौरभ चौधरी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

सुरुचि सिंह ने फाइनल मुकाबला जीतने के लिए कुल 243.6 अंक हासिल किए और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को शिकस्त दी, जो 242.3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की याओ कियानक्सुन ने 219.5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। यह सुरुचि सिंह का विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने पिछले सप्ताह आईएसएसएफ विश्वकप 2025 ब्यूनस आयर्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।





578 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने वाले सौरभ चौधरी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कुल 219.1 अंक हासिल कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रतिस्पर्धा में चीन के हू काई ने स्वर्ण और ब्राजील के फेलिप अल्मेडा वू ने रजत पदक जीता।

## 46 साल की उम्र में पिता बने जहीर खान

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान और उनकी पत्नी सागरिका घटगे ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। दोनों ने बेटे का नाम फतेहसिंह खान रखा है। दंपती ने बुधवार को एक संयुक्त पोस्ट साझा की और इसकी पुष्टि की। इस कपल ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उसमें जहीर खान को बेटे को गोद में उठाए हुए देखा जा सकता है, जबकि सागरिका जहीर के कंधों पर हाथ रखी हुई हैं। एक और फोटो में जहीर बेटे का हाथ थामे हुए देखे जा सकते हैं।



## 2028 ओलंपिकः पोमोना का मेला ग्राउंड करेगा क्रिकेट मैचों की मेजबानी

विशेष संवाददाता

**लास एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में वर्ष 2028 में होने वाले ओलंपिक गेम्स में क्रिकेट मैचों का आयोजन साउथ कैलिफोर्निया के पोमोना के फेयरग्राउंड में खेला जाएगा। इसके लिए यहां पर अस्थायी तौर पर क्रिकेट स्टेडियम तैयार किया जाएगा। आयोजन समिति ने इसकी घोषणा की। पोमोना के फेयरग्राउंड, जिसे फेयरप्लेक्स के नाम से जाना जाता है, यह लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किमी. पूर्व में है। यह 500 एकड़ का इवेंट कॉम्प्लेक्स है, जिसने साल 1922 से लॉस एंजिल्स काउंटी फेयर की मेजबानी की है। यह वेन्यू कॉन्सर्ट, ट्रेड शो, स्पोर्ट्स और कल्चरल इवेंट के लिए जाना जाता है। यहां पूरे साल इवेंट आयोजित होते रहते हैं।



आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा, 'हम लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट के आयोजन स्थल की घोषणा का स्वागत करते हैं, क्योंकि यह हमारे खेल की ओलंपिक में वापसी की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।' उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अमेरिका और कैरिबियन देशों में आयोजित हुए पुरुष के टी-20 विश्वकप के दौरान, न्यूयॉर्क में एक पॉप-अप स्टेडियम बनाया गया था। इसमें भारत-पाकिस्तान के मैच खेले गए थे। लॉडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड स्टेडियम और टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम का भी इस्तेमाल किया गया था।

## जांच में फेल हुआ नारायण और एनरिक नार्टजे का बल्ला

महानगर संवाददाता

**मुल्लांपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मुकाबले में सुनील नारायण और एनरिक नार्टजे का बल्ला जांच में फेल रहा।



आईपीएल के 31वें मुकाबले में मंगलवार को रिजर्व अंपायर सैय्यद खालिद ने कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी शुरू होने पर सलामी बल्लेबाज नारायण का बल्ला जांचा। जांच के दौरान बल्ले की चौड़ाई को एक गेज के बीच से गुजारा गया। उनका बल्ला सबसे मोटा हिस्सा गेज को पार करने में विफल रहा। इस दौरान खालिद ने नारायण के साथ खड़े रघुवंशी का बल्ला भी गौर से देखा। रघुवंशी का बल्ला इस जांच में पास रहा।

केकेआर की ओर से नॉर्टजे अंतिम बल्लेबाज के रूप में मैदान में उतरे, लेकिन वह जिस बल्ले के साथ मैदान में उतरे थे, उसे वापिस भेज दिया गया, क्योंकि टीवी कॉमेंटेटर्स के अनुसार अंपायर्स मोहित कृष्णदास और साईदर्शन कुमार की जांच में उनका बल्ला फेल हो गया। यह घटना 16वें ओवर में हुई, इसके बाद सब्स्टिट्यूट रहमानउल्लाह गुरबाज नॉर्टजे के लिए अतिरिक्त बल्ला लेकर आए। हालांकि वह इस बल्ले से एक भी गेंद नहीं खेल पाए।

## राजस्थान के खिलाफ खेल सकते हैं एलएसजी के पेसर मयंक

### चोट से उबरने के बाद टीम से जुड़े, पिछले आईपीएल में हुए थे चोटिल

महानगर संवाददाता

**लखनऊ।** तेज गेंदबाज मयंक यादव मंगलवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) में शामिल हो गए। मयंक लंबे समय से रिहैबिलिटेशन के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीईओ) में थे। वे लखनऊ के फिजियो से हरी झंडी मिलने के बाद शनिवार को राजस्थान के खिलाफ होने वाले मैच में खेल सकते हैं। मयंक ने अपना आखिरी मैच 2024 अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 में खेला था। उसके बाद से वह क्रिकेट से दूर हैं।



सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीईओ) बेंगलुरु में बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें आईपीएल खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया है। हालांकि, लखनऊ के हेड फिजियो आशीष कौशिक उनकी जांच करेंगे और उनसे हरी झंडी मिलने पर ही वह राजस्थान के खिलाफ खेल पाएंगे। मयंक को रिहैबिलिटेशन के दौरान प्रैक्टिस सेशन में पैर की अंगुली में चोट लग गई थी। मयंक यादव पिछले आईपीएल में चोटिल हो गए थे। उसके बाद से वह केवल 3 ही घरेलू और इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वे मांसपेशियों में खिंचाव से परेशान रहे हैं।

## 112 रनों के लक्ष्य का बचाव करना आईपीएल कोचिंग करियर की सर्वश्रेष्ठ जीतः पोंटिंग

महानगर संवाददाता

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के सबसे छोटे 112 रनों लक्ष्य का बचाव एक रिकॉर्ड है और यह उनके कोचिंग करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत है। उल्लेखनीय है कि कोलकाता नाइट राइडर्स मंगलवार को पंजाब किंग्स के 112 रन के छोटे से लक्ष्य को भेदने में असफल रही और 95 रन के स्कोर पर पूरी टीम पवेलियन लौट गई। पंजाब किंग्स ने 16 रनों से जीत हासिल की थी।

पोंटिंग ने इस जीत को 'सीजन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण' बताते हुए कहा, 'अभी भी मेरे हृदय की गति बढ़ी हुई है। शायद यह 200 से ऊपर का होगी। 50 की उम्र में मैं ऐसे मैच और नहीं चाहता। यह दिखाता है कि क्रिकेट कितना मजेदार खेल है। तीन दिन पहले ही हम 246 के लक्ष्य को नहीं भेद पाए थे और तीन दिन बाद ही हमने 112 रन के स्कोर को बचा लिया।

# प्रदेश समाचार

'मेरा राज्य मेरी संस्कृति, मेरी संस्कृति मेरी धरोहर' थीम आधारित समागम समारोह

## 350 से अधिक संभागी रोवर्स एंड रेंजर्स ने कराया रजिस्ट्रेशन

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला दौसा के ब्लॉक रामगढ़ पचवारा में 'मेरा राज्य मेरी संस्कृति, मेरी संस्कृति मेरी धरोहर' थीम आधारित समागम समारोह का शुभारंभ पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया।



मुख्य अतिथि दिनेश अग्रवाल एडिशनल एसपी दौसा रहे। अध्यक्षता भामाशाह प्रहलाद मीना (हिंदुस्तान स्काउट गाइड ब्लॉक अध्यक्ष) ने की। विशिष्ट अतिथि रमेश महर, हिंदुस्तान स्काउट उपाध्यक्ष हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य, अक्षय शर्मा धीरज फाउण्डेशन, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरारीलाल जांगिड़, ब्लॉक कमिश्नर रामावतार मीना, सहायक राज्य संगठन आयुक्त विशाल सैन, जिला सहायक आयुक्त राजेंद्र प्रसाद सैनी, जिला सचिव कमलेश पटेल, जिला ऑर्गनाइजर डीओ सोनू शर्मा, कार्यक्रम संयोजक नवीन शर्मा सुकार, सतीश सैन, राजेश कुमार शर्मा, गुमानसिंह चौहान, राजेश कुमार गुर्जर, कन्हैयालाल मीना, रामप्रकाश जीजवाडिया, दिनेश मिश्रा प्रधानाचार्य, ललित बैरवा प्रधानाचार्य, पूरण बैरवा प्रधानाचार्य, श्रीराम जांगिड़ प्रधानाचार्य, लक्ष्मणसिंह बैसला, पवन शर्मा बिचपुरी, कालूराम गुर्जर, गिरिराज मीना, अमन राजपूत आदि ने फ्लैग आरोहण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में बांदीकुई ब्लॉक से वैशाली जांगिड़ महिला महाविद्यालय बांदीकुई, निबंध प्रतियोगिता में दौसा ब्लॉक से जितेंद्र कुमार जांगिड़, पोस्टर प्रतियोगिता में दौसा ब्लॉक से सपना बैरवा, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में वर्षा सैनी महुआ ब्लॉक से प्रथम रही। समागम में दौसा जिले के विभिन्न ब्लॉक से लगभग 350 से अधिक संभागी रोवर्स एंड रेंजर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया। मंच संचालन दिलीप कुमार शर्मा व्यख्याता ने किया।

## अस्थाई अतिक्रमण पर चला प्रशासन का पीला पंजा



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर बुधवार को प्रशासन द्वारा अस्थायी अतिक्रमण को जेसीबी द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। गौरतलब है कि गत 7 दिन पूर्व बिरसा मुंडा प्रतिमा के तीर कमान का पिछला हिस्सा टूट जाने पर अंबेडकर विकास मंच के तत्वावधान में धरना प्रदर्शन कर सर्किल बनाए जाने की मांग की गई थी। इसके मद्देनजर तहसीलदार मदनलाल मीणा की मौजूदगी में थाना अधिकारी रामशरण गुर्जर के नेतृत्व में बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाया गया। सड़क चौड़ाई निर्माण कार्य के चलते अस्थाई अतिक्रमण बाधक बना हुआ था।

## किन्नर तनीषा सैनी का चाकसू के लोगों ने किया स्वागत

महानगर संवाददाता

**चाकसू।** चाकसू माली सैनी समाज के पदाधिकारियों के तत्वावधान में रामपुरा स्थित बालाजी मंदिर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिला व पुरुषों ने किन्नर तनीषा सैनी को बेटी बनाकर उसका स्वागत कर पलक पावडे बिछाए। सैनी समाज के लोगों ने किन्नर तनीषा सैनी को फूल मालाओं से लाद दिया और उसे बेटी मानकर चुनड़ी ओढ़ाई।



इस दौरान शुभम सैनी ने कहा कि तनीषा सैनी चाकसू की बेटी है, जिसको राजस्थानी परंपरा के अनुसार समाज के पंचों द्वारा चुनरी ओढ़ाकर चाकसू-निवाई की बेटी के सम्मान से नवाजा गया है। महात्मा ज्योतिबा फुले समिति रामपुरा अध्यक्ष गिर्राज अजमेरा ने कहा कि तनीषा सैनी माली समाज की ही बेटी नहीं है, बल्कि समस्त हिन्दु समाज की बेटी है। इसके साथ समस्त हिन्दु समाज सहयोग में रहेगा। इस दौरान तनीषा ने लोगों को विश्वास दिलाया कि वह चाकसू और निवाई के लोगों के हर सुख-दुख में शामिल होंगी और सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने व हिन्दू धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने की लेकर शपथ दिलाई गई।

इस दौरान सांगानेर अध्यक्ष हनुमान सैनी, निवाई अध्यक्ष छोटूलाल सैनी, चाकसू अध्यक्ष गिर्राजप्रसाद अजमेरा, पूर्व अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश राजकच्छवा, सचिव रामरतन सैनी, प्रेमप्रभु गंगाडा, राजेश सैनी, उपसरपंच रामफूल टांक सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ग्राम बाय को नवलगढ़ पं. समिति में ही रखने की मांग

**नवलगढ़ (मसं.)।** कस्बे की ग्राम बाय सरपंच तारा पूनिया ने नवलगढ़ पंचायत समिति में ही बाय ग्राम को रखने के लिए एसडीएम को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संतोष पूनिया, इमरान खान, महेंद्र सैन, पूर्व सरपंच बहादुर शेषमा, सहीराम, रामावतार शेषमा, जगदीश पूनिया, जीतू श्योराण, ऋषि बन्ना, संतोष पूनिया, विनोद पूनिया ,रणजीत बंजारा सहित कई ग्रामीणों मौजूद रहे। इससे पूर्व आमसभा में सरपंच तारा पूनिया ने कहा कि ग्राम बाय सीधा नवलगढ़ से जुड़ा हुआ है। नवलगढ़ चवरा हाइवे से भी जुड़ा हुआ है, जहां हर समय यातायात मिलता है। वह नजदीक भी है। सारी सुविधाएं हैं। अगर इसको अन्य पंचायत समिति से जोड़ा जाएगा, तो इसका पूरे ग्रामवासियों द्वारा विरोध किया जाएगा।



## कन्या महाविद्यालय में शिक्षा और संस्कार कार्यक्रम आयोजित

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा में बुधवार को मोटिवेशनल सत्र 'शिक्षा और संस्कार' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता क्षेत्र के भामाशाह प्रहलाद मीना ने छात्राओं को अपने जीवन में संस्कारों व अपने परिजनों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रेरित किया। सहायक आचार्य डॉ. रवीन्द्रसिंह यादव ने छात्राओं को अपनी शिक्षा पूरी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। बालिकाओं की शिक्षा के लिए माता-पिता व समाज को आगे रहना चाहिए। इस दौरान सहायक आचार्य डॉ. रवीन्द्र सिंह यादव की प्रेरणा से प्रहलाद भामाशाह ने महाविद्यालय में तार फैंसिंग, 4 बड़ी दरी (फर्श) व बुक बैंक में 25000 रुपए की पुस्तकें भेंट करने की घोषणा की। इस दौरान संकाय सदस्य डॉ. अमृतलाल योगी, रामजीलाल मीना, डॉ. लालचंद डडिया, डॉ. सुमित्रा देवी, अनिता यादव, सत्यदेव शर्मा, गार्ड आशाराम मीना, नरसी हमीरपुरा, विनोद बामानहेड़ी, अनूप सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहीं।



## युवा संघ के पदाधिकारियों ने किया सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

महानगर संवाददाता

**बस्सी।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से 12 मई (पीपल पूर्णिमा) को श्रीजी धाम बैनाडा में प्रस्तावित आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिए हरियाणा गौड़ ब्राह्मण युवा संघ के पदाधिकारियों ने गांवों में जाकर प्रचार प्रसार किया तथा समाजबंधुओं से अधिकाधिक संख्या में सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों का विवाह करने की अपील की।



## श्रीमाधोपुर में मनाया अंतरराष्ट्रीय सहकारी दिवस

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** अंतरराष्ट्रीय सहकारी दिवस 2025 के तहत सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत अप्रेल माह का कार्यक्रम 'म्हारो खातो म्हारो बैंक' का आयोजन सीकर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के तत्वाधान में बैंक शाखा श्रीमाधोपुर में किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी कॉलेज श्रीमाधोपुर एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, श्रीमाधोपुर क्षेत्र के डेयरी संचालकों, बैंक शाखा श्रीमाधोपुर के ऋण पर्यवेक्षक/व्यवस्थापकों ने भाग लिया।



बैंक की अधिशासी अधिकारी डॉ. ज्योति ने सहकार से समृद्धि के मूल मंत्र एवं सहकारिता के मूल ढांचे के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। साथ ही डेयरी के खाते सहकारी बैंक में खोलने एवं डिपॉजिट जमा करवाने को प्रोत्साहित किया। विभाग के सहायक रजिस्ट्रार हरिसिंह चौधरी, मुख्य व्यवस्थापक एवं हंसराज लेखापाल क्रय विक्रय सहकारी समिति श्रीमाधोपुर ने छात्र-छात्राओं को क्रय विक्रय सहकारी समिति के कार्य निष्पादन एवं कार्य प्रणाली से अवगत करवाया।

श्रीमाधोपुर बैंक शाखा मैनेजर सुशील जाखड़ ने सहकारी बैंक एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों की कार्य प्रणाली यथा ऋण वितरण, बैंक डिपॉजिट, सहकारी बैंक की श्री टायर कार्य प्रणाली के बारे में अवगत करवाया। साथ ही साइबर फ्रॉड से बचने के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में बैंक के सहायक अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार बोरख ने छात्र-छात्राओं को स्कूल कॉलेज की एमएसमी/एसडीएसमी की जानकारी साझा करते हुए सहकारी विभाग के भविष्य की कार्य योजनाओं से अवगत करवाया।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


## मुख्यमंत्री ने ली जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक

# गर्मी के मौसम में निर्बाध हो पेयजल आपूर्ति, फील्ड में रहें अधिकारी : भजनलाल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गर्मी के मौसम में पेयजल प्रबंधन एवं समर कंटीन्जेंसी प्लान को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्ययोजना के तहत आमजन को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला कलेक्टरों की अनुशंसा पर जिलों में पेयजल से संबंधित आकस्मिक कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचईडी अधिकारियों को फील्ड में रहकर जलापूर्ति की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए नवीन नलकूप एवं हैंडपंप लगाए जाएं। उन्होंने पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यकता के अनुसार टैंकरों के



जरिए पेयजल परिवहन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पेयजल से संबंधित पाइपलाइनों, पुराने नलकूप एवं हैंडपंप के मरम्मत कार्यों को भी समय से पूरा करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

**नहरबंदी के दौरान डिग्गियों का पूर्ण भराव हो सुनिश्चित :** सीएम शर्मा ने नहरबंदी के दौरान प्रभावित जिलों में पेयजल व्यवस्था सुचारु रखने के लिए जिलेवार कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल आपूर्ति के लिए डिग्गियों का पूर्ण भराव रखा जाए, जिससे आवश्यकता होने पर इस जल का सदुपयोग किया जा सके। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी सहित विभाग के उच्चाधिकारी मौजूद रहे तथा सभी जिलों के विभागीय अधिकारी वीसी के जरिए जुड़े।

### कंट्रोल रूम के नंबरों का करें व्यापक प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल समस्या के निस्तारण के लिए संचालित राज्य एवं जिलास्तरीय कंट्रोल रूम के नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही कंट्रोल रूम में दर्ज होने वाली शिकायतों का प्रभावी रूप से मॉनिटरिंग कर त्वरित निस्तारण भी किया जाए। उन्होंने बिजली कनेक्शन लेकर नलकूपों एवं ट्यूबवैलों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नलकूपों के लिए भंडार में स्पेयर पंप-मोटर्स की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव देते हुए कहा कि हर ग्राम में पेयजल एवं इससे संबंधित योजनाओं के लिए ग्राम स्तर पर दो जल मित्र बनाए जाएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनका सहयोग लिया जा सके।

### 'पानी से संबंधित बजट घोषणाएं समय पर हों पूरी'

मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि पेयजल से संबंधित बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करें। साथ ही बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के पेयजल से संबंधित कार्यों की वित्तीय स्वीकृति जारी करवाकर कार्य प्रारंभ किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल से संबंधित वृहद् एवं लघु परियोजना को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तय समय सीमा में अमृत योजना के कार्यों को भी पूरा किया जाए। उन्होंने प्रदेश में संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए भी विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## उदयपुर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री, सीएम ने किया स्वागत



महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार रात उदयपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी जयपुर से उदयपुर पहुंच गए। उदयपुर में एयरपोर्ट पर सीएम ने शाह को मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद सीपी जोशी सहित अन्य पदाधिकारी वहां मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस की ओर से ईडी को लेकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन पर किया पलटवार

# कांग्रेस में सहयोगी नेता को नाकारा कहने की परंपरा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस के ईडी को लेकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास जनता के पैसे की लूट का रहा है और जब उन पर कार्रवाई होने लगती है तो रोने धोने का ढोंग करने लग जाते हैं। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने अपराध नहीं किया है तो वे अपनी बात कोर्ट में रखे और जांच एजेंसियों को सहयोग करें। इसके लिए हंगामा और समर्थकों के साथ में बिना बात नौटंकी की कहां जरूरत है।

राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा



लगता है कि आज कल उनके बयान खिसियानी बिल्ली खंभा नौचे वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। हमारे यहां परिवार भाव से पार्टी में काम होता है, उनके यहां एक परिवार के लिए काम किया जाता है। यहीं कारण है कि सोनिया-राहुल की करोड़ों रुपए की लूट पर पर्दा डालने के लिए विरोध प्रदर्शन की नौटंकी की जा रही है। उन्होंने कहा कि डोटासरा को आजकल कोई पूछ नहीं रहा है, इसलिए वे अनर्गल प्रलाप करने लगे हैं। कांग्रेस में ही अपने सहयोगी एवं समकक्ष नेता को 'नाकारा और निकम्मा' कहने की परंपरा है और अध्यक्ष की नेमप्लेट को उखाड़ फेंकने का रिवाज है। राहुल गांधी ने तो सदन में बिल के पैपर्स तक फाड़ दिए थे। इस प्रकार की अनुशासनहीनता कांग्रेस में ही देखने को मिल सकती है। भाजपा में कार्यकर्ता एक-दूसरे का पूरक होता है, इसलिए वो हमारी चिंता ना करें।

## अकेले निजी व्यक्ति के खिलाफ नहीं चलाया जा सकता भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7ए का मामला

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7ए के तहत किसी निजी व्यक्ति के खिलाफ तब तक मामला नहीं चलाया जा सकता, जब तक किसी लोक सेवक की मामले में संलिप्तता या सह आरोपी की भूमिका ना हो। इसके साथ ही अदालत ने मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ एसीबी कोर्ट जयपुर में लंबित आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया है। जस्टिस गणेशराम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश प्रमोद शर्मा की आपराधिक याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि एसीबी प्रकरण में तत्कालीन भरतपुर रेंज डीआईजी लक्ष्मण गौड़ की संलिप्तता से इनकार करते हुए एफआर पेश कर चुकी है। वहीं प्रकरण में याचिकाकर्ता निजी व्यक्ति के अलावा अन्य कोई लोक सेवक शामिल नहीं है। ऐसे में केवल एक निजी व्यक्ति के खिलाफ धारा 7ए के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

याचिका में अधिवक्ता राजेष महर्षि ने अदालत को बताया कि कोटा के उद्योग नगर थानाधिकारी चंद्रप्रकाश ने 23 जून, 2020 को एसीबी में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि याचिकाकर्ता ने उसकी पदोन्नति सुनिश्चित करने और उसे चहेतों में शामिल करने के लिए डीआईजी लक्ष्मण गौड़ के नाम पर दस लाख रुपए मांगे।



एसीबी ने रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए 24 जून को याचिकाकर्ता को ट्रैप किया और उसकी कार से पांच लाख रुपए बरामद किए। वहीं बाद में एसीबी ने याचिकाकर्ता के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7ए के तहत आरोप पत्र पेश करते हुए डीआईजी लक्ष्मण गौड़ के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 173(8) के तहत जांच लंबित रखी। याचिका में कहा गया कि एसीबी ने बाद में मामले में लक्ष्मण गौड़ की भूमिका से इनकार करते हुए उन्हें क्लीन चिट देते हुए एफआर पेश कर दी।

याचिकाकर्ता की ओर से उसके खिलाफ लंबित आपराधिक कार्रवाई को चुनौती देते हुए कहा गया कि प्रकरण में लोक सेवक को क्लीन चिट दी जा चुकी है। वहीं उसके सिवाय अन्य लोक सेवक मामले में शामिल नहीं हैं। ऐसे में किसी निजी व्यक्ति के खिलाफ धारा 7ए के तहत आपराधिक कार्रवाई नहीं की जा सकती। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि एसीबी ने जांच के बाद याचिकाकर्ता को दोषी मानकर आरोप पत्र पेश किया था। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया।

## विधायक सराफ ने हाई मास्ट लाइट का किया स्वीच ऑन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 146 में नगर निगम ग्रेटर के द्वारा लगाई गई हाई मास्ट लाइट का स्विच ऑन करके शुभारंभ किया। नटवर कुमावत ने बताया कि बुधवार को क्षेत्रीय विधायक ने दसवें वार्ड में हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि मालवीय नगर के सभी 26 वार्डों में निगम ग्रेटर द्वारा हाई मास्ट लाइट लगवाई जाएगी। स्थानीय पार्षद कविता कटियार ने बताया कि पटेल नगर 22 गोदाम चौराहे पर काफी अंधेरा रहता था लाइट लग जाने से चारों तरफ रोशनी हो जाएगी। इस दौरान स्थानीय लोगों एवं विकास समिति



के पदाधिकारियों ने सराफ का स्वागत किया। इस अवसर पर विमल कटियार, शरद कटियार, प्रवीण कटियार, श्याम वाधवा, महेश मारवाल, संजय गुप्ता, गजेंद्र मीणा, रामगोपाल सैनी, पूरन सैनी, हीरालाल सैनी, योगेश बिरला, गीता भाटी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एसबीआई में फायर ड्रिल का आयोजन



**जयपुर (मसं)।** राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में फायर ड्रिल का आयोजन किया गया।

अभ्यास के दौरान फॉल्स अलार्म बजाकर इमारत को खाली कराया गया और कर्मचारियों को निकासी मार्गों का पालन करते हुए सुरक्षित स्थल तक पहुंचाया गया। प्रत्येक मंजिल के लिए नियुक्त फ्लोर मार्शलों द्वारा कर्मचारियों को सही दिशा में मार्गदर्शन किया गया। इस दौरान बैंक के चिकित्सा अधिकारी डॉ. कविता यादव एवं डॉ. अंजुम अली खान ने आपातकालीन स्थिति में घटना से प्रभावित व्यक्तियों के बचाव के लिए प्राथमिक चिकित्सा तथा सीपीआरपद्धति का प्रदर्शन किया। ड्रिल के दौरान फायर ऑफिसर शिवम शुक्ला तथा उनकी टीम ने परिसर में स्थापित अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग की विधि के बारे में भी बताया। इस अवसर पर उप-महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी कल्याण गजवेल्लि सहित वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बैंक के सभी अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मैथन एलॉयज लिमिटेड स्पॉन्सर्ड नए स्कूल का उद्घाटन आज



**आसनसोल (मसं)।** पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी व मैथन एलॉयज लिमिटेड के सीएमडी सुभाष अग्रवाला के सान्निध्य में निर्मित आचारापक्कम कांचीपुरम चेन्नई में ए वन फाइन 8 क्लास रूम स्कूल ब्लॉक महिला हायर सेकंडरी स्कूल का उद्घाटन 17 अप्रैल को होगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में चेंगलपट्टू के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर आईएएस थिरू एस अरुण राज और मैथन एलॉयज के सीएमडी सुभाष अग्रवाला उपस्थित रहेंगे। आयोजन में चेन्नई के कई गणमान्य लोगों के साथ स्कूल की प्रधानाचार्य तिरुमति पी गायत्री भी शामिल होंगी। सुभाष अग्रवाला एंड कंपनी द्वारा निर्मित इस विद्यालय में अत्यंत पिछड़े वर्ग के बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। यह बात अग्रवाला ने भेंट वार्ता में कही।



## स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने किया मासिक पत्रिका का विमोचन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने बुधवार को निदेशालय के सभागार में स्वच्छ नगर समाचार के मासिक न्यूज लेटर का विमोचन किया। इस अवसर पर राजेश यादव ने कहा कि इस मासिक पत्रिका के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन शहरी में किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित किया जाएगा, जैसे घरेलू एवं सामुदायिक कंपोस्टिंग, कचरे से उपयोगी वस्तुओं के निर्माण (वेस्ट टू वेल्थ) जैसे विषयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगरीय निकायों, स्वयं सहायता समूह और स्टार्टअप के अनुभव आदि के बारे में इस मासिक पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा। मासिक न्यूज लेटर ई-पत्र के रूप में स्वायत्त शासन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगा। इस दौरान स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं विशिष्ट सचिव इंद्रजीत सिंह, निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) श्वेता चौहान, मुख्य अभियंता, प्रदीप गर्ग सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सहायक उप निरीक्षक रामावतार मीना पुलिस पदक से सम्मानित



महानगर संवाददाता

**जमवारामगढ़।** पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण कार्यालय में पद स्थापित एएसआई रामावतार मीना को पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रीडर के पद पर पदस्थापित सहायक उप निरीक्षक मीना को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनकी सराहनीय सेवा के लिए इस पदक की 26 जनवरी 2024 को घोषणा की थी। जिसको राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को प्रदान किया।

गौरतलब है कि रामावतार मीना जमवारामगढ़ थाने में सिपाही के पद से सहायक उप निरीक्षक तक सभी पदों पर तैनात रह चुके हैं। इस दौरान उन्होंने कई आपराधिक मामलों के खुलासे किए तथा अपनी ड्यूटी का ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठ भाव से निर्वहन किया है।

## छात्राओं को दी क्वांटम तकनीक की जानकारी



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के भौतिकी विभाग एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व क्वांटम दिवस पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान के मुख्य वक्ता राजस्थान विवि. के सहायक आचार्य डॉ. नरेंद्र जाखड़ रहे। उन्होंने क्वांटम यांत्रिकीः हमारे दैनिक जीवन में विकास से क्रांति तक विषय पर रोचक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। डॉ. जाखड़ ने बताया कि किस प्रकार क्वांटम सिद्धांतों का उपयोग आज के युग में चिकित्सा, संचार, कंप्यूटिंग एवं सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। व्याख्यान में महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं सहित लगभग 40 छात्राओं ने भाग लिया।

## बाउरी समाज ने बाबा साहेब की मूर्ति का किया अनावरण




महानगर संवाददाता

**आसनसोल।** ऑल इंडिया कन्फेडरेशन एससी-एसटी आर्गेनाइजेशन एवं बाउरी समाज की ओर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संस्था के राम बाउरी एवं गणेश बाउरी के नेतृत्व में आसनसोल के कुल्टी में ब्रह्मचारी स्कूल के समीप स्थित बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद समाज के सैकड़ों लोगों ने रैली निकाली। सकतोड़िया में माल्यार्पण कर रैली बराकर पहुंची। मां मनसा क्लब की ओर से निर्मित बाबा साहेब की मूर्ति की आसनसोल जिला अस्पताल के सुपरिन्टेन्डेन्ट निखिल चन्द्र दास एवं आल इंडिया एससी-एसटी आर्गेनाइजेशन के सहायक संपादक गणेश बाउरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं मूर्ति से पट हटाकर अनावरण किया। इस मौके पर भारी संख्या में बाउरी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## मुंबई-मनमाड रूट पर सफर के दौरान यात्री अब निकाल सकेंगे रुपए, ट्रायल सफल

# भारतीय रेलवे का नवाचारः पंचवटी एक्सप्रेस बनी देश की पहली एटीएम वाली ट्रेन

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई-मनमाड के बीच चलने वाली पंचवटी एक्सप्रेस देश की पहली ऐसी ट्रेन बन गई है, जिसमें एटीएम मशीन लगाई गई है। इस सुविधा की शुरुआत भारतीय रेलवे के इनोवेटिव एंड नॉन-फेयर रेवेन्यू आइडियाज स्कीम (आईएनएफआरआईएस) के तहत की गई है। यह एटीएम ट्रेन के एसी कोच में लगाया गया है और इसका पायलट रन भी पूरा कर लिया गया है। अब यात्री ट्रेन में सफर करते हुए भी रुपए निकाल सकेंगे, जिससे खास तौर पर लंबे सफर के दौरान उन्हें बड़ी सुविधा मिलेगी।

भारतीय रेलवे द्वारा किया गया यह नवाचार लोगों को काफी पसंद आया है। यह एटीएम भुसावल रेलवे मंडल और बैंक



ऑफ महाराष्ट्र की साझेदारी से लगाया गया है। हालांकि इगतपुरी से कसारा के बीच कुछ जगहों पर नेटवर्क की थोड़ी दिक्कत देखी गई, लेकिन पूरे सफर में मशीन ने अच्छी तरह काम किया।

### मुंबई-हिंगोली जन शताब्दी एक्सप्रेस में भी मिलेगी सर्विस

भुसावल मंडल की मंडल रेल प्रबंधक इति पांडे के अनुसार एटीएम के ट्रायल के परिणाम सकारात्मक रहे हैं। अब लोग सफर के दौरान भी पैसे निकाल सकेंगे। हम मशीन की परफॉर्मेंस पर लगातार नजर रखेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यह एटीएम मुंबई-हिंगोली जन शताब्दी एक्सप्रेस में भी उपलब्ध रहेगा क्योंकि दोनों ट्रेनें एक ही रेक साझा करती हैं। सुरक्षा के लिए एटीएम को शटर सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अगर यह सेवा यात्रियों के बीच लोकप्रिय होती है तो इसे अन्य ट्रेनों में भी लागू किया जा सकता है। 22 डिब्बों वाली इस ट्रेन में सभी डिब्बे वेस्टीब्यूल से जुड़े हुए हैं, जिससे सभी यात्री एटीएम तक पहुंच सकते हैं। इस मशीन से सिर्फ पैसे निकालने ही नहीं, बल्कि चेकबुक ऑर्डर करने और अकाउंट स्टेटमेंट निकालने की सुविधा भी दी गई है।

## भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश

# गेहूं खरीद में तेजी, अब तक हुई 60 लाख टन की सरकारी खरीद

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक अप्रेल से शुरू हुए विपणन सीजन में 14 अप्रेल तक 60 लाख टन गेहूं खरीद लिया है। अधिकांश खरीद उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से हुई है। खाद्य मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक, इस सत्र में 3.1 करोड़ टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है। इसमें दो करोड़ टन गेहूं पंजाब और हरियाणा तथा शेष देश के अन्य हिस्सों से खरीदा जाएगा।

कृषि मंत्रालय के फसल वर्ष 2024-25 जुलाई से जून में 11.5 करोड़ टन रिकार्ड गेहूं उत्पादन का अनुमान है। सरकार ने कम खरीद का लक्ष्य रखा है। इसकी वजह है कि पिछले सालों में अच्छी कीमत मिलने के कारण ज्यादातर उत्पादनों ने अपने मन के मुताबिक गेहूं की बिक्री की थी।

इस बार भी पैदावार के बंपर होने की उम्मीद है। 2024-25 में सरकारी खरीद का लक्ष्य 3 से लेकर 3.2 करोड़ टन लक्ष्य रखा गया था। जबकि केवल 2.66 करोड़ टन की ही खरीद हुई थी। 2023-24 में 3.41 करोड़ टन के लक्ष्य की तुलना में खरीद 2.62 करोड़ टन की हुई थी।



किसानों से अब तक गेहूं की अनुमानित बुवाई वाले 3.2 करोड़ हेक्टेयर में केवल 38 फीसदी की कटाई हुई है। इसमें भी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बिहार में कटाई की स्थिति काफी बेहतर है। चीन के बाद भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा गेहूँ उत्पादक देश है।

### जेनसोल व प्रवर्तकों पर सेबी ने लगाया प्रतिबंध

बाजार नियामक सेबी ने वित्तीय कुप्रबंधन और फंड गबन के मामले में जेनसोल इंजीनियरिंग और उसके प्रवर्तकों अनमोल सिंह जग्गी व पुनीत सिंह जग्गी पर कार्रवाई की है। नियामक ने जेनसोल और अन्य संस्थाओं को अगली सूचना तक प्रतिभूति बाजार में व्यापार से प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी ने यह आदेश शेयर मूल्य में हेरफेर और कर्ज भुगतान में चूक की शिकायतों के बाद दिया है। इसके मुताबिक, सूचीबद्ध कंपनी के रूप में जेनसोल में आंतरिक नियंत्रण व कॉरपोरेट गवर्नेंस के नियम पूरी तरह ध्वस्त हैं। जेनसोल ने ई-वाहन खरीदने के लिए इरेडा और पीएफसी जैसी संस्थाओं से 975 करोड़ का कर्ज लोन लिया था।

### नए अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक वार्ताकार की नियुक्ति

चीन ने अमेरिका के साथ टैरिफ तनाव के बीच बुधवार को एक नए शीर्ष अंतरराष्ट्रीय व्यापार वार्ताकार की नियुक्ति की। सरकार ने कहा कि ली चेंगगांग को वांग शॉवेन की जगह नियुक्त किया गया है, जिन्होंने चीन और अमेरिका के बीच 2020 के व्यापार समझौते के लिए व्यापार वार्ता में भाग लिया था। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे के सामानों पर टैरिफ लगातार बढ़ा रही हैं। यह विवाद अमेरिका की ओर से दुनिया के कई देशों पर जवाबी टैरिफ लगाने के एलान के बाद शुरू हुआ। चीन को अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामानों पर 145 कर का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि ट्रंप प्रशास ने दुनिया के अन्य देशों को जवाबी शुल्क से 90 दिनों की छूट दी है।

## फ्लिपकार्ट ने आकर्षक डील्स के साथ सुपर कूलिंग डेज के 7वें संस्करण का किया ऐलान

महानगर संवाददाता

**बेंगलुरु।** देश में गर्मी तेजी से बढ़ रही है और इस बढ़ती गर्मी के बीच भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने सुपर कूलिंग डेज के 7वें संस्करण की घोषणा की है। यह फ्लिपकार्ट का सालाना सेल इवेंट है, जिसमें ग्राहकों को किफायती कीमत पर कूलिंग अप्लायंस मिलते हैं। इस साल यह सेल इवेंट 16 से 24 अप्रेल तक चलेगा। इसमें टॉप अप्लायंस ब्रांड व एक्साइटिंग डील्स के साथ शॉपिंग का सुगम अनुभव मिलेगा। इन खूबियों के साथ यह इवेंट इस सीजन में अपने जरूरी कूलिंग अप्लायंस को अपग्रेड करने के बारे में सोच रहे ग्राहकों के लिए बेहतरीन मौका है।

फ्लिपकार्ट सुपर कूलिंग डेज को देशभर में कूलिंग उपकरणों की बढ़ती मांग के बीच ग्राहकों की जरूरत एवं बजट को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें गुणवत्ता, विकल्प एवं वैल्यू का बेहतरीन गठजोड़ देखने को मिलेगा। सेल के दौरान ग्राहक नो-कॉस्ट ईएमआई, अग्रणी बैंकों से प्री-अप्रूव्ड ऑफर्स और सुपरकॉइन रीडेम्पशन जैसे किफायती फाइनेंसिंग ऑप्शन में से चुन सकेंगे। इसके अतिरिक्त, ग्राहकों को एक्सचेंज प्रोग्राम का फायदा भी मिलेगा, जिसके तहत चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 8,000 रुपए तक का लाभ मिल सकता है, जिससे इस सीजन में अपने अप्लायंस को अपग्रेड करना उनके लिए और भी रिवार्डिंग हो जाएगा।

फ्लिपकार्ट की सर्विस इकाई जीव्स के माध्यम से खरीदारी से लेकर उपकरण के प्रयोग तक के पूरे अनुभव को सुगम बनाया जाएगा। इसके माध्यम से सुविधाजनक, भरोसेमंद एवं किफायती आफ्टर सेल्स सर्विसेज प्रदान की जाएंगी, जिसमें प्रशिक्षित टेक्नीशियन द्वारा उपकरण का इंस्टॉलेशन भी शामिल है।

शॉपिंग का सुगम एवं भरोसेमंद अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सैमसंग, व्हर्लपूल और हायर जैसे ब्रांड्स 5 साल की एक्सटेंडेड वारंटी दे रहे हैं, जिससे प्रोडक्ट क्वालिटी एवं ऑफ्टर सेल्स सपोर्ट को लेकर ग्राहकों का भरोसा मजबूत होता है। शॉपिंग के अनुभव को ज्यादा इमर्सिव एवं आनंददायक बनाने के लिए फ्लिपकार्ट पर ऑन-डिमांड वीडियो असिस्टेंस फीचर भी मिलेगा, जहां एक्सपर्ट एजेंट खरीदारी के दौरान ग्राहकों का मार्गदर्शन करेंगे।

### चीन से व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब डॉलर

# अमेरिका लगातार चौथे साल भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** अमेरिका लगातार चौथे साल वर्ष 2024-25 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। इस दौरान दोनों देशों के बीच 131.84 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ। हालांकि, इस अवधि में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। मंगलवार को जारी आंकड़ों से इसकी पुष्टि होती है। पिछले वित्त वर्ष में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया।

2023-24 में यह आंकड़ा 16.66 अरब डॉलर था। हालांकि, 2024-25 में भारत का चीन से आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था।

**चीन के साथ व्यापार घाटे में 17 फीसदी की बढ़ोतरी :** चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में लगभग 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में यह आंकड़ा 85.07 अरब डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब डॉलर के दोतरफा कारोबार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा। 2023-24 में दोनों देशों के बीच 118.4 अरब डॉलर का कारोबार हुआ था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2013-14 से 2017-18 तक और 2020-21 में चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। चीन से पहले, संयुक्त अरब अमीरात देश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। 2021-22 से अमेरिका सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान, 100.5 अरब डॉलर के साथ यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा।



**अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 फीसदी बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हुआ:** बीते वित्त वर्ष में अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। 2024-25 में भारत का अमेरिका से आयात 7.44 प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 42.2 अरब डॉलर था। अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष पिछले वित्त वर्ष में 41.18 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2023-24 में 35.32 बिलियन अमरीकी डॉलर था।

**अमेरिका के साथ इन चीजों का हो रहा निर्यात और आयात:** 2024 में, अमेरिका भारत ने जिन प्रमुख चीजों का निर्यात किया उनमें औषधि निर्माण और जैविक (8.1 अरब डॉलर), दूरसंचार उपकरण (6.5 अरब डॉलर), कीमती और अर्ध-कीमती पत्थर (5.3 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (4.1 अरब डॉलर), सोना और अन्य कीमती धातु के आभूषण (3.2 अरब डॉलर), सहायक उपकरण सहित सूती तैयार वस्त्र (2.8 अरब डॉलर), और लोहा और इस्पात के उत्पाद (2.7 अरब डॉलर) शामिल हैं। आयात के प्रमुख उत्पादों में कच्चा तेल (4.5 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (3.6 अरब डॉलर), कोयला, कोक (3.4 अरब डॉलर), कटे और पॉलिश किए हुए हीरे (2.6 अरब डॉलर), इलेक्ट्रिक मशीनरी (1.4 अरब डॉलर), विमान, अंतरिक्ष यान और उसके पुर्जे (1.3 अरब डॉलर) और सोना (1.3 अरब डॉलर) शामिल है। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार में तेजी आने की उम्मीद है क्योंकि दोनों देश एक कारोबारी समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

## सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड पहली बार 94 हजार पार

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सोने के दाम ने 16 अप्रेल को नया ऑल टाइम हाई बनाया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,477 बढ़कर 94,579 पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 93,102 थी।

एक किलो चांदी की कीमत 373 बढ़कर 96,575 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 95,030 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 और 11 अप्रेल को सोने ने 93,353 का हाई बनाया था।

ग्लोबल मार्केट में भी सोना फिलहाल नए शिखर पर है। बेंचमार्क स्पॉट गोल्ड बुधवार को कारोबार के दौरान 3,291.68 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड हाई तक ऊपर गया, वहीं यूएस गोल्ड फ्यूचर्स 3,311.70 डॉलर प्रति औंस की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। मौजूदा कैलेंडर ईयर के दौरान इसने 25वें दिन और इस महीने छठे दिन रिकॉर्ड हाई बनाया है। सोने की कीमतों में यह तेजी अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर के मद्देनजर बतौर सुरक्षित विकल्प इस बेशकीमती धातु की मांग में आई मजबूती की वजह से आई है।



चीन पर अमेरिकी टैरिफ के 145 फीसदी किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच बड़े पैमाने पर ट्रेड वॉर छिड़ने की आशंका तेज हो गई है। चीन ने भी इसके जवाब में पिछले शुक्रवार को अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ को 41 फीसदी बढ़ाते हुए 125 फीसदी कर दिया।

साथ ही अमेरिकी डॉलर में कमजोरी ने भी इस बेशकीमती धातु की कीमतों को परवान चढाने में मदद की है। ब्याज दरों में कटौती की संभावना, अमेरिका सहित दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्लोडाउन और महंगाई के बढ़ने की आशंका के मद्देनजर ज्यादातर जानकार सोने को लेकर फिलहाल बेहद बुलिश हैं। उनका मानना है कि ग्लोबल लेवल पर खासकर अमेरिका और चीन के बीच छिड़े ट्रेड वॉर के मद्देनजर जो अनिश्चितता की स्थिति बनी है उसमें बतौर सुरक्षित विकल्प सोने की मांग बरकरार रह सकती है। साथ ही बढ़ते जियो-पॉलिटिकल टेंशन की वजह से भी बतौर सुरक्षित विकल्प सोने की मांग में और तेजी आने की उम्मीद है।

## अमेरिका के साथ व्यापार उदारीकरण की ओर बढ़ रहा भारत, अगले महीने शुरू होगी वार्ता

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर वार्ता प्रक्रिया के बीच भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार उदारीकरण का रास्ता अपनाने का फैसला किया है। वाणिज्य सचिव सुनील बड़थ्वाल ने मंगलवार को बताया कि अगले महीने दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर सीधी बातचीत शुरू होने की उम्मीद है। इस समझौते के अंतिम रूप लेने से दोनों देशों के बीच कारोबार के बड़े अवसर उत्पन्न होंगे।

भारत-अमेरिका मार्च में ही द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर वार्ता प्रक्रिया को आगे बढ़ा चुके हैं। दोनों पक्षों ने इस साल सितंबर-अक्टूबर तक समझौते के पहले चरण को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस पूरी कवायद का मकसद 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा के लगभग 191 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुना से अधिक कर 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, समझौते के लिए संदर्भ की शर्तों



(टीओआर) को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने संवाददाताओं को बताया कि भारत और अमेरिका इसी हफ्ते वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बातचीत शुरू कर रहे हैं। उम्मीद है कि मई के दूसरे पखवाड़े में आमने-सामने की बातचीत शुरू हो जाएगी। इसलिए जहां तक व्यापार समझौते और उसकी बातचीत का सवाल है, हम तय कार्यक्रम के अनुरूप आगे बढ़ रहे हैं। पारस्परिक टैरिफ के मुद्दे पर वाणिज्य सचिव बड़थ्वाल ने कहा, वैश्विक स्तर पर मौजूदा शुल्क के संदर्भ में भारत के लिए चिंताएं और अवसर दोनों हैं। भारत ने पहले ही एक रास्ता अपनाया है, जहां हम अमेरिका के साथ व्यापार उदारीकरण के लिए आगे बढ़ेंगे।

## खुदरा महंगाई घटने से रेपो दर में तीसरी बार कटौती की बढ़ी उम्मीद

### जून की एमपीसी बैठक पर टिकी निगाहें

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** खुदरा महंगाई के मार्च, 2025 में घटकर करीब छह साल के निचले स्तर पर आने से रेपो दर में लगातार तीसरी बार कटौती की उम्मीद बढ़ी है। आरबीआई फरवरी, 2025 से अब तक रेपो दर दो बार में 0.50 फीसदी घटा चुका है।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें घटने से मार्च में खुदरा महंगाई में क्रमिक आधार पर तेज गिरावट आई है। दूसरे अग्रिम अनुमान के तहत 2024-25 में रिकॉर्ड कृषि उत्पादन होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की होने वाली अगली तीन बैठकों में प्रमुख नीतिगत दर में 0.50 फीसदी की और कटौती हो सकती है। वहीं, मार्च के महंगाई के आंकड़ों ने जून में एमपीसी की होने वाली अगली




बैठक में रेपो दर में 0.25 फीसदी की कटौती की उम्मीद बढ़ाई है। राज्यों के लिहाज से तेलंगाना में खुदरा महंगाई की दर सबसे कम 1.06 फीसदी और केरल में सबसे अधिक 6.59 फीसदी रही। दिल्ली में यह 1.48 फीसदी, उत्तर प्रदेश में 3.01 फीसदी, हिमाचल प्रदेश में 3.20 फीसदी, पंजाब में 3.65 फीसदी, उत्तराखंड में 3.78 फीसदी, हरियाणा में 3.81 फीसदी और जम्मू-कश्मीर में 4 फीसदी रही।

**फल और ईंधन समेत इन वस्तुओं की बढ़ी महंगाई :** फल, तेल-वसा, चीनी, मसाले, तैयार खाना, ईंधन-बिजली, हाउसिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा, यातायात और पान-तंबाकू के दाम फरवरी की तुलना में बढ़े हैं।

## मार्च में भारत का वस्तु और सेवा निर्यात 2.65 प्रतिशत बढ़ा

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली ।** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार, मार्च में भारत का कुल निर्यात (वस्तु और सेवा) 2.65 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 73.61 बिलियन डॉलर बढ़ा।

मार्च 2025 के लिए कुल आयात (वस्तु और सेवा) का अनुमान 77.23 बिलियन डॉलर है, जो 4.90 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज करता है।

वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रेल-मार्च) में माल निर्यात में वृद्धि के लिए कॉफी, तंबाकू, इलेक्ट्रॉनिक सामान, चावल, जूट मैन्युफैक्चरिंग, फर्श कवरिंग, मांस, डेयरी और पोल्ट्री उत्पाद, चाय, कारपेट, प्लास्टिक और लिनोलियम, सभी वस्त्रों का आरएमजी, दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स, अनाज की तैयारी और अलग-अलग प्रोसेस्ड आइटम्स, कोयला और अन्य अयस्क, प्रोसेस्ड खनिजों सहित खनिज, इंजीनियरिंग सामान और



फल और सब्जियां अहम कारक रहे। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान संचयी निर्यात (माल और सेवाएं) 5.50 प्रतिशत बढ़कर 820.93 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रेल-मार्च) में यह 778.13 बिलियन डॉलर था।

आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रेल-मार्च) में 29.12 बिलियन डॉलर से 32.47 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रेल-मार्च) में 38.58 बिलियन डॉलर हो गया। कॉफी निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रेल-मार्च) में 1.29 बिलियन डॉलर से 40.37 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 1.81 बिलियन डॉलर हो गया। चाय का निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 0.83 बिलियन डॉलर से 11.84 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 0.92 बिलियन डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में तंबाकू निर्यात 1.45 बिलियन डॉलर से 36.53 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 1.98 बिलियन डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में चावल का निर्यात 10.42 बिलियन डॉलर से 19.73 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 12.47 बिलियन डॉलर हो गया। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में संचयी गैर-पेट्रोलियम निर्यात 374.08 बिलियन डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 352.92 बिलियन डॉलर की तुलना में 6.0 प्रतिशत की वृद्धि है।

मांस, डेयरी और पोल्ट्री उत्पादों का निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 4.53 बिलियन डॉलर से 12.57 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 5.1 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि कपड़ा निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 14.53 बिलियन डॉलर से 10.03 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 15.99 बिलियन डॉलर हो गया।

ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 27.85 बिलियन डॉलर से 9.39 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 30.47 बिलियन डॉलर हो गया। फलों और सब्जियों का निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 3.66 बिलियन डॉलर से 5.67 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 3.87 बिलियन डॉलर हो गया।

### दिल्ली-एनसीआर समेत देश के 8 शहरों में घटी घरों की बिक्री

# घरों की बिक्री में 19 फीसदी की भारी गिरावट, महंगाई ने तोड़ा घर खरीदने का सपना

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** पूरे देश में घरों की बिक्री में भारी गिरावट आई है। देश के आठ सबसे बड़े शहरों में घरों की बिक्री और नए घरों की लांचिंग में 19 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इसे वैश्विक बाजार में रोजगार के अवसरों को लेकर लोगों की अनिश्चितता का परिणाम बताया गया है। महंगे होम लोन के कारण भी निवेशक घर खरीद से पीछे हटने के लिए मजबूर हुए हैं। इसके पहले की तिमाही अक्टूबर-दिसंबर 2024 में भी घरों की बिक्री में 26 फीसदी और नए घरों की लांचिंग में 33 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई थी।

इसका असर निर्माण और रियल स्टेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों के रोजगार पर पड़ सकता है। बंगलूरू और चेन्नई को छोड़कर देश के सभी शहरों में घरों की बिक्री में कमी दर्ज की गई है, जबकि अहमदाबाद, हैदराबाद और पुणे में घरों की खरीद-बिक्री में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। बंगलूरू में घरों की बिक्री में 13 प्रतिशत और चेन्नई में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि कोलकाता में केवल



एक फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। हैदराबाद और मुंबई में घरों की बिक्री में सबसे ज्यादा 26-26 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि पुणे में भी घरों की बिक्री में 25 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम की ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जनवरी-मार्च 2025 की पहली तिमाही में देश के सबसे बड़े आठ शहरों में होम सेल्स में 19 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। इस दौरान डेवलपर द्वारा नए घरों की उपलब्धता में भी दस फीसदी की गिरावट आई है। घरों की बिक्री में कमी का सबसे बड़ा कारण वैश्विक बाजार में अनिश्चितता और घरों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी को माना गया है। निर्माण क्षेत्र में सीमेंट, स्टील, परिवहन और फर्नीचर जैसी वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण घरों का निर्माण महंगा हुआ है। इससे लोगों की खरीद क्षमता में घरों की उपलब्धता का संकट पैदा हुआ है।

इसका असर प्रॉपर्टी और निर्माण क्षेत्र की नौकरियों पर पड़ सकता है। इस सेक्टर में काम कर रहे श्रमिकों को इसका सीधा नुकसान होने की संभावना है। अक्टूबर-दिसंबर 2024 की तिमाही में भी पूरे देश में घरों की बिक्री में कमी दर्ज की गई थी। इस समय अवधि में दीपावली और नवरात्रि-दशहरा जैसे त्योहारी सीजन होने के बाद भी घरों की बिक्री में 26 प्रतिशत की भारी गिरावट आई थी। इस गिरावट का यह परिणाम हुआ था कि प्रॉपर्टी सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों ने नए प्रोजेक्ट को लांच करने में कटौती कर दी।

इस तिमाही में नए प्रोजेक्ट्स की लांचिंग में पिछले वर्ष की इसी समय अवधि की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। लगातार दो तिमाही में घरों की बिक्री और नए घरों के प्रोजेक्ट्स लांच होने में कमी का असर सीधे तौर पर रोजगार के अवसरों को प्रभावित करता है।

नए होम प्रोजेक्ट्स की लांचिंग में कमी से निर्माण क्षेत्र में काम कर रहे श्रमिकों के रोजगार पर गहरा नकारात्मक असर छोड़ सकता है। इससे देश की इस बड़े वर्ग के हाथ में पैसे की कमी आवश्यक वस्तुओं की खरीद-बिक्री और उत्पादन को भी प्रभावित कर सकता है।

### सोच समझकर करें निवेश: एक्सपर्ट

हाउसिंग डॉट कॉम के सीईओ ध्रूव अग्रवाल ने कहा कि पूरी दुनिया में अमेरिका के टैरिफ वॉर के कारण व्यापार में अनिश्चितता पैदा हुई है। इससे लोग अपनी नौकरी और भविष्य को लेकर आशंकित हुए हैं। इसका सीधा असर आने वाले समय में घरों की बिक्री पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि घर-फ्लैट में निवेश ज्यादातर लोगों के लिए जीवन में एक-दो बार किया जाने वाला भारी निवेश होता है, लिहाजा सभी पहलुओं का गहराई से अध्ययन करने के बाद ही किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना चाहिए।

facebook YouTube
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# हेराल्ड मामले में कांग्रेस का ईडी ऑफिस पर प्रदर्शन

■ सोनिया-राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट को लेकर विरोध
■ धरने में गहलोत, जूली सहित कई विधायक, कांग्रेस नेता हुए शामिल




महानगर संवाददाता

जयपुर। ईडी की नेशनल हेराल्ड केस में चार्जशीट दाखिल करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने अंबेडकर सर्किल स्थित ईडी ऑफिस के बाहर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा के नेतृत्व में आयोजित धरने में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पीसीसी पदाधिकारी, डीसीसी पदाधिकारी और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में इस तरह का माहौल बनाया जा रहा है,जैसे कोई बड़ा घोटाला हो गया हो। भाजपा बार-बार लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश कर रही है, जो देश के लिए बहुत खतरनाक है। ईडी इस केस में पहले भी जांच कर चुकी है और क्लीनचिट दे चुकी है। अब इस मामले की जांच फिर शुरू कर दी। आजादी से पहले नेशनल हेराल्ड अखबार शुरू किया गया था ताकि आजादी की लड़ाई में शामिल कांग्रेस की आवाज जनता तक पहुंचे। बीच में अखबार बंद हो गया, कांग्रेस ने इसे फिर जिंदा किया, नई कंपनी बनानी पड़ी यंग इंडियन। इस पूरे मामले में जो कंपनी बनी, वो नॉन प्रॉफिट मेकिंग वाली कंपनी थी। उसमें प्रॉफिट नहीं आ सकता, कॉमर्शियल काम हो नहीं सकते। जब कॉमर्शियल काम नहीं हो सकते हैं, नॉन प्रॉफिट कंपनी बनी है फिर घोटाला क्या हुआ? गहलोत ने कार्यकर्ताओं से जेल जाने को लेकर तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के जेल जाने के कारण हम भी जेल गए अब अगर जेल भरो आंदोलन की जरूरत होगी तो सबसे पहले जेल जाऊंगा। आप लोग भी तैयार रहे। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मोदी सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को परेशान करने में लगी है। कई नेताओं ने इसी दबाव में भाजपा का दामन थाम लिया और भाजपा की वॉशिंग मशीन में धुल कर साफ हो गए। कांग्रेस नेताओं के खिलाफ राजनीतिक दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही करेंगे तो कांग्रेस कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेगा। पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा ने कहा कि राहुल गांधी जब से सरकार की आंखों में आंख मिलाकर बात करके जनता के मुद्दे उठाने लगे हैं और जनता की समस्याओं पर जवाब मांगने लगे तो ईडी, इनकम टैक्स भेजना झूठे मुकदमे दर्ज कराने शुरू कर दिए।

## डोटासरा की नेताओं को पार्टी के लिए झोंकने की अपील बेअसर

सोनिया गांधी और राहुल गांधी को लेकर चार्जशीट पेश की गई है और कांग्रेस का फीका प्रदर्शन कई सवालियां निशान छोड़ गया। बुधवार को हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की भीड़ ने कई सवाल खड़े कर दिए। जबकि कुछ दिन पहले ही डोटासरा ने पीसीसी में कहा था कि गाड़ी के आगे नेमप्लेट लगाने और आधे घंटे के लिए धरने में आने वालों को ध्यान में रखा जाएगा। लेकिन इस प्रदर्शन में पूरे कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता भी न के बराबर ही आए।


**फाइनेंस**

डिफाल्टर, ब्लैकलिस्टेड, नेगेटिव मुस्लिम एरिया, निगम, JDA, पंचायत, अनअप्रूव्ड, सोसाइटी पट्टे, मकान बनायें, खरीदे, मॉर्गेज लोन, महेंद्र देवड़ा सोडाला 7792930003

**खोया-पाया**

मेरे भूखंड संख्या 290 योजना श्याम वाटिका फेज द्वितीय का मूल पट्टा जिसका पट्टा क्रमांक 2623 है कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करे।
नाम मनोरमा टांक मोबाइल नंबर 9829066041

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: जविप्रा/उपा./जोन-5/2025/डी-2929 दिनांक: 25.03.2025
**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विजय कुमार प्रधान एवं श्री राज कुमार प्रधान पुत्रान् स्व. श्री बनवारी लाल प्रधान द्वारा योजना स्कीम नं. 10 सूर्य नगर के भूखण्ड संख्या-186 क्षेत्रफल 246.98 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार योजना स्कीम नं. 10 सूर्य नगर के भूखण्ड संख्या-186 क्षेत्रफल 246.98 वर्गगज का पट्टा दिनांक 11.01.2013 को श्री बनवारी लाल प्रधान पुत्र श्री कन्हैया लाल प्रधान के पक्ष में जारी किया गया था। सलंग्न रजिस्ट्रार एस.एम.एस. चिकित्सालय जयपुर द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार श्री बनवारी लाल प्रधान पुत्र श्री कन्हैया लाल प्रधान की मृत्यु दिनांक 10.03.2021 को हो चुकी है। इनके मृत्यु के पश्चात् इनके वारिसों में 1. श्रीमती आशा रानी जोशी, 2. श्रीमती राजरानी जोशी ने भूखण्ड संख्या-186 क्षेत्रफल 246.98 वर्गगज में से अपने अपने हिस्से को पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 03.08.2023 के द्वारा श्री विजय कुमार प्रधान एवं श्री राज कुमार प्रधान पुत्रान् स्व. श्री बनवारी लाल प्रधान के पक्ष में हकत्याग निष्पादित किया गया है। अतः उक्त दस्तावेजों के आधार पर आवेदित भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदिकागण के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-5, जविप्रा, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास , जयपुर-0141-4901853
क्रमांक: 1116 **आम जाहिर सूचना** दिनांक: 16.04.2025
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-5/323 मालवीय नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 165.60 वर्ग मीटर का आवंटन संयुक्त रूप से श्री दिनेश कपूर एवं श्रीमती नीलम कपूर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 599 दिनांक 30/04/1993 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 28/03/2003 को करवाया गया। तत्पश्चात उक्त दोनों आवंटियों में से श्री दिनेश कपूर की मृत्यु दिनांक 24/08/2024 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री रजत कपूर पुत्र स्व.श्री दिनेश कपूर के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति एवं रजिस्टर्ड वसीयतनामा की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास में से मृतक श्री दिनेश कपूर पुत्र स्व. श्री जगदीश चन्द्र कपूर के अविभाजित हिस्से का प्रतिस्थापन अपने नाम करते हुए आवास को संयुक्त रूप से श्रीमती नीलम कपूर एवं श्री रजत कपूर के नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती नीलम कपूर एवं श्री रजत कपूर के पक्ष में प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
संपदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।**
पृथ्वीराज नगर (उत्तर), कार्यालय, चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर।
क्रमांक:-जविप्रा/उपा./पीआरएन-उत्तर (द्वितीय)/2025/डी-213 दिनांक-15-4-25
-: सार्वजनिक सूचना :-
भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की योजना-मां करणी नगर-डी, के भूखण्ड संख्या डी-40 (क्षेत्रफल 279.08 वर्गगज) के नाम हस्तान्तरण हेतु श्री सौरभ गर्ग पुत्र श्री शम्भू गर्ग ने आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस की अवधि में कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम जारी कर दिया जावेगा।
उपायुक्त पीआरएन-उत्तर-II, जविप्रा, जयपुर।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई- निविदा सूचना**
वरि. मंडल बिजली इंजीनियर / टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं.: 28-TRD-BKN-ETender-2024-25-R. Name of work:** TRD modification work in c/w Engg. Works of Ballast depot, TWR, TBR, SEJ, TTR, TRR in Anupgarh-Suratgarh-Lalgarh-Kolayat-Phalodi & Lalgarh-Ratangarh section over Bikaner Division. **Approx Cost of the work :** ₹1,00,60,511.1 **EMD/SD (Rupees):** ₹ 2,00,300.00. **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय:** 08.05.2025 को 15.00 बजे तक। **ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 08.05.2025 को 15.00 बजे के बाद। **437-AR/25**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: जविप्रा/उपा./जोन-4/2025/डी-5404 दिनांक: 15.04.2025
**सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कुन्जीलाल मीना पुत्र श्री मोतीलाल मीना द्वारा न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-एच के भूखण्ड संख्या 373 का नाम हस्तानारण पत्र ज़ारी करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में पूर्व में इस कार्यालय के द्वारा न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-एच के भूखण्ड संख्या 373 क्षेत्रफल 347.17 वर्गगज का पट्टा श्री त्रिलोक अग्रवाल पुत्र श्री गणेश नारायण अग्रवाल के पक्ष में क्रमांक 232 दिनांक 14.07.2010 को जारी किया गया, जिसे उप पंजीयक जयपुर के यहां दिनांक 11.08.2010 को पंजीबद्ध करवाया गया। तत्पश्चात श्री त्रिलोक अग्रवाल पुत्र श्री गणेश नारायण अग्रवाल द्वारा पंजीकृत विक्रय दिनांक 21.07.2011 द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान श्री जगदीश नारायण शर्मा पुत्र स्व. श्री देवी सहाय चौबे को कर दिया गया। इस कार्यालय के पत्र क्रमांक डी-835 दिनांक 28.02.2013 के द्वारा न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-एच के भूखण्ड संख्या 372 का नाम हस्तान्तरण श्री जगदीश नारायण शर्मा पुत्र स्व. श्री देवी सहाय चौबे के पक्ष में कर दिया गया। श्री जगदीश नारायण शर्मा पुत्र स्व. श्री देवी सहाय चौबे द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 14.08.2020 के आधार पर उक्त भूखण्ड का बेचान श्रीमती निरूपा कटटा पत्नी श्री राजेश कटटा को कर दिया गया। तत्पश्चात श्रीमती निरूपा कटटा पत्नी श्री राजेश कटटा द्वारा पंजीकृत विक्रय दिनांक 11.03.2023 के आधार पर उक्त भूखण्ड का बेचान श्री कुन्जीलाल मीना पुत्र श्री मोतीलाल मीना को कर दिया गया। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों के आधार पर आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देखें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त जोन-4, जविप्रा, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: जविप्रा/उपा./जोन-4/2025/डी-5408 दिनांक: 16.04.2025
**सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कुन्जीलाल मीना पुत्र श्री मोतीलाल मीना द्वारा न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-एच के भूखण्ड संख्या 372 का नाम हस्तानारण पत्र ज़ारी करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में पूर्व में इस कार्यालय के द्वारा न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-एच के भूखण्ड संख्या 372 क्षेत्रफल 347 वर्गगज का पट्टा श्री त्रिलोक अग्रवाल पुत्र श्री गणेश नारायण अग्रवाल के पक्ष में क्रमांक 273 दिनांक 14.07.2010 को जारी किया गया, जिसे उप पंजीयक जयपुर के यहां दिनांक 11.08.2010 को पंजीबद्ध करवाया गया। तत्पश्चात श्री त्रिलोक अग्रवाल पुत्र श्री गणेश नारायण अग्रवाल द्वारा पंजीकृत विक्रय दिनांक 13.07.2011 द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान श्री जगदीश नारायण शर्मा पुत्र स्व. श्री देवी सहाय चौबे को कर दिया गया। इस कार्यालय के पत्र क्रमांक डी-834 दिनांक 28.02.2013 के द्वारा न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-एच के भूखण्ड संख्या 372 का नाम हस्तान्तरण श्री जगदीश नारायण शर्मा पुत्र स्व. श्री देवी सहाय चौबे के पक्ष में कर दिया गया। श्री जगदीश नारायण शर्मा पुत्र स्व. श्री देवी सहाय चौबे द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 14.08.2020 के आधार पर उक्त भूखण्ड का बेचान श्रीमती भारती कटटा पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार कटटा को कर दिया गया। श्रीमती भारती कटटा पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार कटटा द्वारा पंजीकृत विक्रय दिनांक 11.03.2023 के आधार पर उक्त भूखण्ड का बेचान श्री कुन्जीलाल मीना पुत्र श्री मोतीलाल मीना को कर दिया गया। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों के आधार पर आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देखें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त जोन-4, जविप्रा, जयपुर

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**
**व्यवहार मिश्रित ( मुत्तफरिक ) वाद सं. 7493/2025**
**विषय : उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।**
**प्रार्थी-नाम** (1) सैम जॉन पुत्र स्व. श्री के.सी. जॉन निवासी-डी-83, बाइबल चापल, चौमूं हाउस, जयपुर। (2) जैकब जॉन पुत्र स्व. श्री के.सी. जॉन निवासी-21/35 मानसरोवर, जयपुर।
मृतक के.सी.जॉन की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक - 20.05.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम के.सी. जॉन पुत्र चक्को निवासी- डी- 83, चौमूं हाउस जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे।
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 20 माह 5 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 11 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीगण ने मृतक के.सी. जॉन के नाम प्रा. पत्र में वर्णित पी.एफ. राशि बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
2888/11.4.25
मुहर
आज्ञा न्यायालय से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम

**Debts Recovery Tribunal, Jaipur**
First floor, Sudharma-II, Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road Jaipur
R.C. No.: 732/2022 Next Date: 21/04/25
DEMAND NOTICE
Notice under Section 25 to 28 of the recovery of debts & BankRuptcy Act 1993 and Rule 2 of Second Schedule to the Income Tax Act, 1961,
**State Bank Of India** V/S **M/S R.R. AGENCIES**
To,(1) M/S R.R. AGENCIES, Through its Proprietor Rohit Gupta S/o Shri Rodhey Shyam Gupta R/o Shop at Near SBI Bank Super Bazar Kanota Jaipur (Raj.) 303012(CD2) Rohit Gupta S/o Shri Rodhey Shyam Gupta, R/o 82, Murlidhar mandir ke pass Banon ka Mohalla Sadar Bazar Kanota Jaipur Raj. 303012. This is to notify that as per Recovery certificate issued in pursuance of orders passed by the presiding Officer Debts Recovery Tribunal Jaipur O.A. 854/2018 an amount of **Rs. 10,50,486/- (Rupees Ten Lakh Fifty Thousand Four Hundred Eighty six only)** and interest thereon as per Recovery Certificate is due against you. 1. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of Receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institution Act 1993 as per rules there under. 2. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing. 3. You are, hereby ordered to appear before undersigned on 21/04/2025 at 10:30 A.M.for further proceedings 4. In additions to the sum afore said you will be liable to pay" (a) Such interest as is payable for the period commencing immediately after this notice of the execution proceedings. (b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and other process that may be taken for recovering the amount due. Details of Amount in the Recovery certificate Due Against you

| | |
|---|---|
| 1.Recovery Certificate Amount | : Rs. 10,50,486/- |
| 2. Cost of Suit | : Rs. 14,392/- |
| 3. Interest from 06.11.2018 to 27.09.2023 @ 10% p.a. | : Rs. 3,82,204.22/- |
| 4. Less Amount recovererd after RC Issued | : Rs. Nil |
| 5. Total Dues | : Rs. 14,47,082.22/- |

Recovery Officer
Seal Debts Recovery Tribunal Jaipur

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: जविप्रा/उपा./जोन-9/2025/डी-1282 दिनांक: 08.04.2025
**सार्वजनिक विज्ञप्ति**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुचिता तिवारी पत्नी स्व. श्री दिग्विजय नारायण तिवारी द्वारा भूखण्ड संख्या बी-412 क्षेत्रफल 252 व.मी. जविप्रा योजना रामनगरिया विस्तार का नाम हस्तान्तरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा चाहने हेतु ऑन लाईन आवेदन पंजीयन संख्या 214145 दिनांक 20.03.2025 द्वारा निवेदन किया गया है। भूखण्ड संख्या बी-412 क्षेत्रफल 252 व.मी. जविप्रा योजना रामनगरिया विस्तार की लीज डीड दिनांक 30.03.2005 को श्री दिग्विजय नारायण तिवारी पुत्र श्री रामाज्ञा तिवारी के पक्ष में जारी की गई। श्री दिग्विजय नारायण तिवारी पुत्र श्री रामाज्ञा तिवारी की मृत्यु दिनांक 28.04.2021 को हो चुकी है। प्रस्तुत शपथ पत्र एवं श्री सत्यम तिवारी एवं श्री शुभम तिवारी पुत्रान स्व. श्री दिग्विजय नारायण तिवारी द्वारा श्रीमती सुचिता तिवारी (माता) के पक्ष में रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 17.03.2025 को निष्पादित किया गया है इत्यादि अपलोड किये गये है। उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
उपायुक्त जोन-9, जविप्रा, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: एफ( )जविप्रा/उपा./जोन-11/2025/डी-5556 दिनांक: 15.04.2025
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रिखब जैन पुत्र श्री ज्ञानचन्द लोढा के द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम नृसिंहपुरा दादिया के आवासीय भूखण्ड संख्या 251 क्षेत्रफल 1250.00 वर्गमीटर के नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड की लीजडीड क्रमांक 161 दिनांक 16.09.2019 के द्वारा श्री ज्ञानचन्द लोढा पुत्र श्री हीराचन्द लोढा के पक्ष में जारी की गयी है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 14.03.2023 के अनुसार श्री ज्ञानचन्द लोढा की मृत्यु दिनांक 10.01.2023 हो गयी है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार श्रीमती पदमा देवी (पत्नी), इन्द्रा सिंघवी (पुत्री), सुनीता डागा (पुत्री), चित्रा तातेड (पुत्री), विनय जैन (पुत्र), श्री रिखब जैन (पुत्र) वारिसान है। श्री ज्ञानचन्द लोढा द्वारा अपने पुत्र श्री रिखब जैन के पक्ष में भूखण्ड संख्या 251 के संबंध में पंजीकृत वसीयत कर दी गयी है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड के नाम हस्तांतरण/लीजडीड किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/फर्म/कम्पनी/संस्था एवं अन्य को आपत्ति हो तो यह सूचना जारी होने के 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपायुक्त जोन-11, जविप्रा, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर** www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक: (213123) जविप्रा/जोन-11/2025/डी-5353 **विज्ञप्ति** दिनांक: 24.03.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हितेश गुप्ता पुत्र श्री सुनील कुमार गुप्ता निजी खातेदारी की आवासीय योजना शिव रेजीडेन्सी ।। ए के भूखण्ड सं. 14 क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज की लीजडीड जारी किये ऑनलाईन आवेदन किया गया है। विकासकर्ता द्वारा उक्त भूखण्ड का आवंटन पत्र, साईट प्लान श्री महेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री हरी नारायण शर्मा के पक्ष में जारी किया गया। तत्पश्चात् इनके द्वारा रजि. विक्रय पत्र दिनांक 12.06.2024 के द्वारा श्री गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री सरदार सिंह को बेचान किया गया। तत्पश्चात् इनके द्वारा रजि. विक्रय पत्र दिनांक 10.07.2024 के माध्यम श्री हितेश गुप्ता पुत्र श्री सुनील कुमार गुप्ता को बेचान किया गया। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज एवं नई एसओपी के अनुसार एक से अधिक बेचान के दस्तावेजों आदि के आधार पर उक्त भूखण्ड की लीजडीड, श्री हितेश गुप्ता पुत्र श्री सुनील कुमार गुप्ता के पक्ष में किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को जोन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि पश्चात प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-11, जविप्रा, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास , जयपुर-0141-4901853
क्रमांक: 1117 **आम जाहिर सूचना** दिनांक: 16.04.2025
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा अवास संख्या 3-त-7 जवाहर नगर जयपुर क्षेत्रफल 258.00 वर्ग गज का आवंटन श्री कौशल कुमार मित्तल पुत्र श्री एस. एन. मित्तल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5752 दिनांक 31/01/1975 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 8854 दिनांक 29/04/1975 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उपपंजीयक जयपुर नगर में दिनांक 18/10/1977 को कराया गया। पंजीयन उपरान्त आवंटी श्री कौशल कुमार मित्तल ने उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्रीमती चन्दन शाह पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार शाह एवं श्री नरेन्द्र कुमार शाह पुत्र श्री मूल चन्द शाह को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उपपंजीयक जयपुर- प्रथम में दिनांक 10/04/1990 को करवाया गया। तत्पश्चात उक्त दोनो क्रेताओं में से श्रीमती चन्दन [illegible] का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री के श्री दिनेश [illegible] श्रीमती मोनिका गर्ग पत्नी श्री नितिन गर्ग को कर, [illegible] उप पंजीयक जयपुर चतुर्थ में दिनांक 04/04/202[illegible] गर्ग पुत्र स्व.श्री सूरजभान गर्ग एवं श्रीमती मोनिका ग[illegible] आवास का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के ब[illegible] का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेद[illegible] के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आ[illegible] 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सा[illegible] कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त [illegible] श्री दिनेश गर्ग पुत्र स्व. श्री सूरजभान गर्ग एवं श्रीमत[illegible] गर्ग का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
संपदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर-0141-2782772
क्रमांक: DHC-II/53 **जाहिर आम सूचना** दिनांक: 15.04.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 11/150, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 121.50 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री प्रदीप कुमार विजय पुत्र श्री राधेश्याम विजय को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 304 दिनांक 29.04.1995 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 14.07.1995 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 908 दिनांक 31.05.1999 के द्वारा श्री प्रदीप [illegible]
सम्पदा प्रबंधक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**
**व्यवहार मिश्रित ( मुत्तफरिक ) वाद सं. 6805/2025**
**विषय : उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।**
**प्रार्थी-नाम** श्रीमती इन्दूरानी पत्नी स्व. श्री दिनेश कुमार शर्मा विवाद स्थान 329, गुरूनानक पुरा, राजापार्क, जवाहर नगर, जयपुर।
मृतक दिनेश कुमार शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक - 03.05.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम दिनेश कुमार शर्मा पुत्र कृष्ण लाल शर्मा निवासी-329, गुरूनानक पुरा, राजापार्क, जवाहर नगर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे।
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 03 माह 5 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 16 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीया ने मृतक दिनेश कुमार शर्मा के नाम प्रा. पत्र में वर्णित बैंक में जमा राशि बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
मुहर
आज्ञा न्यायालय से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
क्रमांक : 1/22 **आम जाहिर सूचना** दि.: 16.04.2025
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर आवास संख्या-7/घ/16, जवाहर नगर, जयपुर क्षेत्रफल 174.00 वर्गगज का आवंटन श्री बंशीलाल पुत्र श्री घनश्याम दास को किया गया था जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 14068 दिनांक 23.09.1975 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर चतुर्थ में दिनांक 26.03.2010 को करवाया गया। श्री बंशीलाल की मृत्यु दिनांक 05.01.2022 को हो जाने के कारण श्रीमती पदमा देवी पत्नी स्व. श्री बंशीलाल के द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रशासनिक शुल्क जमा की रसीद की प्रति शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, स्वयं एवं गवाह के पहचान पत्र की छाया प्रति एवं रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने के लिए निवेदन किया गया है। अत: उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती पदमा देवी पत्नी स्व. श्री बंशीलाल के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
डी.आर.एम/बिजली, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **(1) निविदा संख्या: 03/2025-26, कार्य का नाम:** Power supply strengthening by provision of spare cablings, transformers & other associated items viz panels, LT/HT networks etc in colonies, service buildings and other important locations in the sections of SSE/E BGKT, SMR, BME & JSM Depots over JU Division. **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 2,97,75,531.92 **(2) निविदा संख्या: 04/2025-26, कार्य का नाम:** Electrical work in connection with (a) replacement of old/dilapidated quarters by 12 unit Type-II quarters at RKB under ADEN/HQ/JU. (b) Electrical work in connection with replacement of old/dilapidated quarters by 25 units Tyep-II quarters in DS colony under ADEN/HQ. (c)Electrical work in connection with replacement of old/dilapidated quarters by 22 units Tyep-II quarters in old loco colony under ADEN/HQ. **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1,07,77,954.79 **(3) निविदा संख्या: 05/2025-26, कार्य का नाम:** Strengthening of backup power supply of PRS/UTS Systems by provision of 1KVA UPS and batteries with other associates items over JU Division. **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 91,40,716.44 **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता: http://www.ireps.gov.in ई - निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 08.05.2025 को 15:00 बजे तक। **ई - निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 08.05.2025 को 15.00 बजे के बाद। विस्तृत जानकारी हेतु कृपया **http://www.ireps.gov.in** पर विजिट करें। **433-AR/25**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PWD, DISTRICT DIVISION, PHULERA**
No.:-62 Date:- 7/4/2025
**Notice Inviting Bid**
Bids for NIT No. 01/2025-26 of Various 2 Nos. Works are invited from intersted bidders upto 08.04.2025 to 17.04.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and departmenal website. The approximate value of the procurement is Rs. 79.02 Lacs.
1. UBN No. PWD2526WSOB00196
2. UBN No. PWD2526WSOB00197
DIPR/C/5069/2025 PWD Distt. Dn. Phulera

**कार्यालय नगरपालिका महवा (दौसा) राज0**
EMAIL-nagarpalikamahwa@gmail.com फोन न.- 07461 284005
क्रमांक-नपाम / 2024-25 / 66 दिनांक- 15.04.2025
**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**
नगर पालिका महवा द्वारा विभिन्न कार्यो की निविदा आमंत्रित की गई है जिसकी निविदा यू बी एन न. (DLB2526WSRC01691), (DLB2526WSRC01692), (DLB2526WSRC01693), (DLB2526WSRC01694), (DLB2526WSRC01696), (DLB2526WSRC01697), (DLB2526WSRC01698), (DLB2526WSRC01695) है। निविदा सूचना एवं शर्ते राजस्थान उपापन पोर्टल की बेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका महवा
राज.संवाद / सी / 25 / 741

**उत्तर मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये **मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी** निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
**कार्य का नामः** झाँसी डिवीज़न-भरवा सुमेरपुर-घाटमपुर-सीटीआर (पी)-36.51 टीकिमी. एंड झाँसी डिवीज़न-घाटमपुर-भीमसेन सीटीआर (पी)-32.23 टीकिमी।

| ई-निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|
| झाँसी-इन्जी.-ई-2025-50 | ₹ 106404157.66 | ₹ 682000.00 |

**निविदा बंद होने की तिथिः 09.05.2025** at **15.00 hrs. स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 15 माह। • निविदा दिनांक **09.05.2025** को **15.00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **655/25 FA**
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
सं0 - JHS/Comm/e-Auction/25/98 दिनांक - 15.04.2025
**ई-नीलामी सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

| श्रेणी - पार्सल | केटलोग संख्या : JHS-LEASING -35 |
|---|---|
| **एसेट्स डिटेल्सः** 1. ट्रेन संख्या-22547 में 01 एसएलआर-एफ - I.<br>2. ट्रेन संख्या-12198 में 02 एसएलआर- एफ-1 & एफ-II.<br>3. ट्रेन संख्या-12049 में 01 एसएलआर- एफ-I.<br>4. ट्रेन संख्या-12279 में 01 एसएलआर- एफ-I.<br>5. ट्रेन संख्या-22198 में 01 एसएलआर- एफ-I.<br>6. ट्रेन संख्या-22195 में 01 एसएलआर - एफ-I.<br>7. ट्रेन संख्या - 12320 में 01 एसएलआर- एफ - I.<br>8. ट्रेन संख्या-11123 में 01 एसएलआर- एफ-II.<br>9. ट्रेन संख्या-12176 में 01 एसएलआर- आर - I. | **ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय** दिनांक 01.05.2025 को समय- 11.00 से<br>**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय** दिनांक 01.05.2025 को समय- 13:00 तक |

**नोटः-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। **658/25(DG)**
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**
**मण्डल शस्त्रा-जयपुर सीकर; ग्राउंड फ्लोर, किसान भवन, कृषि उपज मंडी समिति, जयपुर रोड, सीकर (राजस्थान)- 332001 ईमेल: cs8246@pnb.co.in**
**अचल सम्पत्तियों की विक्रय सूचना**
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। सर्व-साधारण को और विशेष रूप से ऋणी / जमानतदार को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का अधिग्रहण रचानात्मक/ सांकेतिक/भौतिक रूप से पंजाब नैशनल बैंक- प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" को नीचे दी गई तालिका में उल्लेखित तिथि को ऋणी / जमानतदार से पंजाब नैशनल बैंक प्रतिभूत लेनदार की बकाया ऋण राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि (धरोहर राशि) संबंधित सम्पति के आगे नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।
**प्रतिभूत परिसंपत्तियों की अनुसूची**

| लॉट नं. | शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋणी/जमानती का नाम व पता | बंधक चल/अचल सम्पत्तियों का विवरण (बंधककर्ताओं का नाम) | (अ) सरफैसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) मांग नोटिस की दिनांक (ब) बकाया राशि दिनांक तक (स) सरफैसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) कब्जा दिनांक (द) कब्जे का प्रतीक सांकेतिक/भौतिक/रचानात्मक | (अ) आरक्षित मूल्य (रूपये लाखों में) (ब) ईएमडी (स) बोली वृद्धि राशि (द) निरीक्षण की दिनांक एवं समय | ई-नीलामी की दिनांक व समय | प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात भार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीएनबी- झोटवाड़ा, जयपुर<br>मैसर्स घासल एग्रो इंडस्ट्रीज; पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान)- 303328<br>प्रोप. श्री तारा चंद चौधरी पुत्र श्री गोपाल चौधरी; पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान)- 303328<br>गारंटरः 1. श्री गोपाल चौधरी पुत्र श्री मन्ना राम (साझेदार), पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान)- 303328, 2. श्री गुरु बचन सिंह पुत्र गोपाल चौधरी; पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान)- 303328 | 1. सम्पत्ति के अंग व अंश गठित होते जिसमें परिवर्तित औद्योगिक भूमि एवं भवन जो खसरा नंबर 693/3/7, गांव-डूंगरी, ग्राम पंचायत-जोरपुरा सुंदेरीयावास, तहसील फुलेरा, जिला-जयपुर, राजस्थान में स्थित, जो श्री गोपाल चौधरी पुत्र श्री मन्ना राम के नाम से है। जिसका क्षेत्रफल 3920.38 वर्गमीटर है। (पहला प्रभार 24.04.2012) [Also mortaged in A/c Ghasal Industries O/s Rs. 4,42,66,827.08 as on 31-03-2025]<br>2.परिवर्तित औद्योगिक भूमि जो खसरा नंबर 784/693, 785/693 एवं 721/693 गांव-डूंगरी, ग्राम पंचायत-जोरपुरा सुंदेरीयावास, तहसील फुलेरा, जिला-जयपुर, राजस्थान में स्थित, जो श्री ताराचन्द चौधरी पुत्र श्री गोपाल चौधरी के नाम से है। जिसका क्षेत्रफल 4937.60 वर्गमीटर है। [Also mortaged in A/c Wahe Guru Industries O/s Rs. 4,23,56,211.55 as on 31-03-2025 & A/c Tara Chand Choudhary O/s Rs.1,07,65,657.51 as on 31-03-2025] | अ) 13.09.2019<br>ब)रू. 2,12,75,874.14 दिनांक 31/03/2025 तक + आगे का ब्याज।<br>स) 10-12-2024<br>द) सांकेतिक कब्जा | 1.अ) रू. 83,31,000/-<br>ब) रू. 8,33,100/-<br>स) रू. 10,000/-<br>द) 13-05-2025<br>2. अ) रू.1,04,92,000/-<br>ब) रू. 10,49,200/-<br>स) रू. 20,000/-<br>द) 13-05-2025 | 14.05.2025 प्रातः 11.00 बजे से सांय 04.00 बजे | ज्ञात नहीं |
| 2 | पीएनबी- झोटवाड़ा, जयपुर<br>मैसर्स घासल फार्म्स, पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328<br>प्रोप. श्री अजय चौधरी पुत्र श्री हुकुम चौधरी; पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328<br>गारंटरः 1. श्रीमती बादामी देवी पत्नी श्री गोपाल चौधरी; पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328 2. श्री गुरु बचन सिंह पुत्र गोपाल चौधरी; पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328 | 1. संपत्ति के अंग व अंश गठित होते जिसमें परिवर्तित औद्योगिक भूमि एवं भवन जो खसरा नंबर 693/3/2, गांव डूंगरी, ग्राम पंचायत जोरपुरा सुंदेरीयावास, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल 1264.64 वर्गमीटर है जो श्रीमती बादामी देवी पत्नी श्री गोपाल चौधरी के नाम से है।<br>2. संपत्ति के अंग व अंश गठित होते जिसमें परिवर्तित व्यावसायिक भूमि व भवन जो खसरा नंबर 800/692 गांव डूंगरी, ग्राम पंचायत जोरपुरा सुंदेरीयावास, तहसील किशनगढ़ रेनवाल, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल 2500 वर्गमीटर है जो श्री ताराचन्द चौधरी पुत्र श्री गोपाल चौधरी के नाम से है।<br>3. संपत्ति के अंग व अंश गठित होते जिसमें परिवर्तित औद्योगिक भूमि व भवन जो खसरा नंबर 693/3/1 गांव डूंगरी, ग्राम पंचायत जोरपुरा सुंदेरीयावास, तहसील-फुलेरा, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल 2655.74 वर्गमीटर है जो श्रीमती बादामी देवी पत्नी श्री गोपाल चौधरी के नाम से है।<br>4. संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जिसमें परिवर्तित औद्योगिक भूमि एवं भवन जो खसरा नंबर 15/2 गांव-जोरपुरा, हिंगोनिया रोड,ग्राम पंचायत-जोरपुरा सुंदेरीयावास, तहसील फुलेरा, जिला-जयपुर, राजस्थान में स्थित, जो श्री अजय चौधरी पुत्र श्री हुकुमसिंह के नाम से है। जिसका क्षेत्रफल 5181.32 वर्गमी. (09.06.2016 को प्रथम एवं एकमात्र प्रभार) | अ) 13.09.2019<br>ब) रू. 2,72,74,268.06 दिनांक 31/03/2025 तक + आगे का ब्याज।<br>स) 10-12-2024<br>द) सांकेतिक कब्जा | 1.अ) रू. 26,88,000/-<br>ब) रू. 2,68,800/-<br>स) रू. 10,000/-<br>द) 13-05-2025<br>2. अ) रू.46,75,000/-<br>ब) रू. 4,67,500/-<br>स) रू. 10,000/-<br>द) 13-05-2025<br>3. अ) रू.49,67,000/-<br>ब) रू. 4,96,700/-<br>स) रू. 10,000/-<br>द) 13-05-2025<br>4.अ) रू.1,54,39,000/-<br>ब) रू. 15,43,900/-<br>स) रू. 20,000/-<br>द) 13-05-2025 | 14.05.2025 प्रातः 11.00 बजे से सांय 04.00 बजे | ज्ञात नहीं |
| 3 | पीएनबी- झोटवाड़ा, जयपुर<br>मैसर्स घासल इंडस्ट्रीज; पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328<br>प्रोप. श्री हुकम सिंह पुत्र श्री गोपाल चौधरी; पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान)- 303328.<br>गारंटरः 1. श्रीमती श्रवणी देवी पत्नी श्री हुकुम सिंह, पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328 2. श्री गोपाल चौधरी पुत्र श्री मन्ना राम; पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328 | 1. सम्पत्ति के अंग व अंश गठित होते जिसमें परिवर्तित औद्योगिक भूमि एवं भवन जो खसरा नंबर 693/3/4, गांव डूंगरी, ग्राम पंचायत जोरपुरा सुंदेरीयावास, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल 1264.64 वर्गमीटर है जो श्री हुकम सिंह पुत्र श्री गोपाल चौधरी के नाम से है। सीमाएंः- पूर्वः कृषि भूमि, पश्चिमः सड़क, उत्तरः खसरा नंबर 693/3/3, दक्षिणः अन्य की सम्पत्ति।<br>2. परिवर्तित औद्योगिक भूमि एवं भवन जो खसरा नंबर 693/3/3, गांव डूंगरी, ग्राम पंचायत जोरपुरा सुंदेरीयावास, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल 1264.64 वर्गमीटर है जो श्रीमती श्रवणी देवी पत्नी श्री हुकम सिंह के नाम से है। सीमाएंः- पूर्वः कृषि भूमि, पश्चिमः सड़क, उत्तरः खसरा नं. 693/3/2, दक्षिणः खसरा नं. 693/3/4 | अ) 28.08.2019<br>ब) रू. 4,42,66,827.08 दिनांक 31/03/2025 तक + आगे का ब्याज।<br>स) 16-12-2024<br>द) सांकेतिक कब्जा<br>Note: For information of general public that a Securitization Appeal (SA) No.15/2020 is pending before Hon'ble DRT, Jaipur which was filed by borrower. | 1.अ) रू. 64,26,000/-<br>ब) रू. 6,42,600/-<br>स) रू. 10,000/-<br>द) 13-05-2025<br>2.अ) रू.32,32,000/-<br>ब) रू. 3,23,200/-<br>स) रू. 10,000/-<br>द) 13-05-2025 | 14.05.2025 प्रातः 11.00 बजे से सांय 04.00 बजे | ज्ञात नहीं |
| 4 | पीएनबी- झोटवाड़ा जयपुर<br>मैसर्स सूर्या पोल्ट्री फार्म पताः गांव और पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328<br>प्रोप.:- श्री गुरु बचन सिंह पुत्र श्री गोपाल चौधरी<br>गारंटरः 1 श्री गोपाल चौधरी पुत्र श्री मन्नाराम दोनों निवासी :- गांव और पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328 | 1. परिवर्तित औद्योगिक भूमि एवं भवन, खसरा संख्या 656/248, ग्राम हिंगोनिया, ग्राम पंचायत जोरपुरा सुंदरियावास, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित, जो श्री गोपाल चौधरी पुत्र श्री मन्नाराम के नाम से है, क्षेत्रफलः- लगभग 1896.96 वर्गमीटर<br>2. परिवर्तित औद्योगिक भूमि एवं भवन, खसरा संख्या 15/2 (पुराना), 359/15 (नया) ग्राम जोरपुरा, हिंगोनिया रोड, ग्राम पंचायत जोरपुरा, सुंदरियावास, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित, जो श्री गुरुबचन सिंह पुत्र श्री गोपाल चौधरी के नाम से है, क्षेत्रफलः- लगभग 2650.57 वर्गमीटर (पहला प्रभार 25.09.2013 को) [Alsomortaged in A/c. Ghasal Farms O/s Rs.2,72,74,268.06 as on 31-03-2025] | अ) 12.11.2019<br>ब) रू. 1,13,31,807.15 दिनांक 31/03/2025 तक + आगे का ब्याज।<br>स) 07.11.2024<br>द) सांकेतिक कब्जा | 1.अ) रू.40,31,000/-<br>ब) रू. 4,03,100/-<br>स) रू. 10,000/-<br>द) 13-05-2025<br>2.अ) रू.82,71,000/-<br>ब) रू. 8,27,100/-<br>स) रू. 10,000/-<br>द) 13-05-2025 | 14.05.2025 प्रातः 11.00 बजे से सांय 04.00 बजे | ज्ञात नहीं |
| 5 | पीएनबी- झोटवाड़ा जयपुर<br>श्री तारा चंद चौधरी पुत्र गोपाल चौधरी, पताः गांव और पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328 | परिवर्तित औद्योगिक भूमि एवं भवन, जो कि ग्राम जोरपुरा, हिंगोनिया रोड, ग्राम पंचायत जोरपुरा, सुंदरियावास, तहसील फुलेरा, जिला-जयपुर, राज.में जो खसरा नं. 15/2 (उत्तर दक्षिण दिशा मध्य भाग) पर स्थित है, जो श्री ताराचंद चौधरी पुत्र श्री गोपाल चौधरी के नाम से है जिसका लगभग क्षेत्रफलः- 2650.57 वर्गमीटर [Also mortaged in A/c. Ghasal Agro Industries O/s Rs. 2,12,75,874.14 as on 31-03-2025] | अ) 10.05.2021<br>ब) रू. 1,07,65,657.51 दिनांक 31/03/2025 तक + आगे का ब्याज।<br>स) 07.11.2024<br>द) सांकेतिक कब्जा | 1.अ) रू.82,80,000/-<br>ब) रू. 8,28,000/-<br>स) रू. 50,000/-<br>द) 13-05-2025 | 14.05.2025 प्रातः 11.00 बजे से सांय 04.00 बजे | ज्ञात नहीं |
| 6 | पीएनबी- झोटवाड़ा जयपुर<br>मैसर्स वाहे गुरु इंडस्ट्रीज; पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान)-303328<br>प्रोप. श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी श्री गुरु बचन सिंह; पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328<br>गारंटरः 1. श्री तारा चंद चौधरी पुत्र श्री गोपाल चौधरी; पताः ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328 2. श्री गुरु बचन सिंह पुत्र गोपाल चौधरी; ग्राम एवं पोस्ट हिंगोनिया, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राजस्थान) - 303328 | 1. सम्पत्ति के अंग व अंश गठित होते जिसमें परिवर्तित औद्योगिक भूमि एवं भवन जो खसरा नंबर 693/3/6, गांव डूंगरी, ग्राम पंचायत जोरपुरा सुंदेरीयावास, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल 1264.64 वर्गमीटर है जो श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी श्री गुरू बचन सिंह के नाम से है।<br>2. परिवर्तित वाणिज्यिक भूमि एवं भवन जो खसरा नंबर 805/692, गांव डूंगरी, ग्राम पंचायत जोरपुरा सुंदेरीयावास, तहसील किशनगढ़ रेनवाल, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल 2500 वर्गमीटर है जो श्री ताराचन्द चौधरी पुत्र श्री गोपाल चौधरी के नाम से है।<br>3. परिवर्तित वाणिज्यिक भूमि एवं भवन जो खसरा नंबर 804/692, गांव डूंगरी, ग्राम पंचायत जोरपुरा सुंदेरीयावास, तहसील किशनगढ़ रेनवाल, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल 2500 वर्गमीटर है जो श्री गुरू बचन सिंह पुत्र श्री गोपाल चौधरी के नाम से है। | अ) 28.08.2019<br>ब) रू. 4,23,56,211.55 दिनांक 31/03/2025 तक + आगे का ब्याज।<br>स) 04.12.2019<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ) रू. 66,89,000/-<br>ब) रू. 6,68,900/-<br>स) रू. 10,000/-<br>द) 13/05/2025<br>अ) रू.46,75,000/-<br>ब) रू. 4,67,500/-<br>स) रू. 10,000/-<br>द) 13/05/2025<br>अ) रू.46,75,000/-<br>ब) रू. 4,67,500/-<br>स) रू. 10,000/-<br>द) 13/05/2025 | 14.05.2025 प्रातः 11.00 बजे से सांय 04.00 बजे | ज्ञात नहीं |

**शर्तें व निबन्धन–** 1. बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निम्नलिखित शर्तों और निबन्धनों के अधीन होगी। 2. सम्पत्ति को "जो जहॉ है, जो जैसा है, और जो कुछ भी है" के रूप में बेचा जाएगा। 3. इस अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्ति के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की प्राप्त पूर्ण जानकारी के अनुसार ही प्रतिभूत आस्तियों को उपर दिखाई गई तालिका के अनुसार बेचा जाएगा, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 4. उपराक्त बिकी **https://baanknet.com** की वेबसाइट पर **दिनांक 14.05.2025** को समय **प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे** नीलामी के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की जाएगी। 5. विक्रय की विस्तृत जानकारी हेतु व निबन्धन और शर्तों के लिए कृपया **https://baanknet.com** एवं **www.pnbindia.in** देखें।
दिनांकः 15/04/2025
स्थानः सीकर
**सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के तहत 15 दिवस की वैधानिक विक्रय सूचना**
प्राधिकृत अधिकारी,
पंजाब नैशनल बैंक, प्रतिभूत लेनदार

## संक्षिप्त समाचार

# चामुंडा माता मंदिर से चोर सरियों से उखाड़ ले गए दानपात्र

महानगर संवाददाता



**बाली।** सादड़ी के मुंडारा स्थित चामुंडा माता मंदिर में दानपात्र चोरी का मामला सामने आया है। मंदिर के मुख्य पुजारी राज्यमंत्री ओटाराम देवासी है, जो कि घटना के समय घटनास्थल से महज 30 फीट दूरी पर खुले में सो रहे थे। घटना मंगलवार रात करीब सवा 12 बजे की है। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य गजेंद्र सिंह करणोत ने बताया कि राज्यमंत्री ओटाराम देवासी रात को 11 से 12 बजे के बीच चेंबर से मंदिर परिसर में लौटे थे। मंत्री की सुरक्षा में एमबीसी मेवाड़ भील कोर तैनात कर रखे हैं। जो घटना के समय मौजूद नहीं थे। इसी दौरान चोरों ने मंदिर के पीछे की दीवार फांदकर अंदर प्रवेश किया और सीसीटीवी की केबल काट दी। इसके बाद मंदिर परिसर में घुसे। मंदिर के मुख्य गेट के पास लगा दान पात्र सरिये से उखाड़कर ले गए। चोर करीब 2 घंटे तक मंदिर परिसर में रहे और दानपात्र उठाकर मंदिर के पीछे खाली जगह में ले गए। जहां उसमें रखी अनुमानित 4-5 लाख की नकदी चुरा ली। साथ ही मंदिर भवन की छत पर सो रहे युवक का मोबाइल भी चुरा लिया। सवेरे मंदिर में मौजूद लोग उठे तो दानपात्र गायब मिला। इसकी सूचना सादड़ी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर सादड़ी पुलिस सीआई हनवंत सिंह सोढ़ा, मंदिर प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष और बाली तहसीलदार जितेंद्र सिंह समेत समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। आस-पास लगे सीसीटीवी की जांच की जा रही है। गजेंद्र सिंह करणोत ने बताया कि दानपात्र 21 फरवरी को खोला गया था। जिसमें करीब 5 लाख से ज्यादा चढ़ावा प्राप्त हुआ था। दानपत्र के भरने के बाद प्रबंधन समिति द्वारा खोला जाता है। इस बार नवरात्रि होने के चलते दानपात्र में राशि ज्यादा होने का अनुमान जताया जा रहा था।

## दो मासूम बच्चों की हौद में डूबने से मौत

**तिंवरी (जोधपुर) (म.सं.)।** जोधपुर जिले के तिंवरी थाना क्षेत्र के बड़ा कोटेचा गांव में शादी समारोह में शामिल होने आए दो बच्चों की पानी की होद में डूबने से मौत हो गई। दोनों बच्चे खेलते-खेलते पानी की होद में गिर गए। दोनों बच्चों की पहचान कुलदीप सिंह (7) पुत्र अनोप सिंह और लक्ष्मी (8) पुत्री कान सिंह निवासी चिचड़ली थाना झंवर (जोधपुर) के रहने वाले थे। परिजनों ने बताया कि दोनों बच्चे 6 दिन पहले नाना अमर सिंह पुत्र पदम सिंह निवासी कोटेचा थाना मथानिया (जोधपुर) के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। बुधवार सुबह 10:30 बजे दोनों बच्चे घर के पास बने पानी के होद में खेलते खेलते गिर गए। इसके बाद परिजन उन्हें बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिंवरी लेकर पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एमडीएम जोधपुर रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# उपचार के नाम पर विवाहिता से दुष्कर्म, आरोपी ढोंगी तांत्रिक को उम्रकैद



महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** उपचार के नाम पर विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी ढोंगी तांत्रिक को न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला करीब 5 साल बाद आया है। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 2 पीयूष चौधरी ने बुधवार को फैसला सुनाया है।

अपर लोक अभियोजन संख्या 2 की सरकारी वकील अनामिका सांदू ने बताया कि 5 मई 2020 को पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसमें उसने बताया था कि वह तीन-चार माह से बीमार चल रही थी। उपचार के बाद भी कोई फर्क नहीं पड़ रहा था, जिसके चलते पीड़िता ने परिवार वालों के कहने पर 70 साल के तांत्रिक के पास गई थी। उसने जादू-टोना करके भूत प्रेत का साया दूर करने के लिए 4 मई 2020 विवाहिता के पीहर के श्मशान घाट में पूजा के लिए अकेला बुलाया और चाकू की नोक पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। काफी देर बाद भी जब महिला घर नहीं पहुंची तो उसके परिजन मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके और उसके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। अनामिका सांदू ने बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 10 गवाहों के बयान दर्ज कराए और 27 दस्तावेजों को पेश किया। सभी पक्षों को सुनने के बाद, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 2 पीयूष चौधरी ने बुधवार को आरोपी को धारा 376 (1) के तहत दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास और 50 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

## नशे की लत ने दो युवकों को बना दिया चोर

**जयपुर (म.सं.)।** जयपुर के करणी विहार थाना पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार दोनों बदमाश अपने शौक और नशे की पूर्ती के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थे। दोनों के खिलाफ पूर्व में भी कई शिकायत दर्ज हैं। करणी विहार थाना सीआई महावीर सिंह ने बताया कि 8 अप्रेल को त्रिलोक चंद बैरवा ने एक रिपोर्ट दी की 5 अप्रेल को वह घर के ताला लगाकर परिवार सहित अपने गांव मण्डावरी जडूला कार्यक्रम में गया था। 7 को जब वह घर लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था व घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ मिला। कोई अज्ञात चोर घर के ताले तोड़कर अंदर घुसे है जो घर में रखे सोने चांदी के जेवरात, नगदी व अन्य सामान चोरी करके ले गये। जिस पर एफआईआर दर्ज कर इलाके में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज पर पुलिस टीम ने काम किया। जिस पर दोनों बदमाश पुलिस को मिले दोनों बदमाशों की पहचान की और उन्हें डिटेन कर थाने लाये।जहां पूछताछ में दोनों ने वारदात करना कबूला। जिस के बाद पुलिस ने समीर हरिजन निवासी गांव पचेवर हरिजन मौहल्ला पुलिस थाना पचेवर जिला टोंक हाल किरायेदार म.न. सी 86 गिरधारीपुरा पुलिस थाना करणी विहार जयपुर और विशाल शर्मा (निवासी म.नं. सी-03 गिरधारीपुरा पुलिस थाना करणी विहार जयपुर पश्चिम को गिरफ्तार किया।

# टंगड़ी मार के बुजुर्गों को लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर (म.सं.)।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने टंगड़ी मार के बुजुर्ग लोगों के साथ लूट की वारदात करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आया और फिर से वारदात करने के लिए सड़क पर उतर गया। आरपी के द्वारा की गई लूट की वारदात की जांच करने जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो कुछ ही दूसरी पर आरोपी दूसरी वारदात कर रहा था जिस पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और युवक को डिटेन किया। जिस पर पहले वाले पीड़ित ने उसे पहचान लिया जिस के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। एसएचओ विधायकपुरी बीएल मीणा ने बताया कि 15 अप्रेल को परिवहन मार्ग



पर बुजुर्ग के साथ मारपीट और लूट की वारदात हुई। जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची उसी दौरान बदमाश दूसरी वारदात को अंजाम दे रहा था जिस पर तत्काल पुलिस टीम ने रेस्पोंड किया और आरोपी को डिटेन कर लिया। आरोपी वर्ष 2016 में इसी प्रकार की वारदात के आरोप में जेल गया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उस ने आज तक सैकड़ों ऐसी लूट की वारदात को अंजाम दिया है।

## यूपी में काट रहे थे फरारी, बेटी के फोन बेचने पर पकड़ में आए

# तीन साल से फरार ठगी के आरोपी दंपती को किया गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**कोटा।** शहर के अनंतपुरा थाना पुलिस की कार्रवाई में टेक्नोलॉजी ने चोरों को सलाखों के पीछे भेज दिया। दरअसल, पुलिस ने पिछले 3 साल से करोड़ों रुपए की ठगी कर फरार चल रहे दंपती को गिरफ्तार किया है। पति-पत्नी पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। दो राज्यों में करीब 13 केस में इनकी तलाश थी।

कोटा शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने केस का



खुलासा किया। एसपी ने कहा आरोपी पवन जैन झालावाड़ में सरकारी शिक्षक था, उसे ऑनलाइन ट्रेडिंग का शौक था। शौक ने उसे कर्ज में डूबो दिया। लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करके परिवार के साथ जैन दंपती फरार हो गया था, पुलिस लगातार इन्हें पकड़ने की कोशिश कर रही थी। पवन जैन व उसकी पत्नी मैना देवी के खिलाफ कोटा व झालावाड़ में 5-5 मामले दर्ज हुए। कोटा रेंज आईजी के निर्देश पर आरोपियों की तलाश में टीम गठित की गई। लेकिन आरोपियों द्वारा अपने मोबाइल, बैंक अकाउंट बंद कर देने से कोई जानकारी नहीं मिली।

दोनों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट से स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी हुए। दिसंबर के महीने में दोनों आरोपियों को भगोड़ा घोषित करने के लिए पत्रावली एसपी ऑफिस भिजवाई गई थी। जिस पर एसपी ने अनंतपुरा थाना पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश जारी किए थे।

### फोन बेचने पर ट्रेस हुआ

आरोपी दंपती की गिरफ्तारी में पुलिस का मददगार पुराने मोबाइल फोन खरीदने वाला एप बना। दंपती की बेटी ने पुराना मोबाइल ऑनलाइन बेचा था। इस मोबाइल का पेमेंट किसी फर्जी अकाउंट पर लिया गया था, जबकि ओटीपी के लिए दंपती ने अपनी बेटी के मोबाइल नंबर दे रखे थे। तकनीकी खामी को जब पुलिस ने वेरिफाई किया तो उनके हत्थे यह ठग दंपती चढ़ गए।

### पति ट्यूशन व पत्नी सिलाई कर रही थी

आरोपी दम्पती वहां निर्माणाधीन बिल्डिंग में किराए से रह रहे थे। पवन जैन ट्यूशन पढ़ाकर व उसकी पत्नी सिलाई करके परिवार का गुजर बसर कर रहे थे। इससे पहले आरोपी दम्पती ने एक साल तक नागपुर में रहकर फरारी काटी।

## हत्याकांड के बाद आरोपी मौके से फरार

# लाठी से पीट-पीटकर पत्नी और युवक की हत्या

महानगर संवाददाता

**ब्यावर।** जिले के रायपुर मारवाड़ में बर थाना क्षेत्र के आसन गांव में एक घर की छत पर डंडे से पीट-पीटकर महिला और युवक की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि आरोपी महिला का पति है, जो फरार है। भागने से पहले आरोपी ने गांव के युवक से कहा था कि छत पर जाकर देख ले, मैंने उनको मार दिया है। सूचना पर जैतारण डीएसपी सत्येंद्र नेगी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। डीएसपी सत्येंद्र नेगी ने बताया कि मृतकों की पहचान निर्मलनाथ और शांति देवी पत्नी आशुनाथ के रूप में हुई है। घटना के बाद आशुनाथ फरार है। पुलिस मामले में अवैध संबंध के एंगल से जांच कर रही है। निर्मलनाथ के मामा बाबूनाथ ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि बुधवार सुबह 7:30 बजे गांव के रमेश नाथ ने बताया कि वह गांव में खेत पर गेहूं की फसल निकाल रहा था। इस दौरान वह तिरपाल लेने के लिए आशुनाथ के घर गया था। आशुनाथ ने तिरपाल देने से मना कर दिया और बोला कि ऊपर जाकर देख निर्मलनाथ को रात में हमने मार दिया। जब उसने छत पर जाकर देखा तो निर्मलनाथ और आशुनाथ की पत्नी शांति देवी का शव छत पर पड़ा था। रमेश ने तुरंत मुझे फोन पर सूचना दी।



### आरोपी को तलाश रही पुलिस

**बर** थाने के हेड कॉन्स्टेबल चेनाराम सैनी ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम करा दिया है। निर्मल का शव उसकी मां को सुपुर्द कर दिया है। वहीं शांति देवी के पीहर सूचना दी गई है। निर्मल के मामा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच के साथ आशुनाथ की तलाश की जा रही है। हत्या के कारण क्या रहे, इसकी जांच की जा रही है।

### झगड़े के बाद पत्नी छोड़ गई थी

बाबूनाथ ने बताया कि निर्मलनाथ गांव में घर पर अकेला रहता था। उसके पिता की 25 साल पहले मौत हो चुकी है। एक बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। निर्मल शादीशुदा था, लेकिन विवाद के बाद पत्नी पीहर चली गई थी। तब से वह गांव में मां के साथ रहता है। वह मजदूरी करता था। शांति देवी आशुनाथ की पत्नी थी। हालांकि हत्याकांड के बाद से ही आरोपी आशुनाथ मौके से फरार है।

# ढाई साल की बच्ची पर आवारा कुत्ते का हमला, गाल और जबड़ा नोंचा



महानगर संवाददाता

**अलवर।** अलवर के नगला समावधि के गांधीनगर इलाके में बुधवार को घर के बाहर खेल रही ढाई साल की बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर दिया। हमले में कुत्ते ने मासूम का आधा गाल फाड़ डाला, माथा, नाक नोंच ली। घटना के बाद ग्रामीणों ने लाठियों-डंडों से कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला। बताया जा रहा है कि कुत्ते ने मासूम बच्ची का मुंह अपने जबड़ों में दबोच लिया था। बच्ची के पिता कुछ दूरी पर खड़े थे, बच्ची के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनकर वे बच्ची की ओर दौड़े। पिता ने बच्ची के पैरों को पकड़कर खींचा, तब जाकर कुत्ते ने छोड़ा। मासूम का अलवर जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है, जहां उसके बाएं गाल पर 10 टांके लगाए गए हैं। इससे पहले इसी कुत्ते ने एक और व्यक्ति का कान काट खाया था।

### पिता से 10 फीट दूर थी मासूम

पिता राजकुमार ने बताया कि बुधवार सुबह वे और ढाई साल की बेटी ख्वाहिश घर के बाहर बैठे थे। कुछ सेकेंड उनका ध्यान ख्वाहिश से हटा तो वह थोड़ा दूर चली गई। उन्होंने कुत्ते के गुर्राने की आवाज सुनी तो तुरंत पलट कर देखा। ख्वाहिश और कुत्ता करीब 10 फीट दूर थे। कुत्ते ने ख्वाहिश का मुंह बुरी तरह जकड़ रखा था। राजकुमार ने बताया कि यह देख उनकी सांसें अटक गई, वे तुरंत कुत्ते की तरफ दौड़े और पहले उसे भगाने की कोशिश की। लेकिन, कुत्ता नहीं भागा तो उन्होंने बच्ची के पैर पकड़कर खींचे। इसके बाद 3 सेकेंड में कुत्ते ने ख्वाहिश का मुंह छोड़ दिया।

# चोरों ने आधा दर्जन दुकानों के तोड़े ताले, नकदी पर किया हाथ साफ



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** कृषि उपज मंडी समिति श्रीमाधोपुर और वहीं पर सब्जी मंडी में बीती रात चोरों ने जमकर तांडव मचाया। एक ही रात में छह दुकानों के ताले तोड़ दिए। इनमें सब्जी मंडी की पांच और कृषि मंडी की एक दुकान शामिल है। चोर लाखों की नकदी और माल लेकर फरार हो गए। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों में दो नकाबपोश बदमाश कैद हुए हैं, जो पेचकस और अन्य औजारों की मदद से अलमारियों और गल्लों के ताले तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया, लेकिन एक साथ इतनी बड़ी चोरी की वारदात ने मंडी में तैनात गार्डों की कार्यशैली और पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापारियों में भय का माहौल है और उन्होंने मंडी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। लगातार हो रही चोरियों से मंडी व्यवसायियों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार सब्जी मंडी में मंगलचंद मोतीराम फर्म के मालिक मोतीराम ने बताया कि चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर 37 हजार आठ सौ रुपए नकदी चुरा ले गए। भागीरथमल मोहनलाल फर्म के राकेश सैनी ने बताया कि चोरो ने उसकी दुकान से 7 हजार, बालाजी फ्रूट सब्जी मर्चेंट के व्यापारी खेमराज सैनी ने बताया कि चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर 30 हजार रुपए, श्री श्याम फ्रूट कंपनी के व्यापारी सुनील ने बताया कि उसकी दुकान का ताला तोड़कर 17 हजार रुपए और व्यापारी गिरधारीलाल ने बताया कि चोरों ने उसकी दुकान में रखे गल्ले से 15 हजार रुपए चुरा लिए। वहीं कृषि उपज मंडी समिति में स्थित अनाज व्यापारी बनवारी लाल चौधरी की दुकान से चोर करीब 40 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। इधर, चोरी की सूचना के बाद मौके पर एएसआई मालाराम, कांस्टेबल राजवीर सिंह पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।

## पिकअप देखकर भौंका तो गुस्साए ड्राइवर ने कुत्ते को कुचलकर मार डाला

**जयपुर (म.सं.)।** जयपुर में पिकअप ड्राइवर ने सड़क पर सो रही प्रेग्नेंट डॉग को कुचलकर मार डाला। घटना के बाद आरोपी पिकअप लेकर फरार हो गया। सुबह जब कॉलोनी वालों ने डॉग को मृत देखा तो सीसीटीवी फुटेज चैक किए। फुटेज में दिखा कि पिकअप को गली में आता देख एक कुत्ता भौंकने लगा। इस पर नाराज ड्राइवर ने उसे पिकअप से कुचलने की कोशिश की। इसके बाद सड़क पर लेटी प्रेग्नेंट डॉग पर पिकअप चढ़ा दी और निकल गया। घटना बुधवार सुबह 5 बजे की जयपुर के मुहाना थाना इलाके की है। हेड कॉन्स्टेबल देवेंद्र सिंह ने बताया कि लोगों की शिकायत पर पिकअप मालिक को फोन करके बुलाया गया है, लेकिन पिकअप ड्राइवर अभी तक थाने नहीं पहुंचा है। फिलहाल पुलिस ने पिकअप को सीज कर दिया। मुहाना इलाके के रहने वाले किशन सिंह ने बताया कि यह घटना उनके घर के सामने हुई। उनका घर महाराज किशन सिंह नगर में है। सुबह करीब 5 बजे दूध लेकर आई एक पिकअप के ड्राइवर ने जानबूझ कर सड़क पर सो रहे स्ट्रीट डॉग पर पिकअप चढ़ाने की कोशिश की। जिसे देख कर डॉग्स ने भौंकना शुरू किया। इसी दौरान आरोपी चालक ने पिकअप को जानकर एक गर्भवती डॉग पर चढ़ा दिया।

## आगे चल रही कार को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

# बस से टकराया तेज रफ्तार ट्रक, उछलकर सड़क पर गिरे पांच बाराती, 37 घायल

महानगर संवाददाता

**राजसमंद।** उदयपुर-राजसमंद हाईवे पर देलवाड़ा थाना इलाके में तेज रफ्तार ट्रक अचानक मुड़ा और सामने से आ रही बारात की बस से टकरा गया। हादसा नेगड़िया टोल नाके के पास बुधवार शाम 5:45 बजे हुआ।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में बैठे लोग उछलकर कई मीटर दूर जाकर गिरे। हादसे में 37 लोग घायल हो गए। सड़क पर गिरे और बस में फंसे घायलों को निकालकर हॉस्पिटल पहुंचाया गया। दुर्घटना में ट्रक ड्राइवर केबिन में बुरी तरह फंस गया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें नजर आ रहा है कि ट्रक अपने आगे चल रही कार को बचाने के चक्कर में अचानक रॉन्ग साइड में मुड़ गया और बस से टकरा गया। वीडियो में टक्कर के बाद बस में बैठे 5 लोग उछलकर बाहर गिरते दिखाई दे रहे हैं।

उदयपुर निवासी मनोज नायक पुत्र चुन्नी लाल की शादी आज राजसमंद के रहने वाले कालू राम नायक की बेटी पूजा से होनी है। दूल्हा और उसका छोटा भाई चंद्र प्रकाश (32) कार से जा रहे थे। वहीं, बारात आदर्श नगर यूनिवर्सिटी रोड, उदयपुर से 4:15 बजे बस से रवाना हुई थी। चंद्र प्रकाश नायक ने बताया कि बारात उदयपुर से राजसमंद के ताराखेड़ा खंडेल चौराहे के पास जा रही थी। भिड़ंत के समय 4-5 बाराती उछलकर बस से नीचे गिर गए। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बस से बारातियों को बाहर निकाला। देलवाड़ा पुलिस भी जाब्ता के साथ मौके पर पहुंची। बस में करीब 50 बाराती सवार थे, जिनमें से कुल 37 लोग घायल हो गए। इनमें 5 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को अनंता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।



### बस-ट्रक में फंसे ड्राइवरों को आधे घंटे की मशक्कत के बाद निकाला

**एसपी** मनीष त्रिपाठी ने घटना की जानकारी ली और श्रीनाथजी मंदिर और नाथद्वारा पुलिस थाने से भी घटना स्थल पर जाब्ता भेजा। हादसे में बस की एक साइड चकनाचूर हो गई, जबकि ट्रक का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। केबिन में ट्रक ड्राइवर बुरी तरह फंस गया। बस और ट्रक, दोनों के ड्राइवरों को आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की सहायता से बाहर निकाला।

## कार्रवाई | 924 ग्राम अफीम बरामद, 121 किलो डोडा-पोस्त भी किया जब्त

# अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जोधपुर पश्चिम डीएसटी एवं विवेक विहार थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई करते हुए 121 किलो डोडा पोस्त जब्त किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई में झंवर थाना पुलिस ने 924 ग्राम अफीम का दुध बरामद कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों कार्रवाइयों में लगभग 23 लाख रुपए की ड्रग्स



जब्त की गई है। शहर को ड्रग्स मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थानों क्षेत्रों में ड्रग्स पैडलर एवं पूर्व के चालानशुदा ड्रग्स माफिया पर कड़ी निगरानी रखी गई। पुलिस को सूचना मिली कि एक किया सेल्टॉस अवैध मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त है तथा भारी मात्रा में मादक पदार्थ सप्लाई करने के लिए जोधपुर शहर की तरफ आ रही है। सूचना पर जोधपुर पाली हाईवे पर पर नाकाबंदी की। इसी दौरान पाली रोड पर पाली की तरफ से एक तेज रफ्तार संदिग्ध गाड़ी आई जिसे रुकने का इशारा करने पर आरोपी नाकाबंदी तोड़ते हुए गाड़ी को भगा ले गये। पुलिस के पीछा करने पर आरोपी गाड़ी को सड़क किनारे बंद करके अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें 121 किलो डोडा पोस्त पाया गया जिसे बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। फरार हुए तस्करों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

### ये रहे टीम में शामिल

पुलिस की टीम में विवेक विहार थानाधिकारी दिलीप खदाव, उपनिरीक्षक प्रभारी डीएसटी जोधपुर पश्चिम पिन्टु कुमार, हैड कांस्टेबल साइबर सेल जोधपुर पश्चिम प्रेम चौधरी, हैड कांस्टेबल ओमाराम डीएसटी जोधपुर आदि शामिल रहे।

### अफीम का दूध सप्लाई करने आए दो आरोपी पकड़े

**वहीं** दूसरी कार्रवाई में झंवर थाना पुलिस ने पर थानाधिकारी झंवर मय टीम ने धवा से रणजीत सिंह पुत्र जीवण सिंह और शैलेन्द्र सिंह पुत्र जीवण सिंह निवासी मोड़ी जावद जिला नीमच मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मारवाड़ में अफीम का दूध सप्लाई करने आते रहते हैं और बुधवार को धवा के आप-पास गांव में अफीम का दूध सप्लाई करने जाएंगे। जिस पर सेवाला रोड धवा पर नाकाबंदी की। इसी दौरान दो लोग सेवाला रोड पर धवा की तरफ से आते दिखाई दिए। जिनको रुकवाकर चैक किया। उनके बैग की तलाशी ली गई तो रणजीत सिंह के पास प्लास्टिक की दो थैली में अफीम का दूध भरा मिला। जिनका तोल किया तो कुल 924 ग्राम अफीम का दूध मिला, जो अवैध रूप से परिवहन करते पाऐ जाने पर जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया व एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

### जमीनी स्तर पर राजनीतिक दलों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की पहल

## बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण शुरू, दो दिवसीय कार्यक्रम में बिहार के 280 बीएलए हुए शामिल



महानगर संवाददाता


**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने देश के राजनीतिक दलों की जमीनी स्तर पर भूमिका और भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इन दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) को प्रशिक्षण देने की पहल की है। आयोग के प्रशिक्षण संस्थान इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम), नई दिल्ली में बुधवार से बिहार के 10 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लगभग 280 बीएलए के लिए 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ इस नवाचार का शुभारंभ हुआ।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने अपनी तरह के पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित किया। इस आयोजन की परिकल्पना आयोग द्वारा 4 मार्च, 2025 को राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन के दौरान की गई थी। आयोग ने चुनाव प्रक्रियाओं में बीएलए के महत्व को रेखांकित करते हुए जोर दिया है कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951 निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 चुनाव संचालन नियम, 1961 और समय-समय पर आयोग द्वारा जारी मैनुअल, दिशा-निर्देशों और निर्देशों में उल्लिखित उनकी भूमिका को समझने और उसे निभाने में मदद करेगा। प्रशिक्षण के दौरान बीएलए को कानूनी ढांचे के अनुसार उनकी नामांकन अथवा नियुक्ति, भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही इन राजनीतिक हितधारकों को चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं और प्रक्रियाओं यथा मतदाता सूचियों की तैयारी, अद्यतन और संशोधन तथा इनसे जुड़े फॉर्म और प्रारूप आदि से भी परिचित कराया गया।

### राजस्थान में राजनीतिक दलों के 1,100 से अधिक प्रतिनिधियों ने बैठकों में लिया हिस्सा

**राजस्थान** में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने भी 28 मार्च को राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी। इसमें राजनीतिक दलों की ओर से बूथ लेवल अभिकर्ताओं (बीएलए) को नामित करने, चुनावी प्रक्रिया में उनकी भूमिका और प्रशिक्षण आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई थी। इस क्रम में आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के स्तर पर भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें 1,100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भागीदारी की।





# बाबा बौखनाग सुरंग होगा सिलक्यारा टनल का नाम, सीएम ने देखा ब्रेकथ्रू

- लगभग 853 करोड़ लागत की इस परियोजना से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के बीच की दूरी 26 किमी होगी कम
- 2023 में सिलक्यारा सुरंग निर्माण के दौरान 17 दिनों तक अंदर ही फंसे रह गए थे 41 श्रमिक

महानगर संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को सिलक्यारा सुरंग के ब्रेकथ्रू कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में सिलक्यारा सुरंग निर्माण के दौरान 41 श्रमिक 17 दिनों तक अंदर फंसे रह गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतर्गत सभी मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। सिलक्यारा सुरंग चारधाम यात्रा की दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना है। लगभग 853 करोड़ लागत की डबल लेन की इस सुरंग परियोजना की लंबाई 4.531 किलोमीटर है। सुरंग निर्माण से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के बीच की दूरी 26 किलोमीटर तक कम हो जाएगी, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा और समय की बचत होगी। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि होगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सिलक्यारा टनल ब्रेकथ्रू के अवसर पर परियोजना से जुड़े सभी इंजीनियरों, तकनीकी विशेषज्ञों, श्रमिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर न केवल उन्नत इंजीनियरिंग की सफलता का प्रतीक है, बल्कि आस्था और समर्पण की शक्ति का जीवंत उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि सिलक्यारा टनल अभियान दुनिया का सबसे जटिल और लंबा रेस्क्यू ऑपरेशन था। इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति ने मानवता और टीम वर्क की एक अद्भुत मिसाल कायम की। यह घटना तकनीकी और मानवीय संकल्प की वास्तविक परीक्षा थी, सभी ने एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाया। उन्होंने समस्त रेस्क्यू टीम, रैट माइनर्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सहयोगी संस्थाओं का भी इस अभियान को सफल बनाने में आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिलक्यारा अभियान पर पूरी दुनिया की नजरें थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और भारत सरकार के सहयोग के चलते राज्य सरकार ने इस चुनौतीपूर्ण अभियान को सफलता पूर्वक संचालित किया। इस रेस्क्यू अभियान में देश और दुनिया में उपलब्ध आधुनिक संसाधनों और विशेषज्ञों का भी सहयोग लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरंग में फंसे मजदूरों ने जिस धैर्य का परिचय दिया, इससे हमारा हौसला बढ़ा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टमटा, विधायक सुरेश चौहान, दुर्गेश्वर लाल, संजय डोभाल, प्रबंध निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग डॉ. कृष्ण कुमार, जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, एसपी सरिता डोभाल, जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने की घोषणाएं

- सिलक्यारा टनल का नाम बाबा बौखनाग के नाम पर किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गेंवला-ब्रह्मखाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा।
- बौखनाग टिब्बा को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।
- स्यालना के निकट हेलिपैड का निर्माण किया जाएगा।

### बाबा बौखनाग मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा



**मुख्यमंत्री** इस अवसर पर बाबा बौखनाग मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भी शामिल हुए। बौखनाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए देहरादून स्थित अपने घर से मुख्यमंत्री भेंट और पूजा सामग्री लेकर सिलक्यारा पहुंचे। सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के सकुशल रेस्क्यू के लिए मुख्यमंत्री ने स्वयं सिल्क्यारा अभियान के दौरान कैंप कर रेस्क्यू अभियान की निरंतर निगरानी और निर्देशन किया था। रेस्क्यू अभियान की सफलता के लिए मुख्यमंत्री ने बाबा बौखनाग से मन्नत मांगते हुए मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री ने बाबा बौखनाग से प्रदेश की खुशहाली और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि जब सुरंग के मुख पर बाबा बौखनाग को विराजमान किया, तभी फंसे हुए मजदूरों को बाहर निकाला जा सका। उस समय उन्होंने बाबा बौखनाग का भव्य मंदिर बनाने की घोषणा की थी। आज मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने से संकल्प भी पूरा हुआ है और श्रद्धालु भी बाबा बौखनाग का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि टनल निर्माण के दौरान 12 नवंबर को अचानक हुए भूस्खलन में 41 श्रमिक इस सुरंग में फंस गए थे। उस समय देशभर से लोग इन श्रमिकों की कुशलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे। उस अंधेरी सुरंग में, जहां उम्मीद की किरणें भी धूमिल हो रही थीं, बाबा बौखनाग ने पहाड़ों के रक्षक के रूप में शक्ति और विश्वास का संचार किया।

## विश्व प्रसिद्ध आमेर महल देख सकते हैं अमेरिकी उपराष्ट्रपति



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का भारत दौरे पर आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस दौरान वेंस अपने परिवार के साथ जयपुर भ्रमण पर भी आ सकते हैं। इसके चलते जयपुर में सुरक्षा एजेंसियों का मूवमेंट बढ़ गया है। हालांकि अभी अमेरिकी उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर कोई भी आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई है। दरअसल जयपुर में उपराष्ट्रपति वेंस की प्रस्तावित यात्रा 22 अप्रेल की बताई जा रही है। इस दौरान वे परिवार के साथ विश्व प्रसिद्ध जंतर-मंतर, आमेर महल भ्रमण पर जा सकते हैं। ऐसे में बुधवार को उनके प्रस्तावित आमेर महल के भ्रमण को लेकर यात्रा से जुड़े अमेरिका के डेलिगेशन, भारत सरकार के विदेशी मामलों के विभाग से जुड़े अधिकारी, विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां, पुलिस विभाग के अधिकारी और पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत ने आमेर महल, पन्ना मीना कुंड व अनोखी संग्रहालय का दौरा किया। इस दौरान पुरातत्व विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धरेन्द्र, आमेर महल अधीक्षक डॉ. राकेश छोलक भी मौजूद रहे।

**जयपुर एयरपोर्ट पर उतरे अमेरिकी हवाईजहाज:** अमेरिका के उपराष्ट्रपति के जयपुर भ्रमण से पहले सुरक्षा एजेंसियों का मूवमेंट बढ़ गया। जयपुर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अमेरिकी एयरफोर्स के दो विमानों की लैंडिंग हुई।

## राजस्थान उच्च शिक्षा में बने बेहतर: हरिभाऊ बागडे

### राज्यपाल ने ली विवि की विशेष समीक्षा बैठक

**जयपुर (म.सं.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत नवाचार अपनाते हुए नवीन उपकरणों के आविष्कार में भारत को अग्रणी बनाने, अधिक से अधिक पेटेंट स्वीकृत करवाने, पाठ्यक्रम में बौद्धिक क्षमता विकास के लिए विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए हैं। बागडे बुधवार को राजभवन में विश्वविद्यालयों की विशेष समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नई शिक्षा नीति को लागू किए जाने और 'नैक' एक्रीडिएशन के लिए विश्वविद्यालयों द्वारा की जा रही कार्यवाही के बारे में भी विशेष रूप से जानकारी ली तथा कहा कि राजस्थान के सभी विवि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान उच्च शिक्षा में बेहतर बने, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, इसके लिए यदि नियमों में और कानून में बदलाव की भी आवश्यकता पड़ी तो किया जाएगा। उन्होंने मातृभाषा में शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कारों से नई पीढ़ी को जोड़ने और नई शिक्षा नीति के आलोक में विश्वविद्यालयों को उत्कृष्ट पाठ्यक्रम तैयार कर अध्ययन-अध्यापन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी एवं उच्च शिक्षा विभाग के सचिव भानु प्रकाश अटरू ने भी विचार रखे।

### प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान कार्यक्रम के तहत राज्यस्तरीय कार्यशाला

# 'आजादी के समय बदलनी चाहिए थी शिक्षा नीति'

### राज्यपाल बागडे ने किया संबोधित

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** नई शिक्षा नीति में हर बालक का सर्वांगीण बौद्धिक विकास हो, इस बात पर फोकस किया गया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने नई शिक्षा नीति 2020 के नियमन पर कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा के विकास के लिए लगातार पैसा दे रही है।

कुलाधिपति राज्यपाल बागडे बुधवार को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान पीएम उषा कार्यक्रम के तहत 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : आपदा प्रबंधन एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली' विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें मैकाले की शिक्षा पद्धति से बाहर आना होगा। आजादी के समय ही भारतीय शिक्षा नीति बदल जानी चाहिए थी, लेकिन अब समय आ गया है। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में हमारे भारत में गुरुकुल होते थे, वहां विद्यार्थी को किसी विशेष ज्ञान का अध्ययन नहीं करवाकर, सभी विषयों का अध्ययन करवाया जाता था। वह गणितज्ञ भी होता था तो पहलवान भी होता था, उसे कला शिक्षा के साथ शस्त्र संचालन का भी ज्ञान दिया जाता था। बालक का सर्वांगीण बौद्धिक विकास किया जाता था। इससे वह बालक हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहता था। नई शिक्षा नीति में भी यही है। इसे 400 कुलपति और 1000 हजार शिक्षाविदों ने तैयार किया है। इस दौरान राज्यपाल ने सेवा भारती की ओर से किए गए कार्यों की सराहना की।

### प्राचीन ग्रंथों में दिए आपदा प्रबंध पर वक्ताओं ने दिए उद्धरण

**आपदा** प्रबंधन और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर चार सत्र आयोजित हुए। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता प्रोफेसर भगवती प्रसाद शर्मा ने भारतीय ज्ञान प्रणाली को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में सम्मिलित किए जाने संबंधी विषय पर भारतीय ज्ञान प्रणाली के वैज्ञानिक पक्ष को प्रस्तुत किया। दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख राजकुमार मटाले ने कहा कि आपदा प्रबंधन आपदा जितना ही पुराना है, इसीलिए इसका सामना करने के लिए उपाय भी उसी समय से तैयार किए गए थे। उन्होंने कहा कि ईसापूर्व 508-587 में वराहमीहिर संहिता में भूकंप के बारे में पूर्व अनुमान दिए गए हैं। उसी समय पक्षियों और पशुओं मे संकेत और प्रकृति के संकेत के अध्ययन को दर्शाया गया है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने कहा कि आपदा प्रबंधन को स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में शामिल करना होगा। हमारे प्राचीन ग्रंथों में आपदा प्रबंधन का ज्ञान छुपा है, इसे स्वच्छता अभियान की तरह जन आंदोलन बनाना होगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि राजस्थान को आपदा प्रबंधन में मॉडल स्टेट बनाया जाएगा।

### सेवा भारती और राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवकों को किया सम्मानित

**कार्यक्रम** में मुख्य वक्ता भगवती प्रसाद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख राजकुमार मटाले ने आपदा प्रबंधन में पिछले सालों में किए गए कार्यों के लिए सेवा भारती और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर 91 स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। राज्यस्तरीय पुरस्कार भी प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि संघ एवं सेवा भारती की ओर से 80 हजार से अधिक कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल एवं उपमुख्यमंत्री ने सेवा भारती की ओर से जारी आपदा प्रबंधन पर पुस्तक 'राष्ट्रीय सेवा साधना -आपदा प्रबंधन' का विमोचन किया गया।

## आरजीएचएस के लिए आधार जरूरी, जब तक नहीं बने तब तक अन्य दस्तावेज भी मान्य

**जयपुर (म.सं.)।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों के लिए आधार के जरिए वेरिफिकेशन जरूरी कर दिया गया है। यदि किसी के पास आधार नंबर नहीं है तो उसे यह प्रमाण देना होगा कि उसने आधार के लिए आवेदन कर दिया है, हालांकि जब तक आधार बनकर नहीं आता, तब तक ऐसा कोई भी सरकारी दस्तावेज जिस पर संबंधित का फोटो हो और जिससे उसकी पहचान साबित हो, उसे स्वीकार कर लिया जाएगा।

वित्त विभाग की ओर से इस बारे में जारी आदेश में कहा गया है कि आरजीएचएस का लाभ उठाने वाले सभी सरकारी कर्मचारी, पेंशनर्स, मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद और उनके आश्रितों के लिए आधार वेरिफिकेशन जरूरी होगा। यदि किसी के पास आधार नंबर नहीं है तो उसे आधार के लिए आवेदन करना होगा और यह दस्तावेज देना होगा कि उसने आधार के लिए आवेदन कर दिया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि दस्तावेज के अभाव में किसी भी बच्चे का उपचार रोका नहीं जाएगा या उसे उपचार से मना नहीं किया जाएगा।

## एयरफोर्स के मार्शल अर्जन सिंह की जयंती मनाई



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एयरफोर्स स्टेशन जयपुर के सामने स्थित जलमहल पर 15 अप्रेल को मार्शल ऑफ द एयरफोर्स और पद्म विभूषण से सम्मानित अर्जन सिंह की 106वीं जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। समारोह में उनके परिवारजन, वीरता पुरस्कार विजेता, प्रतिष्ठित नागरिक, एनसीसी कैडेट और स्कूली बच्चे शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में एमआईएएफ अर्जन सिंह के योगदान को प्रदर्शित किया गया और भारतीय वायु सेना के गौरवशाली अतीत पर प्रकाश डाला गया। समारोह में एयर वॉरियर्स सिम्फनी ऑर्केस्ट्रा द्वारा प्रदर्शन भी शामिल था। ऑर्केस्ट्रा के प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर के पुलिस आयुक्त बीजू जोसेफ जॉर्ज थे तथा विशिष्ट अतिथि एयर मार्शल



अकेती सुरेश थे। एयरफोर्स स्टेशन, जयपुर के स्टेशन कमांडर ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज ने भारतीय वायुसेना की विरासत को आकार देने में एमआईएएफ अर्जन सिंह की असाधारण भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान उनके नेतृत्व के लिए उन्हें वायुसेना के मार्शल की प्रतिष्ठित उपाधि मिली। इस अवसर पर युद्ध के सेनानियों को सम्मानित भी किया गया।

### नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल पर चार्जशीट का विरोध

# कांग्रेस का देशभर में ईडी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

### केरल में वाटर कैनन से प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। इसके विरोध में पार्टी देशभर में ईडी दफ्तरों के बाहर बुधवार को विरोध-प्रदर्शन किए गए। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। केरल में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वाटर कैनन चलाकर खदेड़ा गया। मामले की सुनवाई 25 अप्रेल को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में होगी। कोर्ट ने ईडी से मामले की केस डायरी भी मांगी है। 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ इस मामले की शिकायत की थी। 12 अप्रेल 2025 को जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। ईडी ने दिल्ली, लखनऊ और मुंबई में 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया था। इससे पहले मंगलवार को ही सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा प्रवर्तन निदेशालय के ऑफिस पहुंचे। जहां उनसे गुरुग्राम के शिकोहपुर लैंड घोटाले में पूछताछ हुई। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री शाह धमकाने का काम कर रहे हैं।

## राजकोट में सिटी-बस ने 7 को रौंदा, 4 की मौत

### सड़कों पर उतरे लोग बिफरे, हालात काबू करने पुलिस ने किया लाठीचार्ज

महानगर संवाददाता

**राजकोट।** राजकोट में इंदिरा सर्किल के पास बुधवार सुबह एक लापरवाह सिटी बस चालक ने कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे से गुस्साए लोगों की भीड़ ने बस में तोड़फोड़ की और भारी हंगामा किया। लोगों ने बस ड्राइवर को पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों के साथ ड्राइवर को भी सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

हालात बेकाबू होने पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि सिग्नल खुलने पर सभी वाहन धीमी गति से आगे बढ़ रहे थे। इसी बीच अचानक पीछे से एक सिटी बस आई और लोगों को टक्कर मारते आगे बढ़ गई। बस ने 7-8 लोगों को अपनी चपेट में लिया, जिनमें से 3



की मौके पर ही मौत हो गई। राजकोट शहर पुलिस आयुक्त ब्रजेश कुमार झा, संयुक्त पुलिस आयुक्त महेंद्र बागडिया, डीसीपी ट्रैफिक पूजा यादव, डीसीपी क्राइम पार्थराजसिंह गोहिल के साथ ही गांधीग्राम, विश्वविद्यालय, मालवीय, क्राइम ब्रांच, एसओजी पुलिस और विधायक डॉ. दर्शिता शाह भी घटनास्थल पर पहुंचे।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25